वैशाख मास, कृष्ण पक्ष 10, वर्ष 11, अंक 352, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, शनिवार, 15 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



अन्दर : अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट पर रहेगा शुभमन गिल का दबदबा



अन्दर : पाठ्य पुस्तकों के 'रेशनेलाईजेशन' के मायने

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# अप्रासंगिक हो चुके 2000 कानून खत्म किए

## गुवाहाटी हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में कहा कि हमारे यहां के कई कानूनी प्रावधान ब्रिटिश काल से चले आ रहे हैं। कई ऐसे कानून हैं, जो अप्रसंगिक हो गए हैं। सरकार के स्तर पर हम इनकी निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। हमने ऐसे दो हजार केंद्रीय कानूनों की पहचान कर उनको खत्म कर दिया है। ऐसे 40 हजार से ज्यादा कंप्लांसिस को भी समाप्त कर दिया है। व्यापार के दौरान आने वाली दिक्कतों को भी दूर किया। सरकार ने केसों को करने में भी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने कहा, टेक्नोलॉजी आज एक पॉवर टूल बनकर उभरी है। सरकार हर क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का हर संभव उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गुवाहाटी हाई कोर्ट ऐसे समय में समय में 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, जब देश की आजादी के भी 75 वर्ष पूरे होना का जश्न मना रहा है। हमारे लिए यह अभी तक के अनुभवों को सहेजना का भी समय है और नये



लक्ष्यों के लिए जवाबदेही और जरूरी बदलावों का भी महत्वपूर्ण पड़ाव है। गुवाहाटी हाई कोर्ट की एक अलग विरासत और अपनी एक पहचान रही है। एक ऐसा हाई कोर्ट जिसका दायरा सबसे बड़ा है। असम के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, मिजोराम और नगालैंड यानी तीन अन्य राज्यों की भी सेवा करते हैं। 2013 तक तो सात राज्यों पूर्वोत्तर के साथ राज्य आते थे। इसलिए इन 75 वर्षों के उत्सव में पूरे पूर्वोत्तर की विरासत जुड़ी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा, 21वीं सदी में हर भारतवासियों के सपने और आकाक्षाएं असीम हैं। इनकी पूर्ति में लोकतंत्र के एक स्तंभ के रूप में हमारी सशक्त और संवेदनशील न्यायपालिका भी भूमिका भी उतनी ही अहम है। हम अपने समाज के लिए वाइब्रेंट, सशक्त और आधुनिक न्याय सिस्टम बनाएं। सपनों को पूरा करने के लिए तीनों अंगों की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही पुराने और अनुपयोगी कानूनों को निरस्त करने की भी जिम्मेदारी है।

### बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती है। हमारे संविधान के निर्माण में बाबा साहेब की मुख्य भूमिका रही है। संविधान में समाए समानता और समरसता के मूल्य ही आधुनिक भारत की नींव है। मैं इस पुण्य अवसर पर बाबा साहेब के चरणों में भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आज 21वीं सदी में हर भारतवासी के सपने और उसकी आकांक्षाएं असीम हैं। इनकी पूर्ति में लोकतंत्र के एक स्तम्भ के तौर पर हमारी सशक्त और संवेदनशील न्यायतंत्र की भूमिका भी उतनी ही अहम है।

## श्रेय के भूखे लोगों ने देश का अहित किया

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में एम्स का उद्घाटन किया। उन्होंने पूर्वोत्तर के पहले एम्स को देश को समर्पित किया। इसके अलावा उन्होंने तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों का भी उद्घाटन किया। इसमें गुवाहाटी स्थित कोकराझार, नलवारी और नगांव महाविद्यालय और चिकित्सालय शामिल हैं। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला मई 2017 में पीएम मोदी ने ही रखी थी। इसे 1120 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसके अलावा पीएम ने असम को 14300 करोड़ रुपये की सौगात दी। इसके अलावा उन्होंने असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट (एएएचआईआई) का शिलान्यास किया और पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) कार्ड वितरित करके आपके द्वार आयुष्मान अभियान की शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि आज कल नई बिमारी देखने को मिल रही है। मैं देश में कहीं भी जाता हूं और 9 वर्षों में हुए विकास की चर्चा करता हूं तो उससे कुछ लोगों को परेशानी हो जाती है। वह शिकायत करते हैं कि दशकों तक उन्होंने भी देश पर राज किया, उन्हें श्रेय क्यों नहीं मिलता। श्रेय के भूखे लोगों और जनता की राज करने की भावना ने देश का बहुत अहित किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकारों में नीति, नीयत और निष्ठा किसी स्वार्थ से नहीं बल्कि 'राष्ट्र प्रथम, देशवासी प्रथम' इसी भावना से हमारी नीतियां तय होती हैं। इसलिए हमने वोटबैंक की बजाए देश की मुश्किलों को कम करने पर ध्यान दिया। हमने लक्ष्य बनाया कि हमारी बहनों को इलाज के लिए दूर ना जाना पड़े। हमने तय किया कि किसी गरीब को पैसे के अभाव में अपना इलाज न टालना पड़े। हमने प्रयास किया कि हमारे गरीब परिवारों को भी घर के पास ही बेहतर इलाज मिले।

### साधा निशाना

**असम को दी 14,300 करोड़ की सौगात**

# जम्मू-कश्मीर में फुटब्रिज गिरा, 80-85 घायल

### हादसा

**25 लोगों की हालत गंभीर, बैसाखी उत्सव के दौरान हादसा हुआ**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में शुक्रवार को बैसाखी उत्सव के दौरान एक फुटब्रिज गिर गया। हादसे में 80-85 लोग घायल हुए हैं, जिसमें से 20-25 की हालत गंभीर है। पुलिस और अन्य टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। घटना चेनानी ब्लॉक के बैन गांव की है। उधमपुर के चेनानी नगर पालिका के अध्यक्ष माणिक गुप्ता ने बताया कि इस दुर्घटना में 80-85 लोगों को चोटें आई हैं। जबकि 20-25 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। 6-7 लोगों को हमने जिला अस्पताल रेफर किया है। उधमपुर के एसएसपी डॉ. विनोद ने हादसे के बारे में जानकारी दी है। हादसे के वीडियो भी सामने आ रहे हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि फुटब्रिज पर बड़ी संख्या में लोग चढ़े हैं। वहीं, पुलिस की टीम भी मौके पर नजर आ रही है।रिपोर्ट्स के मुताबिक उधमपुर के बैन गांव में बैसाखी पर मेले का आयोजन होता है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस बार



भी मेले में काफी भीड़ उमड़ी। इस दौरान ब्रिज पर ज्यादा लोगों के चढ़ने से हादसा हो गया। दावा किया जा रहा है कि फुटब्रिज को इलाके के लोगों ने ही पैसे जमा कर बनवाया था। गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को शाम करीब 6.30 बजे केबल सस्पेंशन ब्रिज टूटने से करीब 400 लोग मच्छु नदी में गिर गए थे। हादसे में करीब 91 लोगों की मौत हुई। मरने वालों में 50 से ज्यादा महिलाएं और बच्चे थे। जबकि 70 से ज्यादा लोग घायल हुए।

# बाबा साहेब का सपना पूरा कर रही सरकार

### बोले सीएम योगी

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा संविधान बनाकर उन्होंने एक नये युग का सूत्रपात किया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर न केवल भारत बल्कि दुनिया के सभी दमितों, शोषितों और वंचितों की आवाज हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए दुनिया का सबसे बड़ा संविधान बनाकर उन्होंने एक नये युग का सूत्रपात किया। एक बयान के मुताबिक योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आंबेडकर महासभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान ये बातें कही। इससे पूर्व उन्होंने हजरतगंज स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें राज्य सरकार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब



ने दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा की डिग्री हासिल की, उसके बावजूद उन्हें उन विकृतियों और सामाजिक कुरीतियों का सामना करना पड़ा, जो भारतीय समाज को सदैव कमजोर करती रहीं। उन्होंने कहा कि मगर उनकी परवाह न करते हुए वंचितों की आवाज बनकर तथा उन्हें अपनी आवाज की धार देकर आंबेडकर ने उनकी लड़ाई को लड़ने का कार्य किया जिसका प्रभाव है कि पूरा देश सदैव कृतज्ञ भाव से उन्हें नमन करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब के नाम पर इस देश में राजनीति तो बहुत से लोगों ने की, मगर उनके सपनों को साकार करने का कार्य केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

## यूपी में लोकतंत्र की उड़ रही धज्जी : डिंपल

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी पहुंची सपा सांसद डिंपल यादव ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने असद के एनकाउंटर पर कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सरकार मनमानी पर उतारू है। कहा कि जनता ये सब देख रही है। जल्द ही इसका माकूल जवाब देगी। सांसद डिंपल यादव शहर के मोहल्ला छपट्टी में आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार फेक एनकाउंटर किए जा रहे हैं, जो न्याय संगत नहीं है। कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र कुछ नियमों और कानूनों से चलता है। लेकिन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नियम और कानून को किनारे करके सरकार मनमानी पर उतारू हो गई है।

# बघेल ही होंगे छत्तीसगढ़ सीएम चेहरा

### कांग्रेस का दांव

**बस्तर की रैली में प्रियंका का इशारा**

**पूरी आदिवासी बेल्ट पर नजर आएगा प्रियंका का प्रभाव**

**प्रियंका के साथ दो राज्यों में काम चुके हैं सीएम बघेल**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उलझन खत्म हो गई है। आगामी चुनाव में पार्टी ने उनपर अपना पूरा भरोसा जता दिया है और ये संकेत दे दिया है कि अगला विधानसभा चुनाव भी उनके ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा। प्रियंका गांधी ने बस्तर के मंच से बघेल सरकार की न केवल जमकर तारीफ की बल्कि इशारों ही इशारों में ये बता दिया कि बघेल ही फिर से मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। प्रियंका गांधी ने बघेल के धुर विरोधी माने जाने वाले मंत्री टीएस सिंहदेव की मौजूदगी में कहा, 'मुख्यमंत्री कभी इधर-उधर की बात नहीं करते। वे कभी नकारात्मक बात या किसी की चुगली नहीं करते'। प्रियंका के इस इशारे पर सियासी गलियारों में कई मतलब निकाले जा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि आगामी चुनाव में बघेल ही सीएम का चेहरा होंगे। क्योंकि हाईकमान को उन पर भरोसा है। वहीं सीएम का भी राहुल-प्रियंका के साथ अच्छा तालमेल है। गुरुवार को एक दिवसीय प्रवास पर बस्तर पहुंचीं प्रियंका गांधी सीएम बघेल के साथ दंतेश्वरी मंदिर पहुंची। यहां माता के दर्शन के बाद लालबाग में मौजूद नेहरू मंच का अवलोकन करने के साथ झीरम घाटी स्मारक में शहीद कांग्रेसियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आंबेडकर चौक में आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस महासचिव ने सभा स्थल पर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रियंका गांधी ने आदिवासी ग्रामीण महिलाओं से बातचीत की और बस्तर में वनोपज से तैयार किए जाने वाले प्रोडक्ट देखने के साथ स्वाद चखा और उसकी तारीफ भी की। उन्होंने बस्तर काफी का स्वाद भी चखा, भरोसे का सम्मेलन सभा स्थल में अपने संबोधन में प्रियंका गांधी ने कहा कि साढ़े चार साल में बस्तर बदल चुका है। यह कांग्रेस सरकार बनने के बाद ही मुमकिन हुआ है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बेहतर काम कर रहे हैं। प्रदेश के राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बस्तर के आदिवासियों के लिए प्रियंका गांधी केवल एक कांग्रेस नेता नहीं, बल्कि इंदिरा की पोती भी हैं। लिहाजा आदिवासियों का भावनात्मक लगाव भी प्रियंका गांधी से जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ में इस वक्त बस्तर लोकसभा समेत विधानसभा की सभी 12 सीटों में कांग्रेस के विधायक हैं और पार्टी इस बात को बखूबी जानती है कि सत्ता तक जाने की राह आदिवासी बाहुल्य बस्तर से होकर ही गुजरती है। इससे पहले गांधी परिवार से इंदिरा, राजीव, सोनिया और राहुल गांधी भी बस्तर आ चुके हैं।




# पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण संगप्पा कांग्रेस में शामिल

बंगलुरू। कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण संगप्पा सावदी कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने हाल ही में भाजपा से किनारा किया था। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने इस बात का दावा किया है। इस बीच खबर है कि कर्नाटक के पूर्व एमएलसी और कांग्रेस नेता रघु आचार ने जनता दल (सेक्यूलर) का दामन थाम लिया है। उन्होंने एचडी कुमारस्वामी की मौजूदगी में जेडीएस से हाथ मिलाया।



जानकारी के मुताबिक, लक्ष्मण संगप्पा बेलगाम से बेंगलुरु पहुंचे। उनके लिए एक विमान बुक किया गया था। यह बुकिंग कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष के नाम पर की गई थी। बेंगलुरु पहुंचते ही उन्होंने डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात की। कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी के साथ बैठक पर कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि मेरी लक्ष्मण सावदी के साथ बहुत लंबी बैठक हुई। वह इखढ से इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी में आ गए हैं। कोई शर्त नहीं है, वह बहुत वरिष्ठ नेता हैं, उन्हें लगता है कि उन्हें इखढ में अपमानित किया गया है और ऐसे नेता को कांग्रेस पार्टी में लेना हमारा कर्तव्य है।




# शराब घोटाले की आंच केजरीवाल तक पहुंची

**दिल्ली शराब घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल से भी होगी पूछताछ**

**सीबीआई ने 16 अप्रैल को बुलाया**

**दिल्ली सीएम को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया, संजय सिंह बोले- पता था अगला नंबर केजरीवाल का है**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने 16 अप्रैल सुबह 11 बजे बुलाया है। जानकारी सामने आ रही है कि केजरीवाल से भी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले को लेकर सवाल जवाब करेगी। अब यह बात भी सामने आ रही है कि केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में शामिल होंगे। सीबीआई द्वारा केजरीवाल को पूछताछ के नोटिस भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी की ओर से पहली



प्रतिक्रिया देते हुए सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर लिखा, अत्याचार का अंत जरूर होगा। उन्होंने इस मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मैंने अरविंद केजरीवाल से पहले ही कह दिया था कि जेल जाने का अगला नंबर आपका है। ये लोग (बीजेपी) मोदी जी का भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कुछ भी करेंगे और आज सीबीआई का समन आ गया। संजय सिंह ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि आपने देश का पैसा अपने दोस्त (अडानी) के बिजनेस को बढ़ाने के लिए लगाया है। केजरीवाल के खिलाफ साजिश रची गई। लेकिन इस साजिश के खिलाफ केजरीवाल की लड़ाई रुकेगी नहीं। आपने जो लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला किया है उसके बारे में देश के हर कोने में जाकर बताना जरूरी है।

जिस केजरीवाल ने दिल्ली को स्वच्छ पानी, मुफ्त बिजली और बेहतर शिक्षा दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी मुहिम थमने वाली नहीं है। आपने अपने दोस्त के साथ मिलकर लाखों करोड़ों का घोटाला किया। उसे दबाने के लिए ये गिरफ्तारी की साजिश रच रहे हैं। केजरीवाल पहले भी आपसे लड़ते रहे हैं और आगे भी आपसे लड़ते रहेंगे। आगे भी भ्रष्टाचार के खिलाफ ये मुहिम जारी रहेगी। ये तमाम लड़ाइयां आगे भी जारी रहेंगी। इससे ने दिल्ली वालों का काम रूका न और न वो झुके।

# राहुल गांधी ने खाली किया सरकारी बंगला

### नोटिस का पालन

**मां सोनिया के घर में रहेंगे सामान शिफ्ट किया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सांसद के तौर पर मिले 12 तुगलक लेन स्थित सरकारी आवास को खाली कर दिया है। केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसदी जाने के बाद उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस मिला था। इसके लिए उन्हें 22 अप्रैल तक की तारीख दी गई थी, लेकिन राहुल गांधी ने पहले ही उसे छोड़ दिया। राहुल गांधी के घर का सामान यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी के आवास पर शिफ्ट किया गया है। शुक्रवार शाम को कई ट्रक 12 तुगलक लेन स्थित राहुल गांधी के आवास पहुंचे और वहां से उनके सामान को लादकर सोनिया गांधी के घर पर छोड़ा गया। मोदी सरनेम पर 2019 में आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को बीते महीने ही सूरत की अदालत ने दोषी ठहराते हुए



दो साल की सजा सुनाई थी। इस सजा के बाद राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता चली गई थी और इसके बाद उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस मिला था। राहुल गांधी ने इस सजा को सूरत की ही सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई हुई, लेकिन अब भी इस पर बहस जारी है।

# ट्रेन में लोअर बर्थ पाना होगा मुश्किल

### रेलवे का फैसला

**अब चुनिंदा यात्रियों के लिए होगी रिजर्व**

**यह सुविधा देश भर में चलने वाली सब ट्रेनों के लिए नहीं**

**नई दिल्ली।** कई बार ट्रेन में सफर लंबा होने के कारण काफी तकलीफों भरा होता है, इसलिए ट्रेन का सफर आरामदायक बनाने के लिए लोग लोअर बर्थ प्रेफर करते है। किसी भी विकलांगता वाले यात्रियों के लिए लंबी यात्राएं अधिक कठिन हो सकती हैं। अब भारतीय रेलवे दिव्यांगों के लिए नया कदम उठाने जा रहा। भारतीय रेल दिव्यांगों की यात्रा आरामदायक बनाने के लिए ट्रेनों में लोअर बर्थ को उनके लिए रिजर्व कर दिया। हालांकि यह नई शुरूआत देश भर में चलने वाली सभी तरह की ट्रेनों के लिए नहीं है। कुछ खास ट्रेनों में यात्रा के दौरान विकलांग यात्रियों और उनकी देखरेख करने वालों को लोअर बर्थ चुनने में प्राथमिकता दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रेलवे ने इन यात्रियों के लिए लोअर बर्थ में चार सीटें अलॉट की हैं। नए बदलाव के अनुसार अब स्लीपर क्लास में चार बर्थ- दो लोवर और दो मिडिल दिव्यांगों और उनके साथ आने वाले अटेंडेंट के लिए रिजर्व होंगी। वहीं एसी 3 टियर में 2 बर्थ 1 लोअर बर्थ और 1 मिडिल बर्थ रिजर्व रहेगी। भारतीय रेलवे के इस नए फैसले से दिव्यांग यात्री अधिक आराम और आसानी के साथ ट्रेन यात्रा का आनंद ले पाएंगे।

## डॉग ने आंध्र के सीएम का पोस्टर फाड़ा, रपट

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में एक डॉग के खिलाफ मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी का पोस्टर फाड़ने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसकी शिकायत तेलुगु देशम समर्थक दसारी उदयश्री नाम की महिला ने विजयवाड़ा पुलिस स्टेशन में की है।

उदयश्री ने अपनी शिकायत में कहा कि यह मुख्यमंत्री का अपमान है। डॉग और उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, जिन लोगों ने उसे उकसाया और अब वीडियो वायरल कर रहे हैं। इस वाकये का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि डॉग ने दीवार पर लगे रेड्डी के पोस्टर को पहले निकाला और फिर ले जाकर फाड़ दिया। वहीं शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि जगन मोहन रेड्डी के लिए उनके मन में सम्मान है, लेकिन आंध्र प्रदेश में एक कुत्ता उनका अपमान कर रहा है।

# असद के मददगारों को एसटीएफ ने उठाया

### कार्रवाई

**असद की प्रयागराज में खुदी कब्र पुलिस की निगरानी में आज सुपुर्दे-खाक किये जायेंगे शव**

**बड़ागांव इलाके से एसटीएफ ने असद को छिपने में मदद करने वालों को दबोचा, गाड़ी भी दी थी**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के बेटे असद का शव कल दफनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि असद का शव देर रात प्रयागराज पहुंचेगा। उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे पांच लाख के इनामी अतीक के बेटे असद अहमद और शूटर गुलाम को गुरुवार को एसटीएफ ने एनकाउंटर में मार गिराया। असद के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है और अभी तक उसका शव लेने कोई नहीं पहुंचा। बताया जा रहा है कि एनकाउंटर में मारे गए असद का शव उसके दादा की कब्र के पास दफनाया जाएगा। एनकाउंटर की सूचना के बाद पुश्तैनी आवास पर लोगों की भीड़ जुट गई। सगे संबंधियों के आने का क्रम देर रात तक चलता रहा। इस बीच मौके पर पुलिस भी पहुंची, थोड़ी देर पूछताछ के बाद पुलिस लौट गई। वहीं वहीं एसटीएफ ने झांसी के बड़ागांव से दो लोगों को हिरासत में लिया है । कई मीडिया रिपोर्ट्स में अतीक की रिमांड कॉपी में लिखी बातें सामने आ रही हैं। इसमें बताया जा रहा है कि अतीक ने कबूल कर लिया है कि उसी ने जेल में बैठकर हत्या की साजिश रची थी। उसने शाइस्ता को भी नया मोबाइल और सिम लेने को कहा था। इसके साथ ही दावा किया जा रहा है कि अतीक ने कहा है कि उमेश पाल के अंगरक्षकों पर जो हमला हुआ उसकी पहले से तैयारी कर ली गई थी। यह पहले से तय था कि पहले गनर को गोली मारी जाएगी फिर उमेश पाल को। मुठभेड़ में मार गिराया गए पांच लाख के इनामी बदमाश असद और शूटर गुलाम के मददगार के तौर पर एसटीएफ ने बड़ागांव इलाके से दो लोगों को उठाया है। पूछताछ के लिए एसटीएफ पहले उनको बड़ागांव थाने ले आई। यहां से उनको फिर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। पुलिस का कहना है असद यहां पिछले दो दिन से छिपा हुआ था। उसको यहां छिपने में इन लोगों ने मदद की थी। इन लोगों ने उसको छिपने की जगह दिलाने के साथी एक गाड़ी भी उपलब्ध कराई थी। एसटीएफ उनसे अतीक और उमेश पाल हत्याकांड में फरार अन्य लोगों के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।



### शूटर गुलाम का शव लेने से परिवार ने किया मना

असद के साथ एनकाउंटर में मारा गया गुलाम हसन भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष राहिल हसन का भाई है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद राहिल हसन को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था और करीब 14 दिन तक पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया था। गुलाम की मुठभेड़ में मौत के बाद उसके भाई राहिल हसन ने कहा कि वह गुलाम हसन का शव नहीं लेंगे। वह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। उसने हमारे परिवार की छवि को मिट्टी में मिलाने का कार्य किया है। इसलिए हम उसके शव को नहीं लेंगे।

# तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को रौंदा, दर्दनाक मौत

**फूलपुर।** फूलपुर सब्जी मंडी के सामने फल खरीद रहे युवक को तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने रौद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही पिकअप चालक सब्जी मंडी के सामने लगे फल के ठेलों को रौंदते भागने लगा। ग्रामीणों ने किसी तरह पकड़कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के बौड़ई (नोनईया) गांव निवासी रामजी 22 पुत्र राज करन शुक्रवार सुबह 8 बजे इफको पुलिस चौकी अंतर्गत सराय अब्दुलमलिक स्थित नवीन सब्जी मंडी से सब्जी खरीदने गया था। सब्जी खरीदने के बाद प्रयागराज गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे फल के ठेलों से अभी वह फल खरीद ही रहा था कि फूलपुर की तरफ से तेज रफ़्तार आ रही पिकअप ने उसे रौद दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान बूल्लू पुत्र इस्माइल भी गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने भाग रहे पिकअप को पकड़ कर चालक सहित पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया । मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।


घटना के बाद रोते बिलखते हुए परिजन

### सड़क किनारे लगे ठेलों के कारण होती हैं दुर्घटनाएं

फूलपुर तहसील से लेकर इफको व बाबूगंज बाजार में सड़क किनारे लगे ठेलों से जहां जाम की स्थिति बनी रहती है वहीं आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। मंडी के पास हुई घटना देख सब्जी मंडी के सामने दर्जनों फलों की दुकानें एकाएक गायब हो गई।

## पिता को बंधक बनाकर युवती से दुष्कर्म की कोशिश, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में आधा दर्जन उवको ने घर में घुस कर पिता को बंधक बनाकर युवती को जमीन पर पटक करा दुष्कर्म करने की कोशिश किए विरोध पर युवती को कुल्हाड़ी से मार कर उसके पिता और छोटी बहन को भी पीटे पुलिस को फोन करने पर आरोपी गालियां देते हुए भाग गए। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक युवती का आरोप है कि वह घर पर काम कर रही थी। तभी गांव के आधा दर्जन युवक उस के घर मे घुस आए उसके पिता को बंधक बनाकर बदनियती के इरादे से उसको पकड़ कर जमीन पर पटक दिए और दुष्कर्म करने की कोशिश किए। युवती का आरोप है कि जब उसने शोर मचाते हुए विरोध किया तो उसे कुल्हाड़ी से सिर पर मार दिए तथा उसके पिता और छोटी बहन को भी मार पीटे। युवती द्वारा पुलिस को सूचना देने पर गालियां देते हुए भाग गए। युवती ने थाने में तहरीर दी कर बादलपुर गांव निवासी छोटे ,शहजादे, तबरेज, फैज, सलमान, कम्मू के खिलाफ मऊआइमा थाने में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।


रैली में शामिल लोग

## मऊआइमा में अंबेडकर जयंती पर निकाली गई भव्य रैली

**मऊआइमा।** बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मऊआइमा में भव्य रैली निकाली गई। संविधान रचयता डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती पर मऊआइमा क्षेत्र में भव्य रैली निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया, बाबा साहेब अमर रहे के नारों से ग्रामीण क्षेत्र गुजयमान रहा।यह रैली मोहम्मदपुर से निकल कर बाबा साहब की जीवन पर चर्चा करते हुए मोहम्मदपुर से होते हुए तिलई बाजार, मोहन का पूरा, दमोदरपुर, नीगिरा, अलीपुर से होते हुए मलखानपुर ,भले का वन आदि स्थानों पर होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची। इस अवसर पर महेंद्र सरोज, संतोष बौद्ध, ओमप्रकाश बौद्ध, रवि पटेल, अनिल पटेल, सुनील, विशाल, सोनू, लोकेंद्र, गुलशन आदि बडी संख्या में बाइकों और चार पहिया वाहनों से लोग शामिल हुए।

# अशोक त्रिपाठी को किया गया सेवा से बर्खास्त


अशोक त्रिपाठी

**नैनी।** शुआट्स के मीडिया प्रभारी एस0बी0 सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एण्ड पावर इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डा. अशोक त्रिपाठी को विश्वविद्यालय विरोधी गतिविधियों, आपराधिक साजिश रचने, घोर कदाचार, सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करने आदि का दोषी पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

श्री एस.बी. सिंह ने बताया कि शुआट्स में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहने के दौरान अशोक त्रिपाठी विश्वविद्यालय विरोधी गतिविधियों एवं अन्य अनैतिक कृत्यों में लिप्त थे। विश्वविद्यालय आन्तरिक जांच समिति की रिपोर्ट दिनांकित 23.09.2020 में उन्हें दोषी पाया गया था। इस संबंध में उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई थी जिसकी रिपोर्ट दिनांकित 17.12.2022 में डा. अशोक त्रिपाठी को आपराधिक साजिश रचने, विश्वविद्यालय विरोधी गतिविधियों में शामिल होने, घोर कदाचार, सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करने, विश्वविद्यालय के भीतर शांति भंग करने, झूठी खबरें फैलाकर विश्वविद्यालय के नाम और प्रतिष्ठा को बदनाम करने, अशांति और असामंजस्य पैदा करने की साजिश करने, विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ झूठी शिकायतें लिखकर साजिश रचने, शिक्षकों और कर्मचारियों में दहशत और अशांति पैदा करने के लिए वेतन को रूकवाने की कोशिश, सांप्रदायिक तनाव पैदा करना और धार्मिक असहिष्णुता पैदा करने आदि का दोषी पाया गया।

डा अशोक त्रिपाठी के उपरोक्त कृत्यों में शामिल होने का दोषी पाये जाने के दृष्टिगत, आन्तरिक जांच समिति व उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए बोर्ड आफ मैनेजमेन्ट की 63वीं बैठक दिनांकित 11.04.2023 में बहुमत से डा. अशोक त्रिपाठी को सेवा से बर्खास्त किये जाने का संकल्प लिया गया। बोर्ड आफ मैनेजमेन्ट के निर्णय को विश्वविद्यालय की सीनेट की 22वीं बैठक दिनांकित 11.04.2023 में अनुमोदन दिया गया। तदोपरान्त डा. अशोक त्रिपाठी को सेवा से बर्खास्त करते हुए सेवा बर्खास्तगी पत्र दिनांकित 12 अप्रैल, 2023 को जारी किया गया। डा. अशोक त्रिपाठी की बर्खास्तगी 11 अप्रैल, 2023 से प्रभावी की गई।

## संक्षेप

### हस्तशिल्प पर एक दिवसीय सेमिनार/वर्कशॉप आयोजित



**नैनी।** कैफरी फाउंडेशन एवम प्रगति शील महिला एवम बाल विकास सोसाइटी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में हस्तशिल्प पर एक दिवसीय सेमिनार/वर्कशॉप मामोली कोहदार मेजा प्रयागराज में आयोजित किया गया जिसमें वक्ता के रूप में श्री मती लिली भावना कोलर नेसिल्पियो को बाताया की आप एक्सपोर्ट की मांग के अनुरूप समान बनाए ताकि आप को आप के समान का सही दाम मिल सके और आप अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों, सरकार और उपभोक्ताओं को लाभ ले सके। अगले वक्ता के रूप श्री रमेश कुमार तिवारी ने कहा कि माल और सेवाकर से भारत में उत्पादित हस्तशिल्प वस्तुएं एवं सेवाएं भारत के साथ अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बनेंगी और इसमें भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल मेक इन इंडियाको बहुत प्रोत्साहन मिलेगा इसी क्रम में विभा मिश्रा ने जेम पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि 31,000 से अधिक उत्पाद और सेवाएं जैम पोर्टल पर उपलब्ध हैं अभी तक इस पोर्टल से 44020 से अधिक विक्रेता जुड़ चुके हैं। उर्मिला तिवारी ने मुद्रा लोन व ई-कॉमर्स के बारे में जानकारी प्रदान की और कहा आज सम्पूर्ण भारत इंटरनेट की दुनिया से जुड़कर इसका लाभ ले रहा है इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और उन्होंने कहा कि पिछले दशक और उसके बाद व्यवसाय करने के तरीके में अनेक मूलभूत परिवर्तन हुए हैं इंटरनेट के माध्यम से जो भी व्यवसाय किया जाता है उसे ई-व्यवसाय कहा जाता है। इस कार्यक्रम में बृंदा देवी निर्मला देवी , आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री लिली भावना कॉलर जी थीं। अन्त में प्रगतिशील महिला एवम बाल विकास सोसाइटी कि मैनेजर वहां पर उपस्थित सभी हस्तशिल्पियों, वक्तागण, पत्रकारगण, गणमान्य व्यक्तियों व मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस तरह के सेमिनॉर आयोजित होते रहना चाहिए जिससे हस्तशिल्पियों को लाभ मिल सके।

### वे इतिहास नहीं बना सकते जो इतिहास को भूल जाते हैं



**नवाबगंज।** यह बातें जन शिक्षण संस्थान प्रयागराज के निदेशक दिगम्बर नाथ मिश्र ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कौड़िहार प्रयागराज के प्रांगण में जन शिक्षण संस्थान सिविल लाइंस प्रयागराज द्वारा आयोजित डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में कही। उन्होंने आगे कहा कि भारत के सबसे प्रमुख समाज सुधारकों में से एक, अंबेडकर को भारत की जाति व्यवस्था द्वारा उत्पन्न असमानताओं के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए जाना जाता है। एक दलित परिवार में जन्मे, अंबेडकर अपने समुदाय के शोषण और भेदभाव को देखते हुए बड़े हुए, जिससे उन्हें समानता के लिए आजीवन धर्मयुद्ध शुरू करने के लिए प्रेरणा मिली। विद्यालय की वार्डेन श्रद्धा तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भीमराव आंबेडकर भारत के उन सच्चे सपूतो में से एक हैं जिन्होने आजादी से कई वर्ष पूर्व ही एक मजबूत भारत की नीव की मांग की आर.के.पोरवाल विद्यालय के शिक्षक अखिलेश विश्वकर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया मंजू त्रिपाठी, सपना मौर्या, रामदीन द्विवेदी, राकेश कुमार यादव, विजय बहादुर मौर्या,पुष्पा द्विवेदी आदि स्टॉफ मौजूद रहा।

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती



**नवाबगंज।** शुक्रवार को नवाबगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी के नेतृत्व में डा0 भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई डा0 भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा डा0 भीम राव अम्बेडकर अमर रहें आदि नारे भी लगाए। इस अवसर पर भाजपा नेता उमेश तिवारी ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर एक महान लेखक विचारक और राजनेता थे उन्होंने 2 वर्ष 11 महीने और 17 दिन में भारतीय संविधान को तैयार कर तत्कालीन प्रधानमंत्री डा0 राजेन्द्र प्रसाद को सौप कर देश के समस्त नागरिकों को राष्ट्रीय एकता अखंडता और व्यक्ति गरिमा जीवन पद्धति से भारतीय संस्कृति को अभिभूत किया 1951 में महिला सशक्तीकरण का हिन्दू संहिता विधेयक पारित न होने पर उन्होनें देश के प्रथम कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता उमेश तिवारी, विक्रम श्रीवास्तव, गुड्डू राजा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, मुकेश शुक्ला, सुरेन्द्र पटेल, राजकुमार तिवारी, दिलीप मिश्रा, शिवा, रिषभ शुक्ला, श्रीवास्तव, अभय सिंह, धनवंतरी गोश्वामी, आयुष जयसवाल, कल्लू सरोज, सुनील सरोज, बच्चा सरोज आदि मौजूद रहे।

### बहरिया में मनाई गई अम्बेडकर जयंती

**बहरिया।** विकासखंड बहरिया के ग्राम सभा हटिया में शुक्रवार को ग्राम प्रधान शारदा देवी गौतम के नेतृत्व में संविधान शिल्पी डा० भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल रही। उन्होंने ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा ही बाबा साहेब के सपनो को साकार कर सकती है। वर्तमान भाजपा की सरकार बाबा भीम राव अम्बेडकर साहब के विचारों को मानते हुए आगे बढ़ रही है। इस सरकार में पिछड़ों वंचितो और महिलाओ को आगे बढ़ने का भरपूर अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री कमलेश पाल,मण्डल अध्यक्ष बसंत लाल पटेल, महामंत्री विक्रम सिंह प्रजापति,शारदा प्रसाद शुक्ला, जय प्रकाश पटेल, हर गोविन्द पटेल, विजय पटेल, सतीश पटेल, अजय तिवारी,राम शंकर मिश्र, पंकज श्रीवास्तव,भोला पटेल, कमलेश धरिकार के साथ हजारो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संविधान की बदौलत लोगों को मिल रहा समानता का अधिकार : राजेंद्र सिंह पटेल


डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाते लोग

**लालगोपालगंज।** शुक्रवार को संविधान के रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की धूम रही। लालगोपालगंज कस्बा से लेकर नवाबगंज तक गांव की गलियों में, चौक चौराहों पर धूमधाम से अम्बेडकर जयंती मनाई गई। अम्बेडकर के अनुयायियों ने संजीव झांकियां निकाली। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुटे रहे।

नवाबगंज के कृष्ण नगर उल्दा में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह पटेल जिला मीडिया प्रभारी अपना दल एस रहे। उन्होंने कहा कि बी.आर. अम्बेडकर एक लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद, धर्म दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे।जिन्होंने भारत में छुआछूत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वह स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ताओं में से एक थे। धनराज पटेल, हेमेन्द्र कुमार आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस मौके पर रामदयाल पटेल, देशराज गौतम, पुष्प राज गौतम, जवाहिर पटेल, राधा सिंह, कुसुम गौतम, लल्लू केसरवानी, आदि रहे। लालगोपालगंज के मनीलाल इंदिरा प्रांगण में डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अम्बेडकर की प्रति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर रामनरेश गौतम, अमित कुमार गौतम, संदीप कुमार कोरी, राजकुमार गौतम, राजकुमार केसरवानी, दशरथ लाल, एडवोकेट केके गौतम, राजेश्वर राव, सुरेंद्र पासी, लालचन्द्र गौतम, गुलशन प्रदीप कुमार, डा. बिहारीलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर 101 आर.ए.एफ. कैम्प में संगोष्ठी का आयोजन हुआ संपन्न

**फाफामऊ।** शुक्रवार को 101 आर ए एफ कैंप परिसर में बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट आर ए एफ कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के संघर्ष व भारतीय इतिहास में उनके अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला। अंबेडकर जी को संविधान निमार्ता के तौर पर जाना जाता है। उनकी भूमिका संविधान निर्माण दलित समाज के उत्थान में महत्वूर्ण रही है तथा उनके विचार महिलाओं को पुरूषों के बराबर अल्प संख्यको और गरीबों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते है। इस अवसर पर अन्य सभी कार्मिकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में कमांडेंट महोदय व सभी कार्मिकों द्वारा उन्हें माल्यार्पण व सादर सुमन अर्पित किये गए व कोटि -कोटि नमन किया। इस मौके पर प्रेमजीत कुमार (सेकंड इन कमांड), नरेन्द्र कुमार (सेकंड इन कमांड), विनोद कुमार (उप कमांडेंट), बृजेश कुमार दुबे (उप कमांडेंट), प्रदीप कुमार (उप कमांडेंट), मुकेश कुमार (उप कमांडेंट), डॉ. अशोक कुमार (सी.एम.ओ.) अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान व महिला कार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।


बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते शोएब अंसारी

### आज जो आप लोगों के सामने मैं खड़ा हूं यह बाबा साहब की देन है : शोएब अंसारी

**मऊआइमा।** आज मैं जो आप सभी के बीच में हूं यह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की देन हैं उक्त बातें पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ने अम्बेडकर जयंती पर कस्बा के विभिन्न मोहल्लों में जा कर संविधान रचयता के चित्र पर माल्यार्पण कर कही। मऊआइमा कस्बा के विभिन्न मोहल्लों में अंबेडकर जयंती पर पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ने संविधान रचयता डाक्टर बाबा भीमराव आंबेडकर के चित्रों और गौतम बुद्ध की चित्रों पर माल्यार्पण कर कहे कि अगले वर्ष बाबा साहब की जयंती इस प्रकार नहीं मनाई जाएगी बल्कि और भव्य ढंग से मनाया जाएगा। शोएब अंसारी ने कहा कि यदि मोहल्ला मुस्तफाबाद में थोडी सी जमीन मिल जाए तो वह डाक्टर साहब की एक भव्य मूर्ति की स्थापना करेंगें। इस अवसर पर रीना भारतीय, विजय गौतम, कुंदन ,पिंटू, रमेश, सुरेश, लालजी, भुवर, कुल्लू आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**करछना।** तहसील क्षेत्र के कबरा गांव निवासी रहे वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व भाजपा के प्रथम करछना मंडल के उपाध्यक्ष रहे महेंद्र नारायण तिवारी 86 वर्ष के गत दिवस हुई आकस्मिक मृत्यु पर एक शोक सभा कबरा गांव में शुक्रवार को आयोजित हुई। जिसमें उनकी मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। साथ ही साथ दो मिनट का आपस में मौन रहकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोकसभा में बतौर मुख्य रूप से मौजूद रहे पूर्व ब्लांक प्रमुख करछना विजय कुमार मिश्र व पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा यमुनापार के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महेंद्र नारायण तिवारी एक वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ ही साथ सत्यम आईटीआई के संस्थापक भी रहे। और एक महान कवि भी रहे। जिन्होंने लसना शक्ति धाम और गौरी शंकर शक्ति धाम सहित आदि धार्मिक स्थलों की रचनाएं भी की है। शोक सभा का संचालन प्रधानाचार्य केपी तिवारी ने किया। इस मौके पर चंद्रिका प्रसाद शुक्ल जितेंद्र नारायण शुक्ल विनोद तिवारी शिवाकांत पांडेय धवल प्रकाश, राजेश, आशीष, चंद्र प्रकाश तिवारी कृष्ण प्रकाश, राम सजीवन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# बाबा साहब के संविधान से ही चलता है देश : स्वेता भारती


बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाते लोग

**खीरी।** 14 अप्रैल को कोरांव तहसील क्षेत्र के खीरी बाजार स्थित देव भूमि इंटरनेशनल स्कूल में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस विधि विधान से मनाया। जिसमें श्वेता भारती जिला उपाध्यक्ष जन अधिकार पार्टी, महिला प्रकोष्ठ ने कहा कि हमारा देश बाबा साहब के संविधान से चलता है। हम सभी को सविधान में लिखित अनुच्छेदों को पढ़ना और समझना चाहिए। जिसके लिए बच्चो को पढ़ाना बहुत जरूरी है। बच्चों को पढ़ने हेतु उत्साहित करने के लिए शिक्षा विभाग सदैव तत्पर रहता है। कार्यकम सीमा कुशवाहा (संगठन मंत्री) रामप्रसाद कुशवाहा, लव कुश गौड़, अशोक धुरिया (पूर्व विधानसभा कोरांव प्रत्याशी), भोला चौहान, संतोष कुशवाहा सचिव, हरिहर कुशवाहा, संगीता आदिवासी, गीता देवी, कोमल, अंतिम, इंद्र लाल कुशवाहा में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। अनुज कुमार, मंडल मीडिया प्रभारी प्रयागराज ने सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष सामिल रहे। कार्यकम का सफल संचालन अधिवक्ता लवकुश गौड़ ने किया।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.- CEN-2023-24-02 दिनांक: 13.04.2023

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभि0/निर्माण-।।/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई-निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 09.05.2023 के समय 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं का विवरण इस प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | CEN-2023-24-02 |
| कार्य का विवरण | उप मुख्य अभि0/निर्माण-।।/उ.म.रे.,प्रयागराज के अधीन विभिन्न खण्डों में SKV विधि एवं Automatic trimmer/tapping technology द्वारा 60Kg rail की वेल्डिंग का कार्य। |
| अनुमानित मूल्य (रू.) | ₹ 49098150.00 |
| बोली प्रतिभूति (रू.) | ₹ 395500.00 |
| कार्य समापन की अवधि | 12 माह |
| निविदा बंद करने की तिथि और समय | 09.05.2023 15:00 बजे |
| निविदा खुलने की तिथि | 09.05.2023 15:30 बजे |
| निविदा का प्रकार | ओपेन टेण्डर (एकल पैकेट प्रणाली) |

नोट:- (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 15.00 बजे तक निविदा ... दिनांक 09.05.2023 तक उपलब्ध है। (2) ... IT Act- 2000 ... CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर ... IREPS ... [illegible] (11) निविदा ... दिनांक 09.05.2023 को समय 15.00 बजे तक ... तथा निविदा 15.30 बजे उसी दिन खोली जायेगी। 557/23 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**हाउस सर्जन की नियुक्ति से संबंधित साक्षात्कार**

केंद्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज में हाउस सर्जन के पांच (5) पद हैं । प्रत्येक निम्नलिखित विभागों में एक हाउस सर्जन का पद स्वीकृत है।

1. सामान्य चिकित्सा विभाग (Medicine) - 2
2. सार्विक शल्य चिकित्सा विभाग (General Surgery) - 2
3. प्रसूति एवं स्त्री रोग (Obstetrics and gynae) - 1

हाउस सर्जनों को दिया जाने वाला पारिश्रमिक का भुगतान IRMM के Para 243 (2) (1) निर्देशों के तहत और उत्तर प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में कार्यरत मेडिकल रेजीडेंट (प्रथम वर्ष) हेतु निर्धारित वेतन के समान होगा। आवश्यकता अनुसार रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज के कार्यालय में प्रत्येक महीने के प्रथम कार्यदिवस को 16:00 बजे किया जायेगा। किसी कारणवश उस कार्यदिवस को अवकाश होने पर यह प्रक्रिया अगले कार्यदिवस को की जायेगी। साक्षत्कार की सूचना केंद्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज के कार्यालय के सूचना पटल, मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य कार्यालय, मेडिकल कालेज के होस्टल, सिविल अस्पताल एवं उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाईट www.ncr.indianrailway.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी।

546/23 (ADM)

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 01037/01038 पुणे-कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

**पुणे से :** गाड़ी संख्या 01037, प्रत्येक बुधवार, दिनांक 03.05.2023 से 14.06.2023 को।

**कानपुर सेंट्रल से :** गाड़ी संख्या 01038, प्रत्येक गुरूवार, दिनांक 04.05.2023 से 15.06.2023 को।

**गाड़ी संरचना -** सामान्य श्रेणी- 05, स्लीपर श्रेणी- 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 02, एवं एसएलआर/डी- 02

| गाड़ी संख्या - 01037 पुणे-कानपुर सेंट्रल | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 01038 कानपुर सेंट्रल-पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:35 | पुणे | 12:05 | ---- |
| 07:38 | 07:40 | दौंड कॉर्ड लाइन | 10:27 | 10:30 |
| 08:52 | 08:55 | अहमदनगर | 08:17 | 08:20 |
| 09:43 | 09:45 | बेलापुर | 06:40 | 06:42 |
| 11:18 | 11:20 | कोपरगांव | 06:18 | 06:20 |
| 13:10 | 13:15 | मनमाड | 05:10 | 05:15 |
| 15:55 | 16:00 | भुसावल | 01:40 | 01:45 |
| 18:02 | 18:05 | खंडवा | 23:30 | 23:33 |
| 21:00 | 21:05 | इटारसी | 20:20 | 20:25 |
| 22:50 | 22:55 | रानी कमलापति | 18:40 | 18:45 |
| 01:25 | 01:27 | बीना | 16:15 | 16:17 |
| 03:25 | 03:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 13:25 | 13:30 |
| 04:48 | 04:50 | उरई | 10:25 | 10:27 |
| 07:10 | ---- | कानपुर सेंट्रल | ---- | 08:50 |

**गाड़ी संख्या 03225/03226 दानापुर-सिकंदराबाद साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

**दानापुर से :** गाड़ी संख्या 03225, प्रत्येक गुरूवार, दिनांक 04.05.2023 से 29.06.2023 को।

**सिकंदराबाद से :** गाड़ी संख्या 03226, प्रत्येक रविवार, दिनांक 07.05.2023 से 02.07.2023 को।

**गाड़ी संरचना -** सामान्य श्रेणी- 04, स्लीपर श्रेणी- 12, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01, एवं एसएलआर/डी- 02

| गाड़ी संख्या - 03225 दानापुर-सिकंदराबाद | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 03226 सिकंदराबाद-दानापुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:50 | दानापुर | 19:00 | ---- |
| 03:20 | 03:25 | प्रयागराज छिवकी | 11:40 | 11:45 |
| 05:50 | 05:52 | मानिकपुर | 09:20 | 09:22 |
| 04:40 | ---- | सिकंदराबाद | ---- | 10:00 |

नोट:- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad. indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 541/23(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


कुशवाहा बंधु संस्था के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

# प्रयागराज

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 35.00 |
| न्यूनतम : | 22.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

### पहली रमजान को पहला जुमा और आखरी रमजान (२९वां रोजा ) को आखरी जुमा

**प्रयागराज।** इस्लाम में वैसे तो चांद के दीदार के ऐतेबार से महीने शुरू होते हैं इस लिए पहले से किसी पर्व या विशेष कार्यक्रम की घोषणा नहीं की जा सकती लेकिन यह अजीब संयोग होगा की जब रोजा शुरू हुआ तो वह दिन भी जुमा का ही था और उन्तीसवीं रमजान को भी जुमा होगा जो आखरी जुमा यानि जुम्मतुल वेदा कहलाएगा।उम्मुल बनीन सोसाइटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने बताया की हो सकता है आखरी जुमा को ईद के चांद का दीदार हो जाए और दुसरे दिन ईद उल फित्र की नमाज के लिए फिर मस्जिदें छलछला आएं।एक और बात इस माहे रमजान में देखी जा सकती है जहां अमुमन रमजान माह में चार जुमा पड़ते थे इस बार पांच जुमा पड़ रहा है।

## नए भारत के निर्माता हैं डॉ. अम्बेडकर : प्रो. सीमा सिंह

**जयंती**

**मुक्त विश्वविद्यालय में बाबा साहब के जन्मदिन पर व्याख्यान का आयोजन**


डॉ अम्बेडकर का योगदान विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करतीं प्रोफेसर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर आधुनिक भारत के निर्माण एवं विकास में डॉ अम्बेडकर का योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि डॉ अम्बेडकर नए भारत के निमार्ता हैं। उनका व्यक्तित्व बहुत विराट था। उन्होंने विधिवेत्ता, समाज सुधारक, शिक्षक एवं राजनेता के रूप में ख्याति प्राप्त की। बाबा साहब को दायरे में सीमित करना बहुत मुश्किल है। ऐसा कोई भी क्षेत्र और आयाम नहीं जहां उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज ना करायी हो। वे न्याय का एक मूर्त स्वरूप थे। उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत व भेदभाव को मिटाने का संकल्प लिया और समतामूलक समाज की स्थापना की।

इस अवसर पर व्याख्यान देते हुए समाज विज्ञान विद्या शाखा में शैक्षणिक परामर्शदाता प्रोफेसर पी एल विश्वकर्मा, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कहा कि समाज से अस्पृश्यता को समाप्त कराने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान है। बाबा साहब के प्रयासों से ही समाज में कई बुराइयां दूर हुई। डॉ अम्बेडकर बहुत दूरदर्शी थे एवं भविष्य द्दष्टा थे। वह मानते थे कि समान नागरिक अधिकार लोगों को समान बना देंगे। आज समाज में यह समानता परिलक्षित हो रही है। समानता की संकल्पना डॉ अम्बेडकर की पहचान है। उन्होंने सबके लिए एक कानून बनाया। संविधान में बाबा साहब ने कहीं भी अपने स्वार्थ व निजी विचार को व्यक्त नहीं किया और न ही लाभ उठाया।

अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर एस कुमार ने किया। इस अवसर पर अतिथियों एवं शिक्षकों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पण करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने इस अवसर पर शैक्षिक आकलन एवं मूल्यांकन पुस्तक का विमोचन किया।

व्याख्यान का संचालन आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पी के स्टालिन, प्रोफेसर एस कुमार, डॉ एम एन सिंह, प्रोफेसर छत्रसाल सिंह, प्रोफेसर जे पी यादव, डॉ आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ जीके द्विवेदी, डॉ दिनेश सिंह, डॉ आरजे मौर्य एवं डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### कुशवाहा बंधु सामाजिक संस्था के कार्यकारिणी का चुनाव हुआ संपन्न

**प्रयागराज।** कुशवाहा बंधु संस्था का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय मुख्य संरक्षक पद के लिए लाल चंद कुशवाहा आढती मुंडेरा मंडी को मुख्य संरक्षक चुनाव द्वारा बनाया गया तथा अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से प्रियतम सिंह कुशवाहा को चुना गया और महामंत्री पद हेतु विनय कुशवाहा को चुना गया सभी ने नए अध्यक्ष महामंत्री मुख्य संरक्षक को माला पहनाकर स्वागत किया।

## क्षेत्र में विभिन्न राजनीति पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर जयंती मनाई

**फाफामऊ।** क्षेत्र के पार्टियों भाजपा, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य पार्टियों के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने रैली निकाल अथवा संगोष्ठी कर सविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती मनाई। मलाक हरहर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पांडेश्वर धाम मंडल अध्यक्ष सुशील महाराज के नेतृत्व में अंबेडकर जयंती मनाई। संगोष्ठी में रामेंद्र पटेल, नीरज त्रिपाठी, दिनेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी तरह बसपा कार्यकताओं ने मंजीत कुमार कनौजिया के नेतृत्व में अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर रैली निकाली। इसी तरह शांतिपुरम में समाजवादी पार्टी के सपा नेता नरेंद्र गिरी के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें जसकरन यादव, पप्पू पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### एनजीबीयू में मनाई गई भारत रत्न डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती



**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में संविधान निमार्ता डॉ० भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती मनायी गई। जार्ज टाउन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलाधिपति जे.एन. मिश्र ने डॉ० भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके कृतृत्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के शोध केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो० संजय श्रीवास्तव, प्रतिकुलपति डॉ० एस०सी० तिवारी, डॉ० प्रबुद्ध मिश्रा, डॉ० रमेश चन्द्र मिश्रा, श्री संजय पाण्डेय ने डॉ० भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके देश के लिए किए गए महान योगदान की चर्चा की। इस अवसर पर प्रिया मिश्रा, अशोक श्रीवास्तव, कीर्ति, सत्येंद्र, राकेश पाण्डेय, मिथिलेश पाण्डेय सहित उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### अनशन स्थल पर मनाई छात्रों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली की मांग, कुलपति की अवैध नियुक्ति के खिलाफ, 400% शुल्क वृद्धि के विरोध में चल रहे आंदोलन का 997वा दिन भी छात्र नेता अजय यादव सम्राट के नेतृत्व में जारी रहा शुक्रवार को अनशन स्थल पर बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर जी कि जयंती मनाई गयी। छात्र नेता विजय कांत विपिन व राहुल पटेल ने कहा डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए छात्रों ने कहा कि बाबा साहब अद्वितीय प्रतिभा अनुकरणीय है। वे एक मनीषी, योद्धा, नायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण कामना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के 80 फीसदी दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. आंबेडकर का जीवन संकल्प था।बाबा साहब ने कहा-वर्गहीन समाज गढ़ने से पहले समाज को जातिविहीन करना होगा। समाजवाद के बिना दलित-मेहनती इंसानों की आर्थिक मुक्ति संभव नहीं।

इस मौके छात्र नेता हरेंद्र यादव, त्र्यंबक नाथ,विजय कांत विपिन, विकास यादव,राहुल पटेल,आकाश यादव, संदीप विश्वकर्मा,नवनीत यादव, रिंकू सिंह, मनजीत पटेल , गोलू पासवान, प्रियांशु विद्रोही, अनुराग यादव,ज्ञान गौरव, मोहम्मद सलमान, हिमांशु पटेल, केडी मौरिया अभिषेक यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई

**नैनी।** शुक्रवार को नैनी स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में प्रोफेसर के.बी. पांडेय (पूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश) एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एम.पी तिवारी (इलाहाबाद विश्वविद्यालय) प्रोफेसर लाइक अहमद, डॉक्टर पन्नालाल (डायरेक्टर जयपुरिया स्कूल) तथा प्रबंधक डॉ0 अजय कुमार एडिशनल डायरेक्टर सुशील तिवारी , डॉ0 सतीश श्रीमती बीनू श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने तमाम तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बच्चों को बाबा साहब के विषय में अवगत कराया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण मौजूद रहे। इसी क्रम में साहू कल्याण समिति यमुनापार नैनी द्वारा युग पुरुष संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की 132 वी जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में साहू कल्याण समिति यमुनापार नैनी संरक्षक ओम प्रकाश साहू ने बाबा साहेब के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि बाबा साहब युग द्दष्टा थे। उन्होंने दलित समाज के दर्द को जिया है। इसीलिए उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया। और अछूतो से सामाजिक भेद भाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिको किसानों और महिलाओं का समर्थन भी किया था। सबको समान अधिकार मिले संविधान में ऐसी व्यवस्ता दी। आज उनके बताए हुए मार्ग पर चल कर ही समाज को शिक्षित संगठित व संघर्ष शील बनाकर मजबूत कर सकते हैं। इस मौके पर राम सागर गुप्ता, कमलेश साहू, रविंद्र गुप्ता, डी.डी. गुप्ता, अमृत लाल साहू, लाल बहादुर साहू, सत्य नारायण गुप्ता, धीरज साहू, विमल गुप्ता, श्याम देव साहू, प्रेम चंद्र गुप्ता, अशोक कुमार साहू, गिरजा शंकर गुप्ता, वीरेंद्र कुमार साहू आदि लोग मौजूद रहे।

### तमाम बुराइयों से दूर रहने की शिक्षा देता है कुरान : मुफ्ती फजलुर्रहमान इलाहाबादी

**मऊआइमा।** कुरान तमाम बुराइयों से दूर रहने की शिक्षा देता है।कुरान अल्लाह की तरफ से उत्तरी गई आसमानी पुस्तक है। जो लोगों की रहनुमाई के लिए आखरी पैगंबर मोहम्मद साहब पर नाजिल की गई। उक्त बातें युवा आलिम मुफ्ती फजलुर रहमान इलाहाबादी ने जामा मस्जिद आजमपुर मे तरावीह में मौखिक पढी गयी कुरान सम्पूर्ण होने पर कही। मौलाना ने कहा कुरान तमाम बुराइयों से दूर रहने की शिक्षा देता है आपसी सौहार्द प्रेम को बढ़ावा देता है कुरान में एक मनुष्य की हत्या को सारी मानवता की हत्या करार देता है। उन्होंने कहा रमजान का महीना बहुत ही बा बरकत है। रमजान के जो दिन शेष बचे हैं उनकी कदर करें उन्होंने कहा शबे कद्र अत्यंत पवित्र रात है। जिसमें इबादत करना एक हजार महीने से बेहतर है इसलिए इस पवित्र रात में जरूर इबादत करें उन्होंने कहा इस पवित्र महीने में गरीबों बेसहारा लोगों की मदद करें क्योंकि रमजान का महीना गरीबों की मदद करने उनका हर तरह से सहयोग करने का महीना है, उन्होंने कहा इस्लाम में मालदार पर जकात वाजिब है मौजूदा समय में जिसके पास 44 हजार रुपया हो और उस पर साल गुजर गया हो ऐसे आदमी पर ढाई फीसद जकात में देना वाजिब है जकात का मकसद गरीबों की सहायता करना है जकात ना अदा करने पर सख्त गुनाह है हदीस में है जिस माल पर जकात अदा नहीं की जाती ।वह माल कयामत में अजाब का जरिया होगा इसलिए जकात गरीब, विधवा यतीम आदि का हिस्सा है आप जकात दे रहे हैं ।गरीबों पर एहसान नहीं कर रहे हैं। जकात की अदायगी में गफलत न करें । वरना अल्लाह का अजाब सख्त होगा।

### जीतेंद्र यादव बने ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष

**मऊआइमा।** विकास खंड मऊआइमा के ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से जीतेंद्र यादव को अध्यक्ष , चंद्रशेखर मौर्य को उपाध्यक्ष , दिनेश कुमार पटेल मंत्री, मिथिलेश कुमार साहू कोषाध्यक्ष , हरिदेव पटेल जिला प्रतिनिधि, श्रेया राय ऑडिटर एवं नीरज यादव को मीडिया प्रभारी चुना गया।इस अवसर पर सभी ने जीतेंद्र यादव को बधाई दी है।

### बरिष्ट पत्रकार पी एस मिश्रा के निधन पर पत्रकारों ने जताया दुःख

**मेजा।** एक हिंदी दैनिक अखबार के पूर्व महाप्रबंधक पी एस मिश्रा के निधन पर मेजा तहसील के पत्रकारों ने एक शोक सभा आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजली दी गई है। शोक सभा मेजा प्रेस क्लब अध्यक्ष शशिकांत तिवारी की अध्यक्षता में अयोजीत हुई। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया गया। शशिकांत तिवारी ने कहा कि मिश्रा का निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूर्णनीय क्षति है। गौरतलब हो कि श्री मिश्र विगत सालों से अस्वस्थ चल रहे थे। वह अपने पीछे पत्नी सहित एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। फिलहाल बेटी की शादी फरवरी में कर दिए थे। शोक सभा के दौरान प्रमुख रूप से सुशील पाण्डेय, प्रेमानंद मिश्र, श्री कृष्ण राय (गज्जू), आशीष शुक्ल, राजेश गौड़, नीरज पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## संविधान सब को सम्मान और शिक्षा का अधिकार देता है : मुकुंद लाल मौर्या


कार्यक्रम में उपस्थित ब्लाक प्रमुख व भाजपा नेता

**उतरांव।** सैदाबाद ब्लाक अंतर्गत14 अप्रैल दिन शुक्रवार को संविधान के रचायिता पिछडो के मसीहा कहे जाने वाले डॉ 0 भीमराव अम्बेडकर की 132वां जयंती आज भारत ही नहीं बल्कि आज पुरे विश्व मे बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विधानसभा प्रतापपुर के सिठौली चौराहे पर बाबासाहब जयंती पर सैदाबाद ब्लॉकप्रमुख राजेंद्र सिंह पटेल और विशिष्ट अतिथि के रूप विधानसभा प्रतापपुर के समाजसेवी व भाजपा नेता मुकुंद लाल मौर्या रहे। आये हुए अतिथियों ने डॉ 0 बी आर अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए फूलो की माला पहनाकर शत शत नमन किया। सैदाबाद ब्लॉकप्रमुख राजेंद्र सिंह पटेल ने अपने सम्बोधन मे कहा की आज भारत के एक एक गांव मे संविधान के रचयिता पिछड़ो के मसीहा बाबा साहब का जन्मदिन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विधानसभा प्रतापपुर के समाजसेवी भाजपा नेता मुकुंद लाल मौर्या ने कहा की दुनिया मे मनावता का सन्देश देने वाले असली समाजसुधारक पिछड़ों के मसीहा डॉ 0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई जा रहीं है। समाजसेवी ने आगे कहा सम्मान और शिक्षा और लोकतंत्र मे सब को हक और अपना अपना मत देने अधिकार दिलाने वाले डॉ 0 भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन आज पुरे विश्व मे बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। समाजसेवी ने उपस्थित सभी लोगो को कहा की आप सब लोग एक रोटी कम खाये लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाये। क्यों की शिक्षा ओ शेरनी का दूध है जो पियेगा वहीं दहाड़ेगा। शिक्षा से ही सब को सम्मान और अधिकार मिल सकता है। इस मौके पर राकेश कुमार पाल मंडल अध्यक्ष बलीपुर, अशोक कुमार, अनिल कुमार, नागेंद्र कुमार, रंगबहादुर, शंकरलाल, शिवअचल, राजाराम, सूरत, आदि लोग उपस्थित रहे। जयंती कार्यक्रम का संचालन मनोज ने किया। जयंती कार्यक्रम के आयोजक पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी व समाजसेवी पप्पू पासी रहे।

## अम्बेडकर जयंती पर बाबूगंज में निकली भव्य शोभायात्रा

**फूलपुर।** शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकता है। व्यक्ति को हर तरह से सबल बनने के लिए शिक्षा को अनिवार्य रूप से प्राप्त करना चाहिए। यह बातें बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर के 132वें जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर बाबूगंज में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए गोष्ठी के मुख्य अतिथि ने शुक्रवार को कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहेब के जीवन संघर्षों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के आयोजक शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि समतामूलक समाज की स्थापना में सतत प्रयत्नशील रहे बाबा साहेब आंबेडकर ने दलितों,वंचितों व अशिक्षितो के लिए आजीवन कार्य किया। अपनी शिक्षा की बदौलत ही भारतीय संविधान की रचना कर वो देश के लिए आदर्श बनें। गोष्ठी से पूर्व क्षेत्र के पाली, चकमाली, बिगहिया, फतेहगंज, तारडीह, टटीहरा, आटा, नरई, पूरेभुलई, वीरकाजी सहित दर्जनों गांव में डीजे के साथ बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर की झांकी निकाली गई। जिसमे शामिल महिलाएं व पुरुष संविधान शिल्पी के जयकारे लगाते रहे।अनेक स्थानों से होकर निकलने वाली झाकी बाबूगंज स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर गोष्ठी में तब्दील हो गई। गोष्ठी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ जिसमें लोक कलाकारों ने बाबा साहेब के संघर्षों को अपनी गीतों के माध्यम से बताया। कार्यक्रम के आयोजक मंडल ने सभी का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी में मुख्य रूप से दिलीप आजाद, सुरेश जायसवाल, उदय नारायण नेता, कर्मवीर सिंह, शिव मिलन गौतम, भगवती प्रसाद वर्मा,पारस नाथ,ओमकार नाथ फौजी,अशुमान वर्मा,जंगबहादुर पटेल, अरूण कुमार, श्यामलाल पटेल,शनि कुमार,अजय कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाएं मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय रोजगार मेले को किया संबोधित

### विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के नवनियुक्त कर्मियों को लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र किए वितरित

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त कर्मियों को लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर से चुने गए नवनियुक्त कर्मियों को भारत सरकार के तहत ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, वरिष्ठ वाणिज्यिक लिपिक सह टिकट लिपिक, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, कनिष्ठ लेखापाल, डाक सहायक, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, टैक्स सहायक, सीनियर ड्राफ्ट्समैन, जेई / सुपरवाइजर, सहायक प्रोफेसर, शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, नर्स, परिवीक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस और अन्य जैसे पदों पर कार्य करने के लिए शामिल किया जाएगा। नवनियुक्त कर्मियों को 'कर्मयोगी प्रारंभ' के माध्यम से स्वयं को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नवनियुक्त कर्मियों के लिए एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम है। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान 45 स्थानों को मेले से जोड़ा गया।

सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने बैसाखी के शुभ अवसर पर देश को बधाई दी। उन्होंने नियुक्ति पत्र मिलने पर अभ्यर्थियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार, एक विकसित भारत के संकल्प की प्राप्ति के लिए युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को सही अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एनडीए शासित राज्यों में, गुजरात से लेकर असम और उत्तर प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र तक, सरकारी भर्ती की प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। उन्होंने कहा कि कल ही मध्य प्रदेश में 22,000 से अधिक शिक्षकों को भर्ती पत्र सौंपे गए हैं। ₹यह रोजगार मेला देश के युवाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आत्मनिर्भर भारत अभियान की सोच और द्दष्टिकोण स्वदेशी अपनाने और स्थानीय उत्पाद पर जोर (वोकल फॉर लोकल) देने से भी आगे की बात है। आत्मनिर्भर भारत अभियान गांवों से शहरों तक रोजगार के करोड़ों अवसर पैदा करने का अभियान है। उन्होंने स्वदेशी रूप से निर्मित आधुनिक उपग्रहों और अर्ध-उच्च-गति की ट्रेनों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 8-9 वर्षों में भारत में 30000 से अधिक एलएचबी कोच का निर्माण किया गया है। इन कोचों के लिए प्रौद्योगिकी और कच्चे माल की जरूरत ने भारत में रोजगार के हजारों अवसर सृजित किए हैं।

श्री मोदी ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान मोबाइल फोन के निर्माण के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर और उसके लिए प्रोत्साहन देकर भारत ने काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा की बचत की है क्योंकि भारत अब स्थानीय मांग को पूरा करने के साथ-साथ मोबाइल हैंडसेट का निर्यात भी कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने रोजगार सृजन के मामले में बुनियादी ढांचे में निवेश की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय पर जोर दिए जाने के कारण सड़क, रेलवे, बंदरगाह और भवन जैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण हो रहा है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की रोजगार क्षमता पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान पूंजीगत व्यय में चार गुना बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2014 से पहले और बाद के घटनाक्रमों का उदाहरण देते हुए, प्रधानमंत्री ने भारतीय रेलवे का उल्लेख किया और यह बताया कि 2014 से पहले के सात दशकों के दौरान जहां केवल 20,000 किलोमीटर रेल लाइनों का ही विद्युतीकरण हुआ था, वहीं पिछले 9 सालों के दौरान 40,000 किलोमीटर रेल लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मेट्रो रेल लाइन बिछाने का काम 2014 से पहले 600 मीटर प्रति माह था जो आज बढ़कर 6 किलोमीटर प्रति माह हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि 2014 से पहले गैस नेटवर्क देश के 70 से कम जिलों तक ही सीमित था, लेकिन आज यह नेटवर्क 630 जिलों तक पहुंच गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की लंबाई के बारे में बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद इसमें 4 लाख किलोमीटर से 7 लाख किलोमीटर की वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा, जब गांवों तक सड़कें पहुंचती हैं, तो इससे पूरे इकोसिस्टम में तेजी से रोजगार का सृजन होता है।

विमानन क्षेत्र के बारे में बोलते हुए, श्री मोदी ने बताया कि 2014 में हवाई अड्डों की संख्या सिर्फ 74 थी जो आज बढ़कर 148 हो गई है। उन्होंने हवाई अड्डे के संचालन में निहित रोजगार सृजन की क्षमता की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने एयर इंडिया द्वारा विमानों के लिए रिकॉर्ड ऑर्डर दिए जाने और कुछ अन्य कंपनियों की इसी तरह की योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पोर्ट सेक्टर में भी इसी तरह की प्रगति देखी जा रही है क्योंकि कार्गो हैंडलिंग की क्षमता पहले की तुलना में दोगुनी हो गई है और इसमें लगने वाला समय आधा हो गया है। इस प्रकार के विकास से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित हो रहे हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र के बारे में बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले जहां देश में 400 से कम मेडिकल कॉलेज थे, वहीं आज 660 मेडिकल कॉलेज हैं। इसी तरह, 2014 में स्नातक स्तर की मेडिकल सीटों की संख्या 50 हजार थी जो आज बढ़कर एक लाख से अधिक हो गई हैं और आज स्नातक होने वाले डॉक्टरों की संख्या दोगुनी से भी अधिक हो गई है।

### कांग्रेस के नेताओं ने किया नामांकन

**प्रयागराज।** प्रयागराज के नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस के नेता इरशाद उल्ला व राजकुमार सिंह रज्जू भैया ने वार्ड नंबर 43 आजाद स्क्वायर से वार्ड नंबर 97 चौक गंगा दास से इरशाद उल्लाह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर कहा कि चुनाव गृह कर जलकर के मुद्दे पर लड़ रहे हैं जनता के बीच में जाकर चुनाव प्रचार करेंगे और जनता से सहयोग व आशीर्वाद मांगेंगे। जनता ने सदन में जिता कर भेजा तो गृहकर व जलकर जो कई गुना बढ़ाया गया है उस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएंगे तथा जनता को राहत दिलाएंगे।

## सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष पप्पू यादव ने किया नामांकन

**मेजा।** नगर निकाय सामान्य निर्वाचन नामांकन के चौथे दिन शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए एक और सदस्य के लिए 29 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा।जिसमें नगर पंचायत भारतगंज के लिए अध्यक्ष पद के लिए न नामांकन हुआ और न ही पर्चा खरीदा गया।वहीं सदस्य के लिए 13 लोगों ने पर्चा भरा और 5 फार्म खरीदे गए।सिरसा से अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष श्यामकृष्ण यादव उर्फ पप्पू ने पूर्व विधायक करछना उज्ज्वल रमन सिंह, योगेंद्र सिंह, लल्लन सिंह, देशराज, दिलावर सिंह और अन्य समर्थकों के साथ पर्चा भरा।इनके प्रस्तावक मिश्रीलाल रहे।


श्याम कृष्ण उर्फ पप्पू यादव नामांकन पत्र दाखिल करते साथ में उज्ज्वल रमण सिंह

गौरतलब हो कि पप्पू यादव सपा समर्थक प्रत्याशी के तौर पर दो बार सिरसा के चेयरमैन और दो बार सभासद रह चुके हैं। जिसमें अध्यक्ष के लिए एक बार पत्नी ने पद भार सभाला था। सिरसा से अध्यक्ष के लिए 2 फार्म खरीदे गए। वहीं सदस्य पद के लिए 16 लोगों ने नामांकन किया और 9 फार्म खरीदे गए। जिसमें सिरसा के 11 वार्ड और भारतगंज के 13 वार्ड शामिल हैं। नगर पंचायत भारतगंज के सहायक निर्वाचन अधिकारी खंड विकास अधिकारी मेजा सईद अहमद ने बताया कि आज न तो कोई पर्चा खरीदा गया और न ही कोई नामांकन हुआ। इसी क्रम में नगर पंचायत सिरसा के निर्वाचन अधिकारी उपजिलाधिकारी करछना राजेश श्रीवास्तव ने भी बताया कि आज एक मात्र वर्तमान अध्यक्ष श्यामकृष्ण यादव उर्फ पप्पू यादव ने पर्चा भरा और 2 पर्चे खरीदे गए।वहीं आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के लिए दोनों काउंटरों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## बाबा साहब संविधान निर्माता के साथ महान राष्ट्रभक्त थे : राजू भैया

**मेजा।** राजू भैया ने कहा कि साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक न्याय के प्रणेता व महान विधिवेत्ता एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाने वाले, भारतीय संविधान के निमार्ता थे उक्त बातें भाजपा नेता जनसेवक इन्द्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने बतौर मुख्य अतिथि विधान सभा क्षेत्र के माण्डा विकास खण्ड स्थित भौंसरा नरोत्तम गाँव मे डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए कहा ।


डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर संबोधित करते राजू भैया

राजू भैया ने कहा कि बाबा साहेब संविधान निमार्ता के साथ साथ महान राष्ट्रभक्त भी थे । उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने संविधान सभा में "कांग्रेस और मुस्लिम लीग के झगड़े पर बोलते हुए कहा था कि इसको सुलझाने की एक और कोशिश करनी चाहिए । मामला इतना संगीन है कि इसका फैसला एक या दूसरे दल की प्रतिष्ठा के ख्याल से ही नहीं किया जा सकता। जहां राष्ट्र के भाग्य का फैसला करने का प्रश्न हो, वहां नेताओं, दलों, संप्रदायों की शान का कोई मूल्य नहीं रहना चाहिए, वहां तो राष्ट्र के भाग्य को ही सर्वोपरि रखना चाहिए । उस दिन डॉक्टर अंबेडकर ने अपने भाषण का समापन करते हुए कहाः " शक्ति देना तो आसान है, पर बुद्धि देना कठिन है। इस दौरान मुख्य रूप से वरुण मिश्र, ओपी मिश्र, हिमांशु मिश्र, शिव शंकर वर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, फूलचंद विन्द, अभिषेक हरिजन, आशाराम हरिजन, सुशीला, संगीता, फूलकली सहित सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमां पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## संक्षेप

### सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, मरम्मत की मांग

**कौशाम्बी।** सिराथू-सरायअकिल मार्ग से डिहवा गांव को जोड़ने वाली सड़क पर जगह-जगह गडढे हो गए हैं। सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ऐसे में लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ती है। बच्चे आए दिन सड़क में बने गड्ढों में गिरकर चोटिल होते रहते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

### ससुर पर लगा बेटे-बहू को पीटने का आरोप

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मितुवापुर गांव की शिमला देवी ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान उसके सास और ससुर वहां पहुंचे। दोनों गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर ससुर ने डंडे से उसको पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पत्नी को बचाने पहुंचे सूरज लाल को भी पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। दंपती ने थाने में आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# डीएम व सीडीओ ने बाबा साहब को अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में शुक्रवार को बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी सुजीत कुमार व मुख्य विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार सहित कलेक्ट्रेट विकास भवन के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा भी डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के जीवनदर्शन, आदर्श एवं व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखने का मिलता है। हम सभी लोगों को उनके जीवन आदर्शों को


बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते जिलाधिकारी सुजीत कुमार

अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने बहुत ही विषम परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण की। उनके द्वारा लिखित पुस्तकों के अध्ययन से पता चलता है कि उनके सोंचने का दर्शन अद्वितीय था। डॉ. भीमराव आम्बेडकर आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री थे। डॉ. भीमराव आम्बेडकर द्वारा किये गये कार्यों की जितनी सराहना की जाय, उतनी ही कम है। डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने विश्व भर के संविधानों का गहन अध्ययन कर भारतीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सबसे बेहतर संविधान का निर्माण किया। कार्यक्रम को जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने भी सम्बोधित किया।

### किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी गुरुवार की शाम घर से लापता हो गई। किशोरी को घर से गायब देख परिजनों के होश उड़ गए। वह घर से पड़ोस में सहेली के यहां जाने के लिए कहकर निकली थी। शुक्रवार को किशोरी के परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पीड़ित पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। किशोरी के लापता होने के बाद से पीड़ित परिवार अनहोनी की आशंका से भयभीत है।

# छात्र व शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर बाबा साहब अम्बेडकर को अर्पित की श्रद्धांजली

**कौशाम्बी।** चायल ब्लाक क्षेत्र अन्तर्गत विंध्य इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर शुक्रवार को भारत रत्न डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर छात्र व शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूरे उत्साह के साथ जयंती मनाई। इस मौके पर विद्यालय के संचालक लवकुश सर ने डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान के निमार्ता ,गरीब शोषितो के मसीहा आज वह हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन शिक्षा का अधिकार उन्होंने ही दिया है,जिससे आज हम आप सब पढ़ लिखकर अपने समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि उन्हीं की देन हैं कि बिना ऊंच -नीच,भेद भाव के स्वतंत्र होकर हम अपने कार्यों को पूरा कर सकते हैं, उन्हें आज विदेशो में उन्हें लोग पूजते हैं।,यही नहीं उन्हे विश्व में सिंबल आफ नालेज के नाम से जाना जाता है। इस मौके पर


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते शिक्षक व छात्र

विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार पटेल ने भी उनके जीवन के बारे में बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हीं की देन है जो आज हम लोगो को मताधिकार का अधिकार प्राप्त है। अपने इच्छानुसार मत देकर किसी भी व्यक्ति को चुन सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के आई बी सर, अखिलेश सर,कुलदीप सिंह,राहुल शर्मा, रोहित कुमार, सोहन लाल, बलवीर सर, चन्द्र शेखर, रामनरेश,पिंकी कुमारी, पूजा, सरिता, सुचित्रा मैम आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# सरकारी नौकरी में चयनित अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान समरोह

**कौशाम्बी।** महेंद्रा कोचिंग इंस्टीट्यूशंस की ओर से शुक्रवार को चयनित विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। तमाम बैंकों समेत विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी पाने वाले विद्यार्थियों को ब्रांच में प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रेरक उदाहरणों के जरिए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।

तेज बहादुर सप्रु मार्ग स्थित महेंद्रा कोचिंग इंस्टीट्यूशंस में कार्यक्रम की शुरूआत शुक्रवार सुबह 10 बजे हुई। लेकिन, बुलाए गए चुनिंदा मेधावी विद्यार्थियों का पहुंचना इससे काफी पहले से ही शुरू हो गया था। तमाम विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी पहुंचे। समारोह के माध्यम से इंस्टीट्यूशंस में कोचिंग ले रहे विद्यार्थियों ने नौकरी पाने वाले संस्थान के पूर्व छात्र-छात्राओं का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र, मेडल, बैग और पेन आदि देकर सम्मानित किया। निर्धारित समय में कोचिंग का सभागार विद्यार्थियों से खचाखच भर गया था। सभी उत्साहित नजर आ रहे थे। अभिभावक भी खुश थे। मुख्य अतिथि आईबीएम सुधीर श्रीवास्तव और कृष्णा तथा संस्था के कार्यकारिणी निदेशक अनुज सहगल एवं धीरेंद्र तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान इंस्टीट्यूशंस के ब्रांच हेड अतुल सिंह, शिक्षक विवेक पांडेय, स्वदेश त्यागी, मंटू, नीरज उपाध्याय, अजीत कुमार, रमन, तान्या, शोभित, सोनाली और अनुक्रिती ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्हें प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने की सलाह दी गई।


सम्मान समरोह कार्यक्रम में मौजूद चयनित अभ्यर्थी

### सूरज की तरह चमकने के लिए सूरज के साथ उठना होगा : धीरेंद्र

महेंद्रा कोचिंग इंस्टीट्यूशंस के कार्यकारिणी निदेशक धीरेंद्र तिवारी ने उपस्थित बच्चों से कहा कि उन्हें चयनित अभ्यर्थियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा आपमें सबकुछ है, स्वयं को खोजने की जरूरत है। जिस दिन आप अपने को खोज लेते हैं, उसी दिन सफलता मिलने के आसार बढ़ जाते हैं। जो सूरज की तरह चमकना चाहते हैं, उन्हें सूरज के साथ उठना भी होगा। चोटी तक पहुंचना है तो चोट खानी पड़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने कई प्रेरणादायी कहानियों के माध्यम से अभ्यर्थियों को पढ़ाई और योग्यता के महत्व को समझाया।

### कोचिंग के इन छात्र-छात्राओं को मिली सरकारी नौकरी

आकाश अग्रवाल, अनुराग मिश्रा, आयुष्मान सिंह, वैशाली मिश्रा, वैष्णवी ओझा, सुमित पांडेय, सचिंद्र त्रिपाठी, देवांश और रत्नेश सरोज का आईबीपीएस पीओ में चयन हुआ है। इसी तरह आंचल का एलआईसी में, आस्था का एनआईएसीएल में, आशीष कुमार का बीओबी में, आशुतोष सिंह और पुष्पेंद्र मनि का एसएससी सीजीएल में, पूनम का आईबीपीएस एसओ आईटी में, पुनीत सिंह संयुक्त प्रबंधक, विपिन मिश्रा और गौरव का आरआरबी पीओ, अभय सिंह और तनु स्मृति का आईबीपीएस क्लर्क, मनोज मिश्रा का एसएससी सीएचएसएल समेत दो दर्जन से अधिक बच्चों का सरकारी नौकरी में चयन हुआ है। सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए ब्रांच हेड अतुल सिंह ने कहा कि इस सफलता से साबित होता है कि आपकी मेहनत रंग लाई और आपने माता-पिता समेत अपने शिक्षकों और कोचिंग का नाम रौशन किया है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

### सफलता के लिए समय का प्रबंधन जरूरी : सुधीर

महेंद्रा कोचिंग इंस्टीट्यूशंस के आईबीएम सुधीर श्रीवास्तव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता के लिए हर मिनट का उपयोग करें। समय का प्रबंधन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप तय कर लें कि आगे क्या करना है और बाद में अपना निर्णय न बदलें। जो तय किया, उसी रास्ते पर आगे बढ़ते रहें। पढ़ाई के साथ खेलकूद, योग जैसी गतिविधियों में भी हिस्सा लें।

# शॉर्ट सर्किट से जली गेहूं की फसल

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के इचैली गांव में बिजली के शॉर्ट-सर्किट से गेहूं के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पा काबू पा लिया। आग की जद में आने से करीब सवा बीघे फसल जलकर राख हो गई। इचैली गांव निवासी रामराज व कांतीदेवी के खेत में गेहूं की फसल तैयार थी। कृषि फीडर में आपूर्ति आते ही शॉर्ट सर्किट से खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल हो गई। गेहू के खेत से लपटों को उठता देख गांव के लोग शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचे। दो घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह लोगों ने आग पर काबू पाया। आगजनी से दोनों लोगों की करीब सवा बीघे फसल आग की भेंट चढ़ गई। इसी तरह सत्यनारायण के खेत में भी आग लग गई। हालांकि उसका ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। गनीमत रही कि हवा का रुख बदल गया नहीं तो कई लोगों के खेत आग की भेंट चढ़ जाती। हल्का लेखपाल ने जांच करते हुए रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दिया है।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, कई घरों की गृहस्थी जलकर राख

**शार्ट सर्किट**

**घटनास्थल पर पहुंची प्रशासनिक टीम, दिया मदद का आश्वासन**

**दारानगर, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के सिपाह गांव में गुरुवार की शाम को शार्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे में तकरीबन करीब दस घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मी व ग्रामीणो काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हालांकि इस दौरान पीड़ितों का काफी नुकसान हो चुका था। वहीं सूचना पर राजस्व टीम के साथ पहुंचे एसडीएम सिराथू ने पीड़ितों को अनाज की व्यवस्था कराते हुए मदद का आश्वासन दिया है।

विकास खंड कड़ा के सिपाह गांव में रोशनलाल पुत्र बुच्ची के झोपड़ी में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। ग्रामीणों ने आग की लपटों को देखा तो अफरा तफरी मच गई। इस दौरान आग देखते ही


आगजनी से जला पीड़ितों का घर

देखते पड़ोसियों के यहां भी पहुंच गई और बगल के रोशन के पुत्र छेदीलाल मनोज व बसंती पत्नी चैबेलाल, बिटानी देवी पत्नी लल्लू, प्रसादी पुत्र संभर, राम आसरे पुत्र घसीटे, दुर्गा पुत्र संभर, वीरेंद्र पुत्र लल्लू, पुष्पेंद्र पुत्र विजय आदि के घर की गृहस्थी जलाकर राख कर दिया। आनन फानन में ग्रामीणों ने घटना की जानकारी दमकल कर्मियो को दी। घटनास्थल पर पहुंचे फायर बिग्रेड के कर्मचारी ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं मौके पर पहुंचे एसडीएम सिराथू मनीष कुमार यादव, प्रभारी राजस्व निरीक्षक प्रदीप सिंह ने पीड़ितों को मदद कराए जाने का आश्वासन दिया है।

### टेवां में नहीं हो रही नियमित सफाई

**कौशाम्बी।** मंझनपुर ब्लॉक के टेवां गांव में सफाई न होने से गंदगी फैली है। नालियों का गंदा पानी रास्ते में फैला रहता है। लोग कीचड़ भरे रास्ते से आवागमन करने का मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि गांव में तैनात सफाईकर्मी के नियमित न आने से हर ओर गंदगी फैली है। जिसे लेकर लोगों में गुस्सा है।

# रंजिशन पिता-पुत्र को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के हर्रायपुर आलमचंद्र गांव में पड़ोसी युवकों ने मोहल्ले पिता-पुत्र को पीट दिया। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

हर्रायपुर निवासी हरिशंकर का पड़ोसी विनय से पुराना विवाद चल रहा है। दोनों परिवार के बीच झड़प हो गई। इसके बाद पड़ोसी ने हरिशंकर के घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए हरिशंकर व उसके बेटे को पीटकर लहूलुहान कर दिया। मारपीट देख मोहल्ले के अन्य लोग पहुंचे। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब की मनाई गई 132 वीं जयंती

**कार्यक्रम**

**जिले के विभिन्न जगहों पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**लोगों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन किया अर्पित**

**कौशाम्बी।** जिले में शुक्रवार को संविधान रचयिता बाबा साहब अंबेडकर की 132 वीं जयंती पूरे धूमधाम से मनाई गई। इतना ही नहीं विभिन्न संगठनों ने भी बाबा साहब की जयंती मनाई। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया गया।

चायल के ग्राम पंचायत पहाड़पुर सुधवर के प्राथमिक विद्यालय में भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 132 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान ग्राम प्रधानपति भारत लाल,


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

चायल विधायक प्रतिनिधि चंद्रभूषण, सपा युवा नेता सौरभ कुमार, सतेंद्र विश्वकर्मा, अध्यापक विजय कुमार, रामकुमार, राहुल कुमार, अजीत कुमार, राजेश कुमार कृषिमान स्वयं सहायता समूह की महिलाओ और अन्य ग्रामवासियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# रुपये के विवाद में दबंगों ने कुनबे को पीटा

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के कटैया गांव में रुपये के लेन-देन को लेकर दबंगों ने कुनबे को पीट दिया। थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की नामजद शिकायत की। घायलों का उपचार कराने के बाद पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कटैया निवासी मोहम्मद उमर ने बताया कि उसने गांव के ही एक रसूखदार से कुछ पैसा उधार ले रखा है। घर के बाहर बेटे जफर व नसद के साथ अरहर की मड़ाई कर रहा था। इसी दौरान आरोपित साथियों के साथ पहुंचा और उधारी दी गई रकम मांगने लगा। इस पर उसने ईद बाद रकम वापस करने को कहा तो आरोपित ने साथियों के साथ लाठी-डंडे से उसे व उसके बेटों को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। खून से लथपथ पिता-पुत्र थाने पहुंचे और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से किया। घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### भरवारी में निकाली गई शोभायात्रा

**कौशाम्बी।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर शुक्रवार को भरवारी में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सुबह दस बजे निकली और कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में पहुंची। शाम को पांच बजे कस्बे के विद्यालय में भंडारे का आयोजन किया गया।

कस्बे में आम्बेडकर जयंती की शोभायात्रा आयोजक प्रदीप कुमार सोनकर की अगुवाई में चमंधा से प्रारंभ हुई। इसके बाद गौरा, खलीलाबाद, सिंघिया होते हुए जीपी सोनकर पब्लिक स्कूल भरवानी में संपन्न हुई।

# देश के करोड़ों लोगों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए बाबा साहब : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में 14 अप्रैल शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में बोधिसत्व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहब की प्रतिमा पर पार्टी नेताओं द्वारा माल्यार्पण किया गया और प्रतीकात्मक रूप से लड्डू खिलाया गया। साथ ही बाबा साहब अमर रहे, अमर रहे के नारे लगाए गए।

शुक्रवार 14 अप्रैल को समर्थ किसान पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में पार्टी के तत्ववावधान में भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की 132 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के कई कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर दलितों, वंचितो, शोषितो और गरीबों के कल्याण के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। उन्होंने मजदूरों, कामगारों और महिलाओं के हक में तमाम कानून बनाए। आगे कहा कि उनके द्वारा बनाए गए संविधान से देश चलता है। अजय सोनी ने कहा कि देश के करोड़ों लोगों के जीवन में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर क्रांतिकारी परिवर्तन लाए। पूरा देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, सुरजीत वर्मा, फूलचंद्र लोधी, डॉ अरविंद मौर्य, हीरालाल निर्मल, परिहार लोधी, शिवबाबू मौर्य, रामभवन सरोज, जयसिंह पटेल, गिरिजा शंकर गुप्ता, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।


बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम में मौजूद पार्टी पदाधिकारी

# घर में घुसकर दबंगों ने विवाहिता को पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के असदउल्लापुर गांव में मंगलवार की शाम दबंगों ने घर में घुसकर विवाहिता को पीट दिया। आरोप है कि नामजद शिकायत के बाद भी चैकी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत एएसपी से की है। असदउल्लापुर गांव की अनीता देवी पत्नी रामराज का गांव की एक परिवार से जमीन का विवाद चल रहा है। बताया कि उसने खरीदी हुई जमीन पर मकान बनाया है। जिस पर वह परिवार के साथ रह रही है। इसी जमीन को पड़ोसी खुद की बता रहा है। इसी अदावत में मंगलवार की शाम आरोपितों ने घर में घुसकर अनीता देवी व उसकी देवरानी उमा को पीट दिया। आरोप है कि नामजद शिकायत करने के बाद भी चैकी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। शुक्रवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है।

# कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी कॉलेज के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भारत के संविधान निमार्ता चिंतक समाज सुधारक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने सबसे पहले डॉ. अंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ-साथ वहां उपस्थित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी पुष्प अर्पित कर-के उनकी जयंती मनाई। संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि भीमराव अंबेडकर जी ने अपना पूरा जीवन सामाजिक बुराइयों जैसे छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया। बाबासाहेब ने गरीब दलितों और शोषित के अधिकार के लिए जीवन भर संघर्ष किया। श्री बाबा साहब का यह जन्मदिवस समानता


बाबा साहब की जयंती मनाता विद्यालय परिवार

दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है क्योंकि बाबासाहब ने जीवन भर समानता के लिए संघर्ष किया। विश्व भर में उन्हें मानव अधिकार आंदोलन संविधान निमार्ता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाना जाता है संयुक्त राष्ट्र ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को विश्व का प्रणेता कहकर उनका गौरव बढ़ाया। संयुक्त राष्ट्र के 70 वर्ष के इतिहास में पहली बार किसी भारतीय व्यक्ति का जन्म दिवस मनाया गया था। संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने अपने संदेश में कहा कि अंबेडकर जी ने भारत के संविधान को बनाने में अपना अहम योगदान दिया था और जीवन भर गरीबों के उत्थान के लिए संघर्ष करते रहे। इस मौके पर एंडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक मिश्रा, केपीएस भीटी प्रिंसिपल सुशील त्रिपाठी, प्रकाश, किडजी प्रिंसिपल शिवांगी केसरवानी, दीपक मिश्रा एवं रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### डा. वीरेन्द्र मिश्र के निधन पर प्रमोद व मोना ने जताया दुःख



**लालगंज।** नगर के बहुगुणा पीजी कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष व पूर्व विधायक स्व. रामअंजोर मिश्र के चिकित्सक पुत्र डा. वीरेन्द्र मिश्र का गुरूवार की देर रात ह्दयगति रूकने से निधन हो गया। सत्तर वर्षीय डा. वीरेन्द्र मिश्र लालगंज में कई शिक्षण संस्थाओं के स्वयं भी संस्थापक रहे। निधन की जानकारी होने पर नगर की बाजार मे शोक छा गया। डा. वीरेन्द्र अपने पीछे पत्नी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या डा. पूर्णिमा मिश्रा समेत दो पुत्रियों को छोड गये हैं। वहीं बडी संख्या मे लोग उनके आवास पहुंचे। शुक्रवार की सुबह डा. वीरेन्द्र की शव यात्रा घर से निकली तो शिक्षकों, व्यापारियों व स्थानीय लोगों का हुजूम डिग्री कालेज गेट तक उन्हें अंतिम विदाई देने मे गमगीन दिखा। राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने डा.वीरेन्द्र को मृदुभाषी एवं शैक्षिक तथा सामाजिक क्षेत्र में दिये गए बहुमूल्य योगदान को अविस्मरणीय ठहराते हुए उनके निधन को दुखद तथा पारिवारिक क्षति कहा है। पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता प्रो. शिवाकांत ओझा ने भी डा. वीरेन्द्र की स्मृति को नमन करते हुए पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किये। सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग पाठक, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, डा. सौरभ मिश्र, डा. आरएस त्रिपाठी, डा. डीपी ओझा, इं. नरेन्द्र तिवारी, व्यापारी नेता रमाशंकर शुक्ल, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, डा. पुरूषोत्तम शुक्ल, उदयशंकर दुबे, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू ने भी डा. वीरेन्द्र मिश्र के निधन को सामाजिक क्षति कहा है। वहीं बाजार मे हुई शोकसभा में डा. राजकुमार पाण्डेय, कमलेश तिवारी, डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय, डा. शिवमूर्ति शास्त्री, प्रकाशचंद्र मिश्र, सुनील शुक्ल, विनय शुक्ल, राकेश तिवारी, रामअवध त्रिपाठी, शिवाकांत दुबे, प्रभाकर दुबे, आचार्य रामअवधेश मिश्र, दयाराम वर्मा, प्रो. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, मुन्ना तिवारी, सुरेश मिश्र मदन, राहुल मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, राकेश तिवारी गुडडू, रामलोचन त्रिपाठी, ज्ञानचंद्र मोदनवाल, वज्रघोष ओझा, शिवाकांत मिश्र, गिरीश मिश्र, ओम नारायण तिवारी आदि रहे।

# कुएं में उतराया मिला युवक का शव, कोहराम

**लालगंज।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के नेकनामपुर गांव स्थित एक कुएं मे शुक्रवार सुबह युवक का शव उतराया मिला। इसकी जानकारी होते ही हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणो की सहायता से शव को बाहर निकलवाकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक को उसके परिवार के लोग मानसिक विक्षिप्त बता रहे हैं। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के नेकनामपुर निवासी उमेश सरोज (22) पुत्र स्व. रामकिशोर सरोज का शव शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे गांव स्थित एक पुराने कुएं मे उतराया मिला। गांव से मवेशी चराने निकले कुछ चरवाहों ने उत्सुकतावश कुएं मे झांका तो शव उतराया देख आवाक रह गये। लोगों ने भाग कर इसकी सूचना गांव मे अन्य ग्रामीणों को दी। जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणो की भीड जुट गयी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान पखवारे भर पूर्व घर से गायब उमेश सरोज के रूप में होते ही परिवार के लोग रोने बिलखने लगे। मृतक के बड़े भाई



मृतक उमेश सरोज (फाइल फोटो)

रमेश कुमार ने पुलिस को दी गई इत्तेफाकिया तहरीर मे कहा है कि उसने अपने भाई मृतक उमेश के अचानक गायब हो जाने को लेकर उन्तीस मार्च को पुलिस को तहरीर दी थी। वह कई वर्षो से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मृतक के भाई ने मृतक को मानसिक रूप से विक्षिप्त बताते हुए इत्तेफाकिया तहरीर दी है। प्रथम दृष्टया कुएं मे गिरने से उमेश की मौत हुई है, शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया है। पीएम रिर्पोट आने के बाद मौत की असली वजह का पता चल सकेगा।

### करंट की चपेट मे आने से वृद्ध की मौत, युवक झुलसा

**लालगंज।** लीलापुर थाना क्षेत्र के बलीपुर परसन गांव में शुक्रवार सुबह खेत में फसल की सिंचाई करने गये वृद्ध की करंट की चपेट मे आने से मौत हो गयी। वहीं उसे बचाने मे एक युवक झुलस गया। पुलिस ने घटना की जानकारी होने से इंकार किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के चमरूपुर ग्रामसभा अर्न्तगत बलीपुर परसन निवासी मेवालाल पाण्डेय 70 घर पर रहकर खेती का कार्य करता था। वह शुक्रवार की सुबह करीब सवा आठ बजे खेत में अपनी सब्जी की फसल की सिंचाई करने गया था। वह सिंचाई के लिए खेत मे पाइप लगा रहा था कि इसी बीच खेत किनारे लगे विद्युत पोल के स्टे में उतरे करंट की चपेट मे आ गया। कुछ देर बाद उसकी पत्नी तारावती वहां पहुंची तो खेत में मेवालाल को पड़ा देख चीखने लगी। शोर सुनकर गांव के शिवांशु पाण्डेय 22 पुत्र प्रेमनाथ पाण्डेय वहां पहुंचा और वृद्ध को उठाना चाहा तो वह भी करंट की चपेट मे आने से झुलस गया। जानकारी होते ही ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत आपूर्ति बंद करायी गयी। इसके बाद लोग मेवालाल व शिवांशु को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने मेवालाल को मृत घोषित कर दिया। वही शिवांशु का इलाज जारी है। मेवालाल की मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के दो पुत्र मनीष व आशीष तथा दो पुत्रियां मंजू व संगीता है। सभी विवाहित हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक के दोनों पुत्र मुम्बई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उन्हें सूचना दी गयी है उनके आने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मामले मे एसओ सुभाष यादव का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नही है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।



मृतक मेवालाल पाण्डेय (फाइल फोटो)

# स्कूल में मनाई गई जयंती, बच्चों ने धरा अंबेडकर का रूप

**प्रतापगढ़।** शहर के वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ0 अंबेडकर की 132वीं भावनात्मक जयंती मनाई गई। विद्यालय की निदेशिका अलका सिंह ने डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल का दिन हम सबके लिए अविस्मरणीय है। विद्यालय के बच्चों ने अंबेडकर की अनुपम वेशभूषा में उनकी प्रतिमा पर भावपूर्ण नमन करते हुए नारे लगाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने अंबेडकर के जीवन पर आधारित भाषण, गीत, कविता प्रस्तुत किया। विद्यालय की शिक्षिका रोशनी सिंह और सुनीता कनौजिया ने छात्र-छात्राओं को देश प्रेम व त्याग और समर्पण के बारे में बताते हुए कहा कि अंबेडकर सशक्त भारत के निर्माण में सबके प्रेरणापुंज हैं। अलका सिंह ने बताया कि अंबेडकर ने विषम परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर समाज को समता का अधिकार दिया। हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर अपने कर्तव्यों को पूर्णनिष्ठा और ईमानदारी से निभाना चाहिए तथा राष्ट्र के लिए सदैव समर्पित रहना चाहिए। इस अवसर पर राकेश सिंह सहित विद्यालय स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।



बाबा साहब की जयंती मनाते बच्चे

### आरोपी के खिलाफ एससीएसटी का केस

**लालगंज।** लीलापुर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ एससीएसटी व जानलेवा धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरे मेर तेजगढ़ गांव निवासी सूरज गौतम पुत्र विजय गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि खेत से गेहूं का बोझ न ढोने की रंजिश में बारह अप्रैल को दोपहर एक बजे पूरे आचार्य गांव निवासी मो. इरशाद पुत्र मो. सोहराब ने मोबाइल फोन पर उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दी और जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ लीलापुर सुभाष यादव का कहना है कि मामले मे तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# डिरेल हुई मालगाड़ी, आठ घंटे बाद लाया गया पटरी पर

**प्रतापगढ़।** अयोध्या जा रही मालगाड़ी का एक वैगन गुरुवार की देर शाम चिलबिला जंक्शन के प्लेटफॉर्म दो के पास पटरी से उतर गया। इससे रेल महकमे में खलबली मच गई। बृहस्पतिवार की देर शाम मालगाड़ी चिलबिला जंक्शन पर पहुंची। पटरी के ज्वाइंट के पास मालगाड़ी के पीछे से पांचवा वैगन पटरी से उतर गया। अचानक वैगन उतरने से तेज आवाज हुई। हालांकि मामला समझते ही चालक ने ब्रेक लगाकर मालगाड़ी रोक ली।घटना की वीडियोग्राफी कराई गईहादसे की जानकारी के बाद मौके पर स्टेशन अधीक्षक ने कंट्रोल को जानकारी दी। सूचना मिलने पर आरपीएफ और जीआरपी के साथ रेल विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। रेलवे की टेक्निकल, मैकेनिकल और सिग्नल टीम ने पहले घटना की वीडियोग्राफी कराई। टेक्निकल टीम भी जांच में जुटी रही। इसके बाद दूसरे डिब्बो को क्षतिग्रस्त वैगन से अलग किया गया।मालगाड़ी के वैगन को पटरी पर लाने के लिए हाइड्रोलिक जैक और अन्य उपकरणों को मंगाया गया। लेकिन सीमेंट लदे होने की वजह से वैगन को पटरी पर नहीं लाया जा सका। इस दौरान प्रतापगढ़ के स्टेशन अधीक्षक शमीम, सीएमआई नीरज सोमवंशी, लोको लॉबी इंचार्ज एमबी सिंह कर्मचारियों के साथ डटे रहे। घटना से दो नंबरप्लेट फॉर्म बाधित रहा और तीन ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। दूसरी ट्रेनों का तीन और चार नंबर प्लेटफॉर्म से संचालन किया गया। करीब 8 घण्टे बाद भोर में ट्रैक चालू हो सका। स्टेशन अधीक्षक शमीम अहमद ने बताय कि सीआरएस ने ट्रायल नहीं किया था। उस पर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन कैसे ले ली। जबकि अब भी ट्रैक बिछाने का काम जारी है। मालगाड़ी लोड होने से इस तरह का हादसा हुआ है।



# जनपद में धूमधाम से मनाई गई डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती

**जयंती**

### कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने बाबा साहब के चित्र पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

**प्रतापगढ़।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती जनपद में बड़े धूमधाम से मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं जनपदवासियों व अधिकारियों/कर्मचारियों को बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाते समय समाज के हर वर्ग, हर तबके का ध्यान रखा। उन्होने कहा कि डा0 भीमराव अम्बेडकर जातिवाद, सम्प्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध मानते थे। बाबा साहब शोषित, दलित एवं पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिये जीवन पर्यन्त संघर्ष किये, उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा साहब अम्बेडकर एक व्यक्ति ही नही एक सोच है, एक व्यक्तित्व है जिनकी जीवन शैली को अगर हम अपने अन्दर धारित करेगें तो हम देश को विकसित कर सकते है। उन्होने कहा कि बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के बताये हुये आदर्शो, सिद्धान्तों पर चले। उन्होने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का आवाहन किया कि वे सब संवैधानिक दायरे में रहकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें, अगर कोई भी व्यक्ति पात्र है तो उसे योजनाओं का लाभ दिलायें। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम बाबा साहब की सोच को समझे, उन्होने जो संघर्ष किया उसको समझे और उनके बताये हुये रास्ते पर चले और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करें, यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होने कहा कि हम जहां भी, जिस भी पटल पर है वहां स्वयं को रखकर सोचे और हर जरूरतमंद की मदद करें तो निश्चित ही समाज की दशा और दिशा बदल जायेगी। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों ने डा0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के कर्मचारी सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार विकास भवन, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सहित समस्त तहसीलों व समस्त ब्लाकों में भी डा0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके जीवन दर्शन एवं आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान पर चर्चा की गयी।



बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते जिलाधिकारी

# कांग्रेसियों ने बाबा साहब के चित्र पर किया माल्यार्पण

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय इन्दिरा भवन पर कांग्रेसियों ने बाबा साहब की जयंती पर उन्हें याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अम्बेडकर चैराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि भारत रत्न डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर ने अपने जीवन के 65 वर्षों में देश को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, औद्योगिक, संवैधानिक आदि क्षेत्रों में अनगिनत कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया स राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि डॉ0 अंबेडकर ने समता, समानता, बन्धुता एवं मानवता आधारित भारतीय संविधान को 02 वर्ष 11 महीने और 17 दिन के कठिन परिश्रम से तैयार किया। 26 नवंबर 1949 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को सौंप कर देश के समस्त नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और व्यक्ति की गरिमा की जीवन पध्दति से भारतीय संस्कृति को अभिभूत किया। इस मॉइए पर इरफान अली, डॉ0 वी के सिंह, डॉ0 प्रशांत देव शुक्ला, वेदांत तिवारी, आशुतोष तिवारी, अशोक सिंह मुन्ना, मौलाना वाहीद, राम शिरोमणि वर्मा, अश्वनी उपाध्याय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, उत्सव भूषण पाल, राम धन यादव,अब्दुल रहमान, जमुना प्रसाद पांडेय, संजय इस्तियाक, श्याम शंकर तिवारी, अजित सिंह, बबलू पांडेय, विश्वास सिंह आदि उपस्थित रहे।



जयंती पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी

### पाकीजगी से सुनी गयी जुमे की तकरीर

**प्रतापगढ़।** रमजान मुबारक महीने में जुमे पर नगर की सभी मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ रही। कहीं-कहीं तो नमाजियों ने जगह कम पड़ने के कारण मस्जिद के बाहर जानमाज बिछाकर नमाज अता की। इस दौरान बच्चे, जवान व बूढ़े सभी जुमे की अजान के बाद सिर पर टोपी लगाये व कुर्ता-पायजामा पहन मस्जिद की ओर भागे नजर आ रहे थे। रमजान के मुबारक महीने में पड़ने वाले जुमे की नमाज को सभी मुसलमान जाया नहीं जाने देते। अजान के बाद हर मुसलमान मस्जिद में दाखिल होने के बाद सुन्नत पढ़ता है उसके बाद पेशइमाम खुतबा पढ़ते हैं और फिर फर्ज नमाज पढ़ी जाती है। नगर के बेगम वार्ड, बलीपुर, भैरोपुर, आजाद नगर, सदर बाजार, पुलिस लाइन, भुलियापुर, भगवा चुंगी, चौक जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में जुमे की नमाज अता की गयी। जामा मस्जिद के पेशइमाम ने जुमे की तकरीर में कहा कि रमजान अल्लाह तआला का महीना है। उन्होंने कहा कि शाबान के महीने में ही कुरान पाक नाजिल हुआ। उन्होंने कहा कि पैगम्बर साहब ने फरमाया कि अल्लाह तआला फरमाता है कि इस माह में अमल बढ़ा दिया जाता है।

### बाबा साहब ने देश में फैली कुरीतियों को दूर किया : आरके वर्मा

**प्रतापगढ़।** बाबा साहब डा भीमराव आंबेडकर देश की अद्भुत विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने देश में फैली कुरीतियों को दूर किया। देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति दिलाई। यह बातें रानीगंज नगर पंचायत के भागीपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कहीं। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने समाज में फैले भेदभाव को देखा और उन्हें दूर कर दिया। देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय संविधान की रचना कर समाज के हर वर्ग को अधिकार दिलाने का काम किया। गरीबों व मजदूरों को भी अपने हक दिलाने का संविधान बनाया। छुआछूत के भेदभाव को मिटाया। इस अवसर पर डॉक्टर शेर बहादुर यादव, रमेश गुप्ता प्रतिनिधि, वेद प्रकाश गौतम, वाहिद अहमद, शमीम अहमद, रंजीत मौर्या, रामप्रताप पटेल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



# अम्बेडकर जयंती पर हुए विविध आयोजन, प्रतिमा का हुआ अनावरण

**लालगंज।** संविधान के मर्मज्ञ डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर यहां विविध आयोजन हुए। नगर की बाजार में डा. अंबेडकर की जयंती पर सामाजिक चेतना यात्रा निकाली गयी। इस दौरान लोग हाथों मे तिरंगा लिए बाबा साहब के चित्र पर पुष्पार्जन करते दिखे। कार्यक्रम में अवधेश यादव, रमेश कोरी, मुन्नीलाल सरोज, मुकेश सरोज, बृजेश गौतम, अनीस, सोनू व दीपू आदि रहे। वहीं बेलहा में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने डा. अम्बेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण किया। यहां परिचर्चा में डा. अम्बेडकर के द्वारा संविधान निर्माण मे दिये गये योगदान तथा समतापरक समाज के निर्माण मे भी उनकी भूमिका को सराहा गया। कार्यक्रम में छोटेलाल सरोज, प्रीतेन्द्र ओझा, रामप्यारे सरोज, केके सरोज, शीतला गौतम, दुखछोर गौतम, अरविन्द गौतम आदि रहे। कार्यक्रम का संयोजन अर्जुन गौतम ने किया। लालगंज में कांग्रेस कार्यकताओं ने भी कैम्प कार्यालय पर एकत्रित होकर डा. अम्बेडकर जयंती पर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व को नमन किया। यहां केडी मिश्र, माताफेर पाल, रिंकू धुरिया, शिवकुमार शर्मा, पप्पू द्विवेदी, शास्त्री सौरभ, धीरेन्द्र तिवारी, मुरलीधर तिवारी, बृजेश पाण्डेय आदि रहे।



बेलहा में डा. अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते ब्लाक प्रमुख

# वृद्धा आश्रम में होगी भागवत कथा, मांग पर समाजसेवी ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल के डायरेक्टर व समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर क्षेत्र के महुली स्थित वृद्धाआश्रम में बैठक हुई। वहां रह रहे वृद्धजनों के कल्याणार्थ श्रीमद् भागवत कथा कराने के निर्णय की तैयारियों का अंतिम रूप दिया गया। कथा के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि एलायंस क्लब इंटरनेशनल एवं शीतला सहाय धर्मा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कथा का आयोजन 15 से 22 अप्रैल बीच होगा। 22 अप्रैल को हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रोशनलाल ने बताया कि वृद्धा आश्रम में रह रहे बुजुर्गों में से जो मृत हो चुके हैं उन सब की भी फोटो लगाकर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी जाएगी। कथा व्यास विनय मधुकर महाराज ने कहा कि इस आयोजन से वृद्ध जनों के लिए स्वर्ग का रास्ता बनेगा। रोशनलाल ने बताया कि वृध्दाआश्रम में रह रहे बुजुर्ग जनों की मांग पर बहुत दिनों से श्रीमद् भागवत कथा कराने की मेरी इच्छा थी जो अब सभी के सहयोग से होने जा रहा है। यहां पर रह रहे बुजुर्ग ही प्रतिदिन यजमान होंगे वही पूजन अर्चन करेंगे।वृध्दजन के मन में बहुत इच्छा थी कि हम सब भी अपने कल्याणार्थ के लिए श्रीमद् भागवत कथा सुने। सभी दादा व माताजी के कल्याणार्थ के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर वृद्धा आश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद, मानसिंह, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, शिवेश शुक्ला, अशोक अग्रवाल, विवेक यादव, सूरज, आशीष कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# फिलिंग स्टेशन का फीता काटकर किया शुभारंभ




फिलिंग स्टेशन का फीता काटकर शुभारंभ करते कुंवर मनीष सिंह

**प्रतापगढ़।** कालाकाकर के आलापुर लालगंज रोड पर रेवली स्थित भैरव बाबा पेट्रोलियम फिलिंग स्टेशन का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। कालाकाकर राजघराने के कुंवर मनीष सिंह ने फीता काटकर फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ किया। इस एरिया में नए पेट्रोल पंप के खुलने से लोगों को सहूलियतें होंगी। इसके पहले दूर दराज फिलिंग स्टेशन न होने से लोगों को तेल भराने के लिए दिक्कतें होती थी। इस दौरान क्षेत्र के ब्लाक प्रमुख सहित कई गांवों के ग्राम प्रधान, ब्लॉक कर्मचारी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। जिसमें कालाकाकर के पूर्व ब्लाक प्रमुख बैजनाथ सिंह, रमेश सरोज, विजय सरोज, सुधीर सिंह, संतोष यादव आदि शामिल रहे।

## जनसंपादकीय

# माह-ए- रमजान : दूसरों की भूख को महसूस करने का अर्थ है रोजा

**सेराज खान बातिश**



धर्म और आस्था का संकल्प लिये लोग कैसे कैसे कष्ट सह जाते हैं। शरीर को तकलीफ में डाल कर खुदा को याद करने या राजी करना, ईश्वर के प्रति साधनामय होना आस्थाओं की परंपरागत मान्यता रही है । बांग्ला में एक कहावत भी प्रचलित है -'कष्टों करले टेस्टो पावा जाए। दर असल कष्ट और संघर्ष की निरंतर प्रक्रिया ही सफलता की कुंजी है। इसे चाहे ईश्वर की प्राप्ति कह लिया जाए या फिर मुक्ति का मार्ग!

बुद्ध का निर्वाण भी ऐसे ही एक कष्टपरक साधना थी!हजरत मुहम्मद साहब ने भी 'हीरा' नामक पहाड़ की एक गुफा में चालीस दिन तक कठोर साधना की थी। कहीं शास्त्रों में भी कहा गया है - 'ईश्वर का भोजन है साधना।' इस्लाम में भी ऐसे कष्टदायक सिद्धि का चलन रहा है। रमजान महीना उसका एक उदाहरण है। रमजान का यह समापन सत्र चल रहा है। भारत समेत मुस्लिम जगत इबादत और रियाज व अपने शुद्धीकरण में लगा हुआ है।कम तौलना, किसी को धोखा न देना, किसी के साथ अन्याय न करना, अपनी पत्नियों व बच्चों से स्नेह करना, पड़ोसी से मधुर संबंध बनाए रखना आदि शुभ कार्य रमजान के पालन का उद्देश्य है,जो अन्य धर्मों का भी मूलमंत्र है। मगर हम कितना धर्म के सदबचलनों और सिद्धांतों का पालन कर पाते हैं,यह हम बेहतर जानते हैं? सब कुछ हो रहा है और धर्म व आस्था भी चल रही है। मजदूर इस कड़ाके की धूप में छत की ढलाई कर रहे हैं। इससे भी बड़ी कोई कष्टदायक इबादत है क्या ? अगर वह रोजा भी है तो अपने साथ अत्याचार कर रहा है। अगर उसे लू लग जाए या गिर जाए तो रोजा के कड़े सिद्धांत या कोई दिव्य शक्ति उसे जीवन दान नहीं देगी, उसका उपचार नहीं कर सकती।

> **इस महीने में युद्ध नहीं होना चाहिए । लेकिन भयंकर युद्ध चल रहे हैं । इस महीने शैतान कैद कर लिए जाते हैं मगर धार्मिक जुलूसों के दौरान दंगे हो रहे हैं। कहां कोई फर्क पड़ा ? इस्लामी दृष्टि से इस महीने का महत्व इसलिए भी है कि इसी महीने कुरान का आवरण प्रारंभ हुआ और हजरत मुहम्मद साहब के जीवन काल के तेईस वर्षों तक चलता रहा और उनके गुजर जाने के एक सौ साल बाद कुरान का यह संकलित रूप आज हमारे सामने है।**

लेकिन आस्थाओं और धर्म का आक्रामक रूप, जन्नत दोजक का भय अबोध मानस को यह सब करने को बाध्य करता है।

कलकत्ते के एक बड़े शायर व पत्रकार थे, इब्राहिम होश, जो 'काला चांद डोमा' के छद्मनाम से व्यंग्य लिखते थे। वे एक अखबार भी निकालते थे 'रोजाना हिन्दी।' उनका कलकतिया टोन और तत्कालीन हिन्दी फिल्मों के गानों की पैरोडी पाठकों में बहुत लोकप्रिय थी - 'रो ?रो कहते हैं घुघनी फुलौड़ी , तेरे जाने से सारा मजा घट ग?ईस।' इब्राहिम होश साहब ने थर्म के ऐसे पाखण्डों पर बहुत प्रहार किया है। जीवन जगत के जैसे अर्थ बदलते जा रहे हैं , वैसे ही धर्मों और आस्थाओं के अर्थ बदल रहे हैं।आज इफ्तार में तरह तरह के डिश आनलआइन खाने व मिठाइयों से दस्तरख्वान की शोभा बढ़ाई जाती है। ऐसे रोजा और शोबाजी की इस्लाम में मनाही है।अब तो धर्मो के बहुत से रूपों का राजनीतिकरण हो गया है। उसी का एक रूप है राजनीतिक पार्टियों द्वारा 'इफ्तार पार्टियों' का आयोजन करना। इन पार्टियों में प्रायः बेरोजदार लोग ही होते हैं।

इस महीने में युद्ध नहीं होना चाहिए । लेकिन भयंकर युद्ध चल रहे हैं । इस महीने शैतान कैद कर लिए जाते हैं मगर धार्मिक जुलूसों के दौरान दंगे हो रहे हैं। कहां कोई फर्क पड़ा ? इस्लामी दृष्टि से इस महीने का महत्व इसलिए भी है कि इसी महीने कुरान का आवरण प्रारंभ हुआ और हजरत मुहम्मद साहब के जीवन काल के तेईस वर्षों तक चलता रहा और उनके गुजर जाने के एक सौ साल बाद कुरान का यह संकलित रूप आज हमारे सामने है।

इस महीने फितरा, जकात, सदका और खैरात देने का इस्लामी आदेश है। फितरा परिवार के हर व्यक्ति पर अदा करना अनिवार्य है । इस वर्ष पैंसठ रुपए प्रति व्यक्ति फितरा तय किया गया है। जकात एक प्रकार से इस्लामी कर प्रणाली है। इसके तहत धन संपत्ति चल अचल पर चालीस प्रतिशत अदा करने का हुक्म है, जिसे अदा कर देना होता है। सदका वह राशि है, जिसे मुस्लिम समाज अपने किसी सदस्य या अपने किसी दिवंगत प्रियजन के पुण्यार्थ किसी निर्धन को देते हैं और खैरात भी उसी प्रकार दान देने की एक परंपरा है। इस तरह मुस्लिम समाज रमजान के महीने में क?ई तरह से अपने जीवन शरीर आत्मा और धन का शुद्धीकरण करता हैं।

कुछ लोग उन राशियों को मदरसों या अन्य धार्मिक संस्थाओं को भी दे देते हैं।

रमजान के दौरान कुरान का नमाज के रूप में जिसे तरावी कहा जाता है,रात के समय कंठस्थ पाठ होता है।इसका उद्देश्य यही है कि कुरान के मूल पाठ में कहीं कोई परिवर्तन तो नहीं कर लिया गया है? रमजान,अरबी के 'रमादान' शब्द से आया है ,जिसका अर्थ -गर्म महीना या शुष्क वातावरण है।वैसे उपवास का महत्व हर धर्म में बताया गया है।यह एक प्रकार से स्वयं शुद्धीकरण की प्रक्रिया है।

रमजान के इस समापन के दिनों मे 'ताकरातों' और 'लैलतुलकद्र' की खास अहमियत है।इन रातों

में विशेष इबादत का बहुत महत्व है।एक हदीस ( हजरत मुहम्मद साहब का वक्तव्य) में कहा गया है कि अल्लाह इस महीने में अपने नेक बंदों से खास प्रेम और लगाव रखता है।इस महीने में आत्मा को शुद्ध और सशक्त करने का अल्लाह अवसर देता है। मगर घर घर आया का काम करने वाली तजुबेर्कार 'बुआ जी' कहती हैं -नहीं सर, सब रोजी पर है- रोजी से ही रोजा है ,सर!

**( लेखक कवि और कथाकार हैं, संपर्क ९३३९८४७१९८)**

## सत्ता आती रहेगी, जाती रहेगी मगर यह देश रहेगा



सरकार की आलोचना करने पर /संभव आप मेरी जान ले-लें
मेरे मरने के बाद आप चाहें /मेरे सर पर लाल गमछा या /जालीदार टोपी पहना दें।
उसके लिए आप स्वतंत्र हैं/उम्मीद है आप प्राप्त सूचना के/मुताबिक काम करेंगे।
मैं उसका विरोध नहीं कर पाऊंगा
मगर मुझे मारने से पहले आपसे /एक विनती है मेरी, मानोगे क्या?
मेरे देश की संसद चलने दो/लोकतंत्र-इतिहास को रहने दो।
क्योंकि आप लिखा हुआ मिटा पाओगे /किताबें छपवाकर बाँट सकोगे देश में
देश को बर्बाद भी कर पाओगे मगर /लोगों के /जहन में इस देश को कैसे बदलोगे?
सत्ता आती रहेगी, जाती रहेगी /मगर यह देश रहेगा कोई बोला था।
तब देश नतमस्तक उन्हें, सुनता था/ क्योंकि उसमें देश का सौदा नहीं था ।
बेशक मार डालना मुझे, और फिर चाहें करो/झोला तो फकीरी का प्रतीक है न?
क्या पता था, किसी जादूगर की तरह / उसमें सत्ता के नशे की बोतल भी थी।

**- पंकज त्रिवेदी**

# पाठ्य पुस्तकों के 'रेशनेलाईजेशन' के मायने

## समय- संदर्भ

**सुभाष गाताडे**



टू किल ए मॉकिंग बर्ड। हार्पर ली नामक लेखिका का यह इस उपन्यास / प्रकाशन वर्ष 1960/ विश्वभर में चर्चित है। उपन्यास का फोकस श्वेत युवती के साथ बलात्कार के फर्जी आरोप में फंसाए गए एक अश्वेत युवक को दोषमुक्त साबित करने के लिए एटिकस फिंच नामक श्वेत वकील के लगभग अकेले संघर्ष की कहानी बयां करता है।

एक ऐसे वक्त. में जबकि अमेरिका में अश्वेतों के नागरिक अधिकारों के लिए सरगर्मियां धीरे धीरे बढ़ रही थीं, उन दिनों प्रकाशित इस उपन्यास ने पाठकों की कई पीढ़ियों का प्रभावित किया है और तमाम लोगों को प्रेरित किया है कि वह नस्लीय शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाए। कुछ साल पहले दुनिया के अग्रणी लाईब्रेरियनों द्वारा इस किताब को सबसे जरूरी पठनीय किताब घोषित किया गया है, लेकिन इस वजह से अमेरिका के अलग अलग स्कूलों में विभिन्न वजहों से इस पर पाबंदी लगने या उसे चुनौती देने के मामले में कोई कमी नहीं आयी है। कहा जाता है यह किताब आज भी इस फेहरिश्त में टॉप पर बतायी जाती है। जानकारों के मुताबिक किताबों पर पाबंदी लगाने या उन्हें चुनौती देने के मामले में अमेरिका के अंदर हाल के समयों में तेजी आयी है। बहुचर्चित किताबों को अदालती कार्रवाइयों को झेलना पड़ा है कि वह युवा पाठकों के लिए अनफिट है। जैसे कि उम्मीद की जा सकती है कि इसने स्कूलों में दमघोंटू वातावरण को निर्मित किया है, अलग अलग मसलों पर विचारों के मुक्त आदानप्रदान को कुंद किया है और स्कूल के अंदर अभिव्यक्ति की स्वतंत्राता के छात्रों के संवैधानिक अधिकार को गंभीरता से बाधित किया है।

भारत के अंदर की स्थिति - जिसके शासक इन दिनों अपने आप को ह्यमदर आफ डेमोक्रेसीह्न अर्थात जनतंत्र की मां के तौर पर पेश करने में फक्र महसूस करते हैं - दुनिया के सबसे ताकतवर जनतंत्र के बरअक्स गुणात्मक तौर पर अलग नहीं है, बल्कि बदतर है।

छात्र क्या पहनें या ना पहने से लेकर वह क्या खाएं या न खाएं या स्कूल के परिसर में कौन से गाने / प्रार्थनाएं गाएं या किन उत्सवों को मनाए, छात्र जीवन के हर पहलू को विवादास्पद बना दिया गया है और स्कूली वातावरण को विषाक्त बनाया जा रहा है। पाठयक्रमों में मनमाने किस्म के बदलाव, जिनमें न शिक्षाशास्त्रीय/पेडागॉजिकल मानदंडों का ध्यान रखा जाता हो या क्षेत्र के विशेषज्ञों से सलाह मशविरा किया जाता हो - आम हो गए हैं, जिस रास्ते एक तरह से केन्द्र में सत्ताधारी हिन्दुत्व वर्चस्ववादी जमातों के नजरिये का सामान्यीकरण किया जा रहा है।

एनसीईआरटी - जिसका गठन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू के जमाने में एक स्वायत्त संस्थान के तौर पर हुआ और जिस के जरिए स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए नीतिगत और कार्यक्रमगत सलाह मशविरे का सिलसिला शुरू किया गया, वह इन दिनों विवादों के केन्द्र में है। वजह यह है कि उसके द्वारा तैयार की गयी छठवीं से 12 वीं तक की कक्षाओं की समाजविज्ञान और राजनीतिविज्ञान की पाठ्य पुस्तकों को बिना जानकारों, विशेषज्ञों से सलाह मशविरा किए संपादित कर छात्रों के सामने नए संस्करण के तौर पर पेश किया गया है। और तर्क दिया गया है कि यह पूरी कवायद ह्यछात्रों का बोझ कम करनेह्न और पाठयक्रम के ह्यरेशनलायजेशनह्न के लिए की जा रही है।आखिर इस पूरी कवायद को लेकर असंतोष के स्वर, असहमति की आवाजें क्यों उठ रही है। एक पहलू प्रक्रियाओं के पालन का है, दूसरा पहलू कंटेट का है और तीसरा पहलू पुनर्लेखन के पीछे की प्रणाली से जुड़ा है।

अगर हम थोड़ा पीछे मुड़ कर देखें तो एनसीईआरटी की इन किताबों को इक्कीसवीं सदी की पहली दहाई के मध्य में प्रोफेसर यशपाल जैसे जानेमाने शिक्षाविद की अगुआई में बनी कमेटी के सलाह के बाद निर्मित किया गया। शिक्षा के केसरियाकरण के आरोपों से घिरी रही वाजपेयी सरकार की केन्द्र से बेदखली के बाद कांग्रेस के नेतृत्व में बनी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार की अगुआई में यह काम शुरू हुआ , जब शिक्षा मंत्री अर्जुन सिंह थे। इन किताबों के निर्माण में देश के अग्रणी समाजविज्ञानी और राजनीतिविज्ञानी, इतिहासकार तथा अन्य विषयों के जानकारों को शामिल किया गया। कई दौर के बातचीत के सत्र चले तथा उसके बाद ही इन किताबों को अंतिम रूप दिया गया।

याद रहे रिवाज यही है कि अग्रणी अकादमिकों तथा एनसीईआरटी के विशेषज्ञों के आपसी संवाद के बाद खास विषय के पाठ्यक्रम तय होते हैं तो क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रोफेसरों की एक कमेटी बनती है, जो पाठ्यक्रम पर विचार करती है और फिर किन पहलुओं पर जोर दिया जाए, कैसे नयी नयी बातें शामिल की जाए और फिर अलग अलग अध्यायों को आपस में बांटकर उसका लेखन होता है। एक मसविदा पाठ्यपुस्तक तैयार हो जाए तो पाठ्यपुस्तक निर्माण से संबंधित शिक्षकों की सहायता से कार्यशाला चलती है, सैम्पल कक्षाओं में उसे पढ़ाया जाता है और अंततः सभी से आने वाले फीडबैक को लेकर उसे अंतिम रूप प्रदान किया जाता है।

ध्यान रहे कि पाठ्यपुस्तकों के निर्माण में जिस सख्ती की जरूरत होती है, उसी किस्म की प्रक्रिया उसके संशोधन की होती है। ऐसा नहीं हो सकता है अकादमिकों, विशेषज्ञों, अध्यापकों के आपसी विमर्श के बाद जो पाठ्यपुस्तक तैयार कर दी गयी, उसमें सुधार करने की प्रक्रिया को तदर्थ ढंग से अंजाम दिया जाए। विडम्बना यही है कि पाठयपुस्तकों के सुव्यवस्थीकरण / रेशनलायजेशन के नाम पर चलायी गयी ताजा इस प्रक्रिया में इन पहलुओं की पूरी तरह अनदेखी की गयी।

आम तौर पर होता यही है कि ऐसे संशोधनों के पहले एनसीईआरटी की तरफ से यह संकेत भी दिया जाता है कि वह क्या चाह रही है, जो बातें फिर विशेषज्ञों, अकादमिकों के लिए गाइडलाइन का काम करती है। काउंसिल की तरफ से कोई बैठक बुलाने या आपसी विचार विमर्श की प्रक्रिया चलाना तो दूर रहा पाठ्यपुस्तकों में संभावित सुधारों के बारे में भी क्षेत्र के जानकारों को कुछ नहीं बताया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि काउंसिल के चंद कर्मचारी अध्यापकों ने गुपचुप तरीके से अंजाम दिया और संपादित किताब मुद्रण के लिए भेज दी। क्या इस बात की उम्मीद की जा सकती है कि देश विदेश के स्तर पर अपने क्षेत्र के अग्रणी विद्वानों ने समय निकाल कर जिन पाठ्य पुस्तकों को तैयार किया, उन्हें दफ्तर में बैठकर कोई संपादित कर सकेगा। यह उसी तरह से होगा कि किसी महान पेंटर की कलाकृति को किसी मामूली चित्रकार से सुधरवाया जाए।

अगर एक क्षण के लिए मान लें कि एनसीईआरटी किताबों की मोटाई को, उसके पन्नों को कम करना चाह रही थी, तो वह उन सभी विद्वानों को लिख देती कि आप ने मिल कर जिस अध्याय को बच्चों के लिए लिखा है, उसमें से अपने हिसाब से दस फीसदी या बीसदी हिस्सा हटा दें और हमें संशोधित कर भेज दें, क्या इस क्षेत्रा के विद्वान इससे दूर रहते। नहीं ! दरअसल सरकार को इस बात का डर था कि अगर यह काम उन्हीं विशेषज्ञों पर छोड़ दिया जाए तो सरकार जिन जिन हिस्सों को छांटना चाह रही है, वह हिस्से हट नहीं सकेंगे !

और वही हुआ जिसका अंदेशा था। विद्वतजनो की लिखी किताबों को सरकार समर्थक नौकरशाहों ने हिन्दुत्व वर्चस्ववादी संगठनों के हिमायतियों की सहायता से छांट दिया, जिसे लेकर उसकी आज हंसी उड़ रही है और लोगों को इसमें साफ दिख रहा है कि इस कांटछांट का असली एजेण्डा हिन्दुत्व के विचार को नयी मजबूती देना है।

अगर हम अलग अलग अखबारों में इससे संबंधित समाचारों को पलटें तो पता चलता है कि दिल्ली सल्तनत से लेकर मुगल काल तक के महत्वपूर्ण अंशों को, जाति के इर्दगिर्द पहले के संस्करणों में चली चर्चा को या महात्मा गांधी के हत्यारे हिन्दुत्व अतिवादी नथुराम गोडसे या इस हत्या की साजिश में शामिल हिन्दुत्व वर्चस्ववादी जमातों को अधिक तटस्थ रूप में, सैनिटाइज अर्थात उनके साफसुथराकृत रूप में पेश किया गया है। वर्ष 2002 के गुजरात दंगे, जिसमें राज्य की अकर्मण्यता और निरपराध नागरिकों के खिलाफ बहुसंख्यक संप्रदायवादी संगठनों के सुनियोजित हिंसाचार की देश और देश के बाहर भी जबरदस्त आलोचना हुई, इन सब चचाओं को ताजा संस्करण से गायब कर दिया गया है। यहां नहीं भूलना चाहिए कि गुजरात की इन हिंसक घटनाओं को लेकर देश की बेहद नकारात्मक छवि दुनिया के पैमाने पर बनी थी। जिन अध्यायों को या जिन हिस्सों को छांटा गया है, उन पर सरसरी निगाह भी डालें तो हड़बड़ाहट के साथ, आननफानन में चलायी गयी इस प्रक्रिया की झलक मिलती है कि इसमें किस तरह सुसंगति का अभाव रहा है, जिसके चलते भारत के संविधान के माध्यम से भारत की जो छवि प्रतिबिम्बित होती है, जिस साझी विरासत की बात सुनते हुए हम बड़े हुए हैं, आपसी समुदायों के आपस के सदभावपूर्ण रिश्तों की बात करते हुए हम बड़े हुए हैं, यह छवि तार तार होती दिखती है और भारत की एकांगी छवि प्रोजेक्ट होती है। पाठ्यक्रमों की कांटछांट का दायरा सामाजिक राजनीतिक आंदोलनों तक भी फैला है, जिसमें फिर नक्सलवाद से नर्मदा आंदोलन, चिपको आंदोलनों से संबंधित हिस्सों को काट छांट दिया गया है या हटा दिया गया है। ह्यद हिन्दूह्न अखबार ने इस बात की चर्चा भी की है कि किस तरह कुपोषण से जुड़ी चचाओं को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। जितनी हड़बड़ाहट में चीजों को संपादित किया गया है, उसमें दो अन्य दिक्कते हैं , पहली समस्या शिक्षाशास्त्र से संबंधित है, दूसरी समस्या इसमें है कि क्या काउंसिल के अग्रणी इस बात से बेखबर हैं कि किताबों के संपादित हिस्से बच्चों को देकर वह उन्हें वास्तविक जानकारी पाने से वंचित कर सकेंगे, निश्चित ही नहीं। दरअसल इंटरनेट के जमाने में अगर कोई हुकूमत यह सोचे कि बच्चों तक वह सही जानकारी नहीं पहुचने देगी तो यह उसकी मुगालता है, उससे अधिक कुछ नहीं। और लोकतंत्र के आवरण में लिपटी हर अधिनायकवादी हुकूमत ऐसे ही भ्रम में जीती है और एक दिन सत्ता के गलियारों से अपने आप को बेदखल पाती है।

क्या हम यह कहना चाहते हैं कि इतिहास का पुनर्लेखन नहीं होना चाहिए ? ऐसी अहमक जैसी बात कौन कर सकता है। प्रख्यात इतिहासकार ई एच कार की किताब है ह्यइतिहास क्या है / व्हाट इज हिस्ट्री ?ह्न जिसमें वह एक जगह इतिहास की बेहद सरल मगर बेहद गहरी व्याख्या करते हैं। ह्यइतिहास अतीत के साथ वर्तमान के संवाद का दूसरा नाम हैह्न। जाहिर है ऐसा संवाद पत्थर की लकीर की तरह हो ही नहीं सकता। नए तथ्य आएंगे, देश दुनिया को देखने के नए फलसफाई नजरिए विकसित होंगे और हम बार बार अपने इस अतीत से अपनी गुफतगू जारी रखेंगे।

प्रोफेसर के एन पन्निकर अपने बेहद सारगर्भित निबंध ह्यआउटसाइडर एज एनीमी ह्न अर्थात दुश्मन के तौर पर बाहरी व्यक्ति/ में इसी बात को दूसरे अंदाज में बयां करते हैं, इतिहास सतत चलने वाली ऐसी प्रक्रिया है ह्यजहा इतिहासकार पद्वतिविज्ञान संबंधी या विचारधारात्मक नए नए दृष्टिकोणों से रूबरू होता है या इसके पहले के अनजान तथ्यों के आधार पर नए ढंग से विश्लेषित करने की कोशिश करता है। एनसीईआरटी ने सुव्यवस्थीकरण के नाम पर जिस कांटछांट को मनमाने ढंग से अंजाम दिया है इसमें आप को इस पूरी प्रक्रिया और स्पिरिट का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन दिखता है।

वैसे चाहे अमेरिका हो या भारत हो पाठ्यपुस्तकों को बैन करने, उन्हें संशोधित करने या उन्हें चुनौती देने की प्रक्रिया स्वतःस्फूर्त नहीं होती। आप को इसके पीछे रूढिवादी, संकीर्ण नजरिया रखनेवाले संगठन ; समुदाय या आस्था के आधार पर एक दूसरे को दुश्मन साबित करने वाली तंजीमें साफ साफ दिखती हैं।

अमेरिका और दुनिया के अन्य भागों में सक्रिय लेखकों के संगठन / पेन, अमेरिका/ द्वारा किए गए अध्ययन और जारी किए गए रिपोर्टों में ऐसे संगठित समूहों की दखलंदाजी साफ साफ दिखती है। ह्यपेन अमेरिकाह्न के मुताबिक इसके पीछे ह्यक्रिश्चियन नैशनेलिस्ट संगठन यहां तक ऐसे संगठन जो शिक्षा संस्थानों में अधिक धार्मिक शिक्षा देने की वकालत करते हैं, देखे गए हैं ; यहां तक कि अभिभावकों के समूहों में कई स्थानों पर टंप की दक्षिणपंथी राजनीति से नजदीकी भी देखी गयी है।

ऐसे तमाम अध्ययन और रिपोर्ट हाजिर हैं जो बताती हैं कि किस तरह दक्षिणपंथी हिन्दुववादी विचारों से जुड़े संगठन तथा समूह इस मामले पर लंबे समय से संक्रिय रहे हैं, जिनकी सक्रियताएं भारत को आजादी मिलने के तत्काल बाद अधिक संगठित रूप में शुरू हुई हैं।

दरअसल ह्यअन्यह्न के प्रति उनकी नफरत इतनी ज्यादा है या उनका विश्वनजरिया जिस तरह ह्यबाहरी दुश्मनह्न के चिंतन पर टिका है कि उन्हें इस बात से भी कत्तई गुरेज नहीं है, ह्यपाठयपुस्तकों के व्यवस्थीकरण/ रेशनलायजेशन की उनकी कवायद न केवल महात्मा गांधी जैसे महामानव के असली हत्यारे और उसकी साजिश रचनेवाली हिन्दुत्व वर्चस्ववादी जमातों का सैनिटायजेशन करने अर्थात उनका साफसुथराकरण करने के उपक्रम को सामने लाती है बल्कि साथ ही साथ उस औपनिवेशिक आख्यान को भी नयी मजबूती प्रदान करती है, जिसके तहत भारतीय इतिहास को उपनिवेशवादी ब्रिटेन के विचारकों एवं दार्शनिकों द्वारा पेश किया है। याद रहे कि वर्ष 1818 में ही इनके करीबी एक स्कॉटिश दार्शनिक और अर्थशास्त्री जेम्स मिल ने ब्रिटिश भारत का इतिहास लिखा था, जिसके तहत भारत के इतिहास को हिन्दू कालखंड, मुस्लिम कालखंड और ब्रिटिश कालखंड के तौर पर बांटा गया था।

अब जहां तक जेम्स मिल की बात है वह यही मानते थे कि ब्रिटेन का भारत में आगमन एक तरह से भारत जैसे पिछड़े मुल्क को ह्यसभ्य बनानेह्न का मिशन है और जिन्होंने भारतीय समाज को नैतिक तौर पर कमतर मोरली डिग्रेडेड कहा था। इतनाही नहीं सदियों से भारत में कायम साझा विरासत की भी और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी मधुर रिश्तों की भी उन्होंने अनदेखी की थी।

विडम्बना ही है कि आए दिन राष्ट की दुहाई देने वाली या अन्यीकरण की उनकी राजनीति से असहमति रखनेवाली आवाजों को दमन करनेवाली ताकतें किस तरह औपनिवेशिक आख्यान को सेलिब्रेट कर रही हैं और उसमें गर्व हासिल कर रही हैं, यह सभी के सामने है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं)**

# बहुजन नायक की समाजवादी आस्था

## स्मरण

**जयप्रकाश पांडेय**



उपनिवेशवाद के अवशेषों, सामंती संस्कारों एवं देश के बंटवारे से उपजे हालात में आजाद हुए इस मुल्क ने समकालीन समस्याओं के समाधान एवं शहीदों के सपनों के भारत के निर्माण के लिए लोकतांत्रिक समाजवाद का रास्ता अपनाया।इसी लोकतांत्रिक रास्ते पर चलते हुए इस देश ने हरित क्रांति से पेट की आग बुझाई,आईटी एवं स्पेस टेक्नोलॉजी में देश का गौरव बढ़ाया तो सामाजिक गैर बराबरी मिटाने के आग्रह से हिंदू कोड बिल एवं मंडल आयोग के कार्यान्वित कर वंचित, शोषित तबके को मुख्यधारा में शामिल किया। हमने लोकतांत्रिक संस्थाओं, मूल्यों, परंपराओं को सार्वजनिक जीवन की एक संस्कृति के रूप में स्थापित करने में सफलता हासिल की। लेकिन पिछले एक दशक से दक्षिणपंथ के उभार से साझी विरासत साझी सहादत से निर्मित समरसता खंडित हो रही है।माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में हेट स्पीच पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया है। संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता, अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी लगाई जा रही है, सत्तापक्ष स्वयं सदन में गतिरोध पैदा कर रहा है,प्रतिपक्ष के नेताओं पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स की छापेमारी हो रही है तो विपक्षी राज्य सरकारों को ऑपरेशन लोटस के माध्यम से ध्वस्त किया जा रहा है। इससे संवैधानिक नैतिकता तार-तार हो रही है। नवउदारवादी आर्थिक नीतियों से विषमता की खाई चौड़ी होरही है।आज नीचे की 50% आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का महज 4.1% हिस्सा है वहीं ऊपर की 1 फीसदी आबादी के पास देश की संपत्ति का 53% हिस्सा है। यह विडंबना है कि विगत दो वर्षों में ही अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़कर 166 हो गई है। वहीं भुखमरी सूचकांक, मानव विकास सूचकांक एवं प्रति व्यक्ति आय के स्तर पर भारत श्रीलंका, बांग्लादेश के भी पीछे खड़ा है। ?27 दैनिक आमदनी पर गुजारा करने वाला किसान संकटग्रस्त है। प्रतिदिन 2300 किसान पुरखों की जमीन से बेदखल होकर भूमिहीन हो रहा है।घाटे की खेती एवं कर्ज के दबाव में प्रतिदिन 21 किसान आत्महत्या के लिए अभिशप्त है।115 दिहाड़ी मजदूर भी हर रोज खुदकुशी कर रहे हैं। प्रसारणशील बेरोजगारी के दौर में नियमित सरकारी नौकरियों में कटौती एवं आउटसोर्स की भट्टी में युवाओं के सपने खाक हो रहे हैं। ऐसे में बाबा साहब की जीवन संघर्ष एवं उनकी विचार दृष्टि का अवलोकन हमें इस अंधेरे से निकलने में एक ज्योतिपुंज की भूमिका निभाता है।

भारतीय समाज व्यवस्था के बारे में बाबा साहब का अपना मौलिक चिंतन था। उन्होंने जातिवाद के संदर्भ में तथाकथित श्रम के विभाजन की संकल्पना को खारिज कर दिया। उनका मानना था कि जाति प्रथा केवल श्रम का विभाजन नहीं है, बल्कि यह श्रमिकों का भी विभाजन है। बाबा साहब ने साफ कहा कि जाति ईट की दीवारों जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है बल्कि यह एक धारणा है एक मानसिक स्थिति है जात पात को मानने वाले लोग दोषी नहीं हैं बल्कि वह शास्त्र उत्तरदाई हैं जिन्होंने जाति और धर्म की शिक्षा दी बाबा साहब राजनीतिक मुक्ति को महत्वपूर्ण मानते हुए भी सामाजिक मुक्ति को ही संपूर्ण मुक्ति मानते थे। वह अक्सर कहा करते थे कि जाति एक ऐसा दैत्य है जो आप के मार्ग में खड़ा जब तक आप इसे मारेंगे नहीं न तो कोई राजनीतिक सुधार कर सकते हैं और न ही कोई आर्थिक सुधार।डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मानसिक निर्मिति पर अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय एवं लंदन के शैक्षणिक संस्थाओं के परिवेश और प्रोफेसर जॉन डीवी का प्रभाव साफ दिखता है। निश्चित रूप से पश्चिम प्रवास में ही बाबा साहब में लोकतांत्रिक मूल्यों- स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति निष्ठा दृढ़ हुई। भारत में सार्वजनिक जीवन की शुरूआत उन्होंने बहुजन बहुजनों पर आरोपित सामाजिक वर्जनाओं के प्रतिरोध में सत्याग्रह से किया। नासिक के कालाराम मंदिर में दलितों के प्रवेश के लिए उनका सत्याग्रह चर्चित रहा किंतु 1920 में महाड सत्याग्रह जिसमें उन्होंने तालाब पर दलितों के हक के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया था, यह पूरे देश में चर्चित हुआ। उन्होंने बिखरी हुई दलित शक्तियों को एकत्र करके एक दबाव समूह बनाने का प्रयास किया, जिससे दलितों की राजनीति में सहभागिता सुनिश्चित हो सके इसी क्रम में उन्होंने बहिष्कृत हितकारिणी सभा, शेड्यूल कास्ट फेडरेशन की स्थापना की। 1926 -42 तक मुंबई विधान परिषद एवं विधानसभा में दलितों की आवाज उठाई। अंग्रेज प्रशासकों के कम्युनल अवार्ड की घोषणा में दलितों को हिंदुओं से पृथक निर्वाचन मंडल का प्रावधान कर दिया गया। किंतु महात्मा गांधी ने इस कम्युनल अवार्ड के खिलाफ आमरण अनशन शुरू किया तब अंततः बाबा साहब ने पूना पैक्ट (24 सितंबर 1932) पर हस्ताक्षर कर दलितों को हिंदू समुदाय से पृथक होने की संभावना पर रोक लगा दी। परंतु उनके प्रयासों से दलितों को प्रांतीय विधानसभा में 71 से बढ़कर 147 और केंद्रीय विधानसभा की कुल सीटों में 18% का प्रावधान हो सका।

बाबा साहब की सामाजिक न्याय की संकल्पना संकुचित नहीं थी 1942- 46 में वायसराय की कार्यकारिणी सदस्य (श्रम मंत्री) रहते हुए उन्होंने औद्योगिक श्रमिकों की अधिकतम दैनिक कार्य अवधि 14 घंटे से घटाकर 8 घंटे तथा ट्रेड यूनियन की अनिवार्य मान्यता हेतु कानूनी प्रावधान कराया। वहीं आधी आबादी के हक में नेहरू मंत्रिमंडल के सदस्य की हैसियत से उन्होंने ऐतिहासिक 'हिंदू कोड बिल 195' प्रस्तुत किया। आज हिंदू,बौद्ध,जैन समुदाय की महिलाओं को तलाक लेने का अधिकार, पिता की संपत्ति में पुत्र के बराबर का हक तथा एक से अधिक विवाह पर प्रतिबंध जैसे प्रगतिशील अधिकार बाबा साहब के संघर्षों के कारण ही हासिल हो सके। बाबा साहब हिंदू महासभा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,एवं अन्य दक्षिणपंथी संगठनों के उभार से चिंतित थे। 1940 में उन्होंने कहा था अगर हिंदू राष्ट्र बन गया तो इस देश में भारी तबाही का पर कारण बनेगा?।

हमें हिंदू राष्ट्र बनने की प्रक्रिया को हर हाल में रोकना होगा अन्यथा दलितों और महिलाओं की दशा दयनीय हो जाएगी। दक्षिणपंथी राजनीतिक समूहों द्वारा समाज में अपने वर्चस्व को कायम रखने के लिए आधी आबादी,दलितों एवं पिछड़ों को बराबरी देने के प्रयास में फ्रूट फ्रूट बाधा पैदा करने से क्षुब्ध होकर बाबा साहब ने हिंदू धर्म का परित्याग कर बौद्ध धर्म ग्रहण किया। बाबा साहब की सामाजिक न्याय की संकल्पना उन्हें समाजवाद की जमीन से जोड़ती थी। डॉक्टर लोहिया के मध्य पत्राचार से भी उनकी समाजवादी प्रतिबद्धता जाहिर होती है। निश्चित रूप से हमें बाबा साहब के अधूरे समाजवादी सपनों को हासिल करने के लिए हाशिए के समाज में समाजवादी चेतना का प्रसार करना होगा, सामंती एवं सांप्रदायिक ताकतों का सक्रिय प्रतिकार करना होगा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## कहानी

# कहीं तो होगी वह अभिशप्त लड़की



**कृष्ण बिहारी**

आज छत्तीस साल बाद उसकी याद इस तरह क्यों आ रही है ? याद तो वह पहले भी आती रही है और वह भी . हां , नमिता भी और प्रिया भी . दोनों की यादों ने कभी - कभी अपनी गिरफ्त में लिया है उसे लेकिन इस दौरान कभी ऐसा नहीं हुआ कि बेचैन होना पड़े . क्या वे भी उसे याद कर रही होंगी ? कहीं तो होंगी दोनों ? कहाँ होंगी ? किसी से पूछा भी नहीं . किसी ने बताया भी नहीं .वक्त मरहम है . मरहम न होता वक़्त तो क्या घाव भरते ? जीवन है . जीवन में सब कुछ मनचाहा कहाँ होता ! कुछ नाकाबिलेबर्दाश्त हालात भी जिंदगी को झकझोर देते हैं . सब कुछ हिल जाता है . जीने की चाह मर जाती है मगर जीना पड़ता है. जिन्दगी रुकती नहीं . चलती रहती है स्वचालित घड़ी की तरह .चलती ही तो आई पिछले छत्तीस सालों से . जबकि इसे एक झटके में रुक जाना था . जब- जब जिंदगी की रफ़्तार में एक गति आने लगती है तब - तब न जाने क्यों उसके पहिये किसी न किसी व्यवधान के शिकार हो जाते हैं ! कभी एक पहिया तो कभी दोनों .प्रिया उसकी जिंदगी में बचपन से शामिल थी . खेल - खेल में एक अटूट रिश्ता पैदा हो गया था . दुनिया ऐसे रिश्ते को प्यार कहती है . मगर वह या कि वे इसे अनाम रिश्ता ही कहते थे . उन्हें नहीं पता था कि एक में दूसरा खुद को खोजने और पाने लगा है . . . कहाँ पता चलता है कि भीतर ही भीतर क्या घट रहा है .कितने पल . . .कितनी यादें . . .साथ - साथ बड़े हुए थे . . .

प्रिया कहती , ' मुझे गुड़िया की शादी करनी है . . .बरात लेकर आना तुम ...'

'कब लेकर आऊँ बरात ?'

'रहने दो ...गुड़िया अपनी ससुराल चली जायेगी तो मैं कैसे रहूंगी ...'

बात टल जाती . . .मौसम बदल जाते . पतझर में फूल दिखाई पड़ते .

प्रिया कहती , 'तुम्हारे लिए स्वेटर बिन रही हूँ . . .'

'कब तक पूरा होगा ?'

'सात - आठ दिन में हो जाएगा ...'

'जल्दी बनाओ . . .'

सलाइयों पर फंदों के चढ़ने की गति तेज हो जाती और ऊन से ऊष्मा निकलने लगती .

ओठों पर प्रेम के गीत थिरकने लगते . दूर कहीं संगीत के सुर - ताल सुनाई पड़ते . मगर अर्थ का पता नहीं होता . . .

प्रिया कहती , 'कहाँ थे आज सारा दिन ? मैं परेशान- परेशान इन्तजार करती रही ...'

'कॉलेज से निकला तो रैना लाइब्रेरी चला गया था . . .ये किताबें ले आया हूँ . . . तुम्हारे नोट्स इनसे बन जायेंगे ...'

'चाय बनाऊँ ?'

'हां . . .'

चाय के प्यालों से भाप उठती और फिर एक नमी तैरती रहती जिसमें एक सपना होता कि मेरा साथ देते रहना . इस साथ के बिना अपनी दुनिया में रखा क्या है !

एक दिन प्रिया ने कहा, ' मैं रूमाल पर तुम्हारा नाम लिख रही थी और बार-बार उंगली में सुई चुभी . . . '

'तुम्हारा ध्यान कहीं और रहा होगा . . .?'

'नहीं तो ! जब किसी को खूब याद करो तो उंगली में सुई चुभती है ...'

'किसने कहा ? लाओ दो , मेरा रूमाल आज कहीं गिर भी गया ....'

'लापरवाह हो . . .' प्रिया ने रूमाल दिया और उसने जेब के हवाले किया .

एक खजाना बिना जमा किए इकट्ठा हो जाता . . .मगर खजाने लुटते भी तो हैं !

प्रिया ने कहा , 'मेरी शादी आज तय हो गई ...जब मैं चली जाऊंगी ससुराल तो तुम्हारा खयाल कौन रखेगा ?'

'तुम कहीं नहीं जाओगी . . .'

'अपना ध्यान रखना ...बहुत लापरवाह हो तुम ...'

'बकवास बंद करो . . .'

मगर बकवास तो शुरू हो चुकी थी . एक मौसम बदलने लगा था . तभी मिली थी नमिता .मिली कहाँ ? साथ - साथ ही तो थी जिसका पता उसे नहीं था . कहाँ पता चलता है कि कितने लोग एक साथ साथ - साथ रहते हैं ! नमिता कहती , 'मैं आपसे प्यार करती हूँ . . .' नमिता उसे 'आप' कहती थी .

'मगर मैं तो प्रिया से प्यार करता हूँ . . .'

'जानती हूँ ...और यह भी जानती हूँ कि प्रिया आपको छोड़कर चली जायेगी . . .'

'ऐसा कभी नहीं होगा . . .'

' जब हो जाएगा तब तो मेरे पास आएंगे न !'

'नहीं . . .'

'मैं इन्तजार करूंगी ...'

कोई किसी को इसतरह क्यों चाहने लगता है ? बिना चाहे क्यों चाहने लगता है ? कोई जवाब नहीं मिलता . जवाब खूटियों पर टंगे नहीं होते . . .

नमिता कहती, 'आप जिंदगी भर पछतायेंगे . . .'

'अभिशप्त कर रही हो मुझे ?'

'नहीं , बता रही हूँ . . .'

कोई किसी का भविष्य कैसे जानता है ? भविष्य होता भी है ! प्रिया सचमुच ससुराल चली गयी और वह देखता रह गया . . .इन्तजार का मौसम मर गया . . .इन्तजार के मौसम बदलते नहीं , मर जाया करते हैं . . .

वह दूर जा रहा है . बहुत दूर . दूर से कुछ दिख नहीं सकेगा . कुछ याद नहीं आएगा . कुछ पास नहीं होगा . वह अकेला रहेगा .उसके साथ कोई नहीं होगा .वह खुद को खुद से भी अकेला कर लेगा . वह चलता गया . चलता गया . दूर . और दूर . माइल्स टू गो . जाना ही होगा .जाना ही है . . .छत्तीस साल चल चुका तबसे . . .

कई - कई बार याद आई प्रिया . कई - कई बार याद आई नमिता . मगर आज केवल नमिता याद आ रही है . प्रिया से अधिक . कहीं तो होगी अभिशप्त लड़की . . .

**(लेखक कथाकार हैं, संपर्क 6307435896)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# संवैधानिक व सामाजिक न्याय के पक्षधर थे डॉ. अम्बेडकर : डीएम

**समारोह**

**जंयती पर कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया भव्य कार्यक्रम**

**जिलाधिकारी ने डॉ. अम्बेडकर की जंयती पर जनपदवासियों को दी बधाई**

**जनसंदेश न्यूज**


कलेक्ट्रेट में जयंती मनाते अधिकारी

**मीरजापुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के 132वीं जंयती को कलेक्ट्रेट सहित जनपद के सभी कार्यालयों में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल सहित अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा डॉ अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

समारोह को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर संवैधानिक एवं सामाजिक न्याय के पक्षधर थे। उन्होने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करते हुये लोगों को एक समान अधिकार के साथ जीने का अवसर प्रदान किया हैं। उन्होने कहा कि भारत रत्न डॉ अम्बेडकर का भारतीय संविधान को बनाने में बड़ा योगदान रहा हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस संविधान को अक्षुण बनाये रखने तथा इसके पालन के लिये हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है। अधिकारी कर्मचारी जिस भी पद पर कार्यरत है उसे गौरवशाली मानते हुये संविधान में उल्लिखित नियमों के तहत अपने कर्तव्यों को निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करे जिससे लोगो को न्याय मिल सकें।

अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर अपने जीवन में अनेक बांधाओं से लड़ते हुये लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे तथा उच्च शिक्षा ग्रहण कर राजनैतिक जीवन में आकर देश सेवा करने का मन बनाया तथा सामाजिक कुरीतियों एवं व्याप्त भेद भाव का विरोध करते हुये लोगों को एक रास्ते पर चलकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर के निर्मित संविधान में प्रत्येक वर्ग व जाति को बराबर दर्जा दिया गया है तथा संविधान में उल्लिखित नियमों के तहत देश विकास के पथ पर अग्रसर है। नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने कहा कि अनेक विविधता वाले देश में विधिताओं को स्वीकारते हुये डॉ भीमराव अम्बेडकर के द्वारा अंखण्ड भारत का निर्माण चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन डॉ अम्बेडकर के नेतृत्व वाली संविधान निर्माताओं के द्वारा एकता और अखण्डता के मूल मंत्र को साकार करते हुये भारत को एक मजबूत राष्ट के रूप में खड़ा किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट की महिला कर्मचारियों में अलमबदा, सीमा देवी, पुष्पा, चिंता देवी सहित हौसला प्रसाद, एल0बी0सी0 रामपती, श्यामदेव, सहित कई कर्मचारियों द्वारा अपने उद्बोधन एवं गीत के माध्यम से डॉ अम्बेडकर जी के कृतित्व एवं व्यक्त्वि पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक धर दूबे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र, जिला सूचना अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी आलोक शर्मा सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## राष्ट्र निर्माण में अम्बेडकर ने निभाई अहम भूमिका : एसडीएम लालगंज

**संबोधन**

**तहसील सभागार में मनाई गई जयंती**


मीटिंग हाल में लोगों को सुंबोधित करते एसडीएम लालगंज

**लालगंज।** तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज के अध्यक्षता में बाबा भीमराव अंबेडकर 132वीं जयंती मनाया गया। जयंती में सबसे पहले बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित किया गया। जयंती में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि संविधान में मौलिक अधिकार है।

उन्होंने समाज को संगठित कर राष्ट्र के विकास के प्रेरणादायक थे। कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर सामाजिक विकास में महिलाओं एवं पुरुषों के प्रगति में अग्रणी रहे। उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा 26 नवंबर 1949 को संविधान की तैयारी पूर्ण कर लिए थे। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया। कहा कि भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान निमार्ता के तौर पर जाना जाता है, उनकी भूमिका संविधान निर्माण में अतुल्य थी।

कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणा है उनके विचार समाज में महिलाओं एवं पुरुषों के बराबर अल्पसंख्यकों एवं गरीबों को अपने अधिकारों के लिए प्रेरणा स्रोत थे। तहसीलदार शशांक शेखर राय ने कहा कि बाबा साहब राष्ट्र के हित में संविधान का निर्माण किए थे। कार्यक्रम का संचालन राजस्व निरीक्षक धीरज किशोर सिंह ने किया। इस अवसर पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष अनूप कुमार पांडे, राजस्व निरीक्षक सूर्य वली बिंद, लेखपाल मनोज सिंह, सच्चिदानंद, शिवराज सिंह, परमानंद, विनोद कुमार, ऋषिकेश, अरविंद, बृजभूषण, पेशकार संजय तिवारी, शिवराज सिंह आदि स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

### जयंती पर निकाली गई संविधान यात्रा

**जमालपुर।** शुक्रवार को ग्राम हनुमानपुर गांव स्थित बाबा भीमराव अम्बेडकर की स्मारक पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। जिसके बाद पैदल संविधान यात्रा निकाली गई जो हनुमान पुर सिकंदरपुर का भ्रमण करते हुए जमालपुर थाना मोड़ से होकर वहीं समाप्त हुआ। वही बीच बीच में लोगों द्वारा बाबा साहेब अमर रहे का नारा गुंजायमान रहा। तदुपरांत वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान दीपक कुमार, राजेश भारतीय, लवकुश, सुनील, प्रमोद, धर्मेन्द्र, कमलेश, दन्ती देवी, उर्मिला सहित तमाम महिला और पुरुष संविधान यात्रा में मौजूद रहे।

### क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

**हलिया।** संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती शिक्षण संस्थानों ब्लॉक मुख्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बरी गांव स्थित अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर धूमधाम धाम से जयंती मनाई गई। ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल, अंबिका देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुधाकर पांडेय, पंडित राज नारायण इंटर कॉलेज शिव प्रताप सिंह इंटर कॉलेज आदिशक्ति इंटर कॉलेज अनंति देवी इंटर कॉलेज मुनि अगस्त डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य ने भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। बरी गांव में स्थित अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें पूर्व जज छोटे लाल, रामअधार, हिच्छ लाल ने अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से जयंती को मनाया। बच्चों में मिठाइयां बांटी। वेदरउर गांव में ग्राम प्रधान राजेश ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई।

### भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का किया गया अनावरण

**राजगढ़।** विकास खंड क्षेत्र के भीटी गांव में ग्राम प्रधान अजय कुमार के नेतृत्व में भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाई गई। इस दौरान अजय कुमार ने मूर्ति का अनावरण करने के बाद अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के नाम से लोकप्रिय भीमराव रामजी आंबेडकर एक न्यायविद, राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, लेखक, सम्पादक के रूप में पूरा देश सम्मान से याद कर रहा है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय ने भी अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि अंबेडकर 20वीं सदी के सबसे बड़े विचारक थे। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष कृष्ण तिवारी, रामनरेश विश्वकर्मा, दीपनारायण खरवार, अवधेश कुमार, शिवशंकर भारती, विद्याशंकर, शशिकर खरवार, सौरभ दूबे, प्रमोद खरवार, आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**चुनार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुनार में बाबा साहेब की जयन्ती बड़े धूम धाम से मनायी गयी। बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुये सहायक अध्यापक सुधीर सिंह द्वारा बच्चों को अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला। अंबेडकर जी को भारतीय संविधान का शिल्पकार भी कहा जाता है। जिसके आधार पर आज भारत देश का प्रशासनिक व्यवस्था चल रही है जिसमें सभी प्रकार से सभी वर्गों को समान अवसर दिए गए है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका छाया रानी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा हर साल की तरह हम सभी इस दिन एक साथ एकत्रित होकर इस महान व्यक्तित्व को याद करते हुये श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने समाज में प्रचलित जाति व्यवस्था और असमानता के खिलाफ अपनी आवाज उठाई और दलितों तथा पिछड़ों के लगातार प्रगति और विकास को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर सुनीता कुमारी, विनोद कुमार, सन्तोष कुमार सहित विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनायी गयी अंबेडकर की 132वीं जयंती

**राजगढ़।** ग्राम पंचायत धनसीरियां में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान ग्राम पंचायत जन्मेजय सिंह ने बाबा साहेब को नमन करते हुए मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में गांव के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर नाट्य कला के माध्यम से अंबेडकर के विचारों को प्रस्तुत किया। बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती पर ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह की ओर से उपस्थित ग्रामीणों को मिठाइयां बांटी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह, अध्यापक वीरेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार पाठक, मुन्नीलाल भारती, स्कूल के शिक्षक व रसोईया, स्कूली छात्र छात्राएं, एवं गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### विभिन्न संस्थानों में मनाई गई जयंती

**लालगंज।** क्षेत्र में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती दर्जनों चिन्हित स्थलों पर धूमधाम से मनाया गया। विकास खंड के लालगंज, मेढ़रा, मानिकपुर, धसड़ा, लहंगपुर, सहिरा, सेमरी कला, बल्हिया कला, कटाई, आदि दर्जनों स्थलों पर बाबा साहब की अंबेडकर जयंती मनाई गई। ब्रह्मर्षि देवराहा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रबंधक राम निहोर मौर्य, जनचेतना इंटरमीडिएट कालेज में प्रधानाचार्य राजकुमार पटेल, बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज में डा धर्मजीत सिंह, भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य राजेश कुमार दुबे व पूर्व प्रधानाचार्य रामराज त्रिपाठी, विकासखंड में खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जनता जनार्दन इंटरमीडिएट कॉलेज में, सुशील बाल निकेतन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य विश्वजीत दुबे, मां विंध्यवासिनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य बुद्धि नारायण दुबे, एडब्ल्यूएस में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मौर्य आदि ने जयंती पर विचार रखा।

### अंबेडकर ने महिलाओं को दिया था समानता का अधिकार : अनुप्रिया

**लालगंज।** लालगंज बल्हिया कला डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती में बोलते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि समाज को मजबूत और विकसित बनाने में बाबा साहब के विचार उपयोगी है क्योंकि संविधान में समानता स्वतंत्रता का अधिकार देकर देश को प्रगति की राह दिखाया है। शुक्रवार को जयंती में बोलते हुए उन्होंने कहा कि असमानता मिटाने का काम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संवैधानिक संरचना में विधि व्यवस्था देकर महिलाओं को अधिकार दिया था। जिसके कारण महिलाएं निरंतर प्रगति पर वढ़ रही है और नए भारत में महिलाएं पुरुषों से अधिक संख्या में आगे निकल रही है। इससे सामाजिक मजबूती मिल रही है। इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री आशीष पटेल, अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, लाल बहादुर सिंह, रमाकांत सिंह, राम लोटन बिंद संजय मौर्य आदि मौजूद रहे।

# जीआरपी ने बरामद किया 29 लाख, 2 गिरफ्तार

**सफलता**

**मध्य प्रदेश से नगदी लेकर पश्चिम बंगाल जा रहे थे जेवर लेने, पुलिस ने लिया हिरासत में**

**जनसंदेश न्यूज**


पैसों के साथ पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** बीती रात जीआरपी प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में 2 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 29 लाख रुपये बरामद किया गया। कालका मेल से पकड़े गए लोगों ने पश्चिम बंगाल से सोना चांदी के जेवर लेने के लिए सफर की बात कही। जीआरपी उप निरीक्षक रमेश सिंह, जगदीश सिंह यादव, हेड कांस्टेबल योगेश दूबे थाना व कांस्टेबल राजेश कुमार ने चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 02/03 के पश्चिमी छोर से 2 संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में संदिग्ध व्यक्तियों ने बताया कि बैग मे रुपये है, रुपये के बारे मे कोई संतोष जनक जबाब नहीं दे पाये और न ही किसी प्रकार का कोई कागज उपलब्ध करा पाये। इसके बाद रुपए के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर जीआरपी पुलिस थाने ले गई। आरोपी कुशल दूबे पुत्र राम विलाश दूबे निवासी बंजारी गुड़ थाना गुड़ जनपद रीवा म0प्र0, रोहन यादव पुत्र केशव यादव निवासी रौसर थाना चोरहता जनपद रीवा म0प्र0 को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने बताया कि वह कालका मेल ट्रेन से वर्धमान पश्चिम बंगाल सोने चांदी के आभूषण लेने जा रहे थे। वह रीवा मध्य प्रदेश में केके ज्वेलर्स के यहां काम करते हैं। विधिक कार्यवाही करते हुए सुर्चिल कुमार इन्कम टैक्स आफीसर को पुलिस ने जानकारी दी है।

## बिजली का रोस्टर बदलने से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**हलिया।** क्षेत्र के हलिया विद्युत उपकेंद्र से संबंधित अदवा, ड्रमंडगंज, कोटाघाट फीडर के गांवों तथा विद्युत उपकेंद्र देवरी से संबंधित गांवों की बिजली शुक्रवार सुबह से ही कट जाने पर विद्युत उपभोक्ता विद्युत कर्मियों की दिनभर मोबाइल फोन की घंटी घनघनाते रहे। विद्युत विभाग ने बिजली के शॉर्ट सर्किट से लग रही आग के कारण बिजली के रोस्टर में परिवर्तन कर दिया है।

सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ग्रामीण अंचलों में बिजली नहीं रहेगी। पहले दिन उपभोक्ताओं को जानकारी नही होने के कारण दिनभर विद्युत कर्मियों से दूरभाष पर बिजली के संबंध में सूचना लेते रहे। दिन में बिजली नही होने के कारण उपभोक्ताओं को गर्मी तथा अन्य दिक्कतों से जूझना पड़ा। इस संबंध में अवर अभियंता जगजीवन राम ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से लग रही गेहूं की फसल में आग के मद्देनजर विभाग ने एक सप्ताह तक रोस्टर में परिवर्तन कर दिया है। किसानों की गेहूं की कटाई एवं मड़ाई हो जाने के बाद बिजली सप्लाई पूर्ववत की जाएगी।

# पालिका प्रापर्टी पक्की सराय पर कब्जा करने की होड़

**दिखा रहे ठेंगा**

**पहले डाला छप्पर, अब बन गया पक्का मकान**

**पालिका की उदासीनता से कब्जा धारकों का मनोबल हाई**

**जनसंदेश न्यूज**


पक्की सराय

**मीरजापुर।** नगर के मध्य जिसके नाम पर मोहल्ले का नाम पक्की सराय पड़ गया वही पक्की सराय उपेक्षा के चलते गुमनामी के पन्नों में दफन होने की ओर बढ़ रहा है। कहने को तो यह नगरपालिका की प्रॉपर्टी है। वर्षो से इक्का तांगा चलाने वाले रहते थे। लोगों ने पहले कच्चा मकान बनाया। उसके बाद पीएम आवास योजना में पक्का मकान बनाकर पालिका और प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे है।

पक्की सराय अब एक मोहल्ले का स्वरूप लेता जा रहा हैं। जो कभी दूरदराज से आने वाले यात्रियों के ठहरने का स्थान होता था। जिसके मध्य बेजोड़ कुआं के शीतल जल को पीकर लोग तृप्त होते थे। लेकिन अब वह सब किस्सा कहानी बनकर नगरपालिका के साथ ही जिला प्रशासन के लिए अवैध कब्जा के चलते चुनौती बन गया है। जन सेवा के लिए गंगा बीबी ने सराय का निर्माण करीब दो सौ वर्ष पूर्व कराया था। सराय में कुछ दशक पहले तक इक्का तांगा चलाने वाले रहते थे। पहले मडई डाला। अब उसके स्थान पर कच्चा के बाद पक्का मकान खड़ा हो कर व्यवस्था का ढोल पीटने वालों को आईना दिखा रहा है।

पश्चिमी गेट की ओर सड़क तथा तीन तरफ गली से घिरा सराय अतिक्रमण को झेल रहा हैं। सराय निवासिनी 65 वर्षीय नाजरात ने बताया कि यह गंगा बीबी की सराय हैं, जिसे नगर पालिका अपना बताता है। पहले से सराय काफी बदल गया है। पहले कच्चे तो अब पक्के करीब 40 मकान हैं। मो. शकील ने कहा कि नगर पालिका ने 4 लाइट लगवाया हैं। जिसमें से केवल एक जलता है। कृष्णा ने कहा कि वाहन पार्किंग विहीन मंडल मुख्यालय पर पालिका के पास स्टैंड के लिए जमीन नहीं है। सेवा के नाम पर जितने सेवक आये वोट बैंक के लोभ में वक्त गुजार कर चले गए। लिहाजा जनता मुसीबत झेल रही हैं। पालिका जमीन होने के बावजूद नगर विकास के लिए तरस रहा है। सराय में इक्का तांगा चलाने वाले परिवार के लगभग 95 प्रतिशत लोगों का आशियाना बन गया हैं। विशाल सराय पर किया गया कब्जा व्यवस्था का दावा करने वालों के लिए हकीकत के रूप में खड़ा होकर कायदे कानून की धज्जी उड़ा रहा हैं।

## विवाहिता ने पति व श्वसुर के विरुद्ध दी तहरीर, कार्रवाई के लिए लगाई गुहार

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोरगी गांव निवासी रेखा कोल ने पति तथा ससुराल वालों के विरुद्ध मारपीट करने तथा घर से निकालने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में विवाहिता ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले गढ़वा थाना क्षेत्र के कोलकवार गांव में शादी हुई थी। पति ने बीते 11अप्रैल को दूसरी औरत रख लिया है और मुझे मारपीट कर अपने घर से निकाल दिया। गुरुवार को पति तथा श्वसुर पिता के घर आए भाई संतोष तथा मुझे सड़क पर बुलाकर लात घूंसे व लाठी से मारपीटे बीच-बचाव के लिए गांव के लोग पहुंचे तो पिता पुत्र जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक से भाग निकले। पति द्वारा घर से निकाले जाने पर एक वर्षीया बेटी के साथ पिता के घर पर रह रही हूं। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष बने रामधनी सिंह

**चुनाव**

**5 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे राजेश कुमार सिंह**

**अहरौरा।** क्रय विक्रय सहकारी समिति अहरौरा का चुनाव गुरुवार को संपन्न हुआ जिसमें 6 मत पाकर रामधनी सिंह क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष पद पर विजई हुए। वही दूसरे स्थान पर राजेश कुमार सिंह रहे। जिनको 5 मत मिले। इसके साथ ही चार लोगों को बैंक डेलिगेट चुनकर भेजा गया। अहरौरा में स्थित सहकारी समिति के क्रय-विक्रय केंद्र के अध्यक्ष पद का चुनाव मिजार्पुर एवं सोनभद्र जनपद से मिलाकर कुल 11 डेलीगेट द्वारा किया जाता है।

बतादें कि जनपद के 10 डेलीगेट का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ था और एकमात्र जमालपुर से अहरौरा क्रय विक्रय समिति के डेलीगेट का चुनाव कल बुधवार को भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ था। जिसमें 27 मत पाकर रामधनी सिंह डेलीगेट चुने गए थे। वहीं गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में रामधनी सिंह एवं राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने प्रत्याशी थे। जिसमें रामधनी सिंह ने तख्तापलटते हुए 6 मत पाकर विजय पताका फहराया। वहीं राजेश कुमार सिंह को मात्र 5 मत मिले। उपसभापति पद पर अमित सिंह 6 मत पाकर विजई रहे प्रेमशंकर सिंह को 5 वोट मिला और वह दूसरे स्थान रहे। इसके बाद बैंक डेलिगेट के लिए उपेंद्र प्रकाश सिंह, बालेश्वर सिंह, प्रशांत भास्कर पांडेय, आकाश भारतीय, डेलीगेट चुने गए।

रामधनी सिंह के जीत पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। बधाई देने वालों में उपेंद्र प्रताप सिंह, सतीश चंद्र सिंह, जय गोपाल, शारदा सिंह, सागर सिंह, रघुनाथ सिंह, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, अरविन्द कुमार त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी अदलहाट मंडल मंडल अध्यक्ष बैजनाथ प्रजापति, अहरौरा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह अग्रहरी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### ब्लड कैंसर से पीड़ित विवाहिता की मौत

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में शुक्रवार की शाम ब्लड कैंसर की बीमारी से पीड़ित विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गलरा गांव निवासी कलामुद्दीन की 28 वर्षीया पत्नी सोनम काफी समय से ब्लड कैंसर से पीड़ित थी, जिसका उपचार लखनऊ के पीजीआई से चल रहा था। शुक्रवार शाम पांच बजे के करीब अचानक तबीयत बिगड़ी और कुछ ही देर में विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता का पति आटा चक्की चलाकर परिवार का गुजर बसर करता है। मृत विवाहिता को एक पुत्र व एक पुत्री है।

### राजधानी की चपेट में आने से महिला की मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के आमघाट पुलिया के पास ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत हो गई। बताते चलें कि गुरुवार की देर रात पड़री थाना क्षेत्र के आमघाट पुलिया के पास राजधानी की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत हो गई। वही इसकी सूचना जब आरपीएफ पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर कार्रवाई में जुट गए। जिसके बाद पड़री पुलिस को सूचना दी गई। मौके पहुंची पड़री पुलिस ने अज्ञात महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जनपद में लगेगा डबल सौर ऊर्जा प्लांट

**होगा विकास**

**अवाड़ा स्थापित करेगा 200 मेगावाट बिजली उत्पादन यूनिट चयनित किए गए दो स्थान**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जनपद में जल्द ही अवाड़ा पावर ग्रुप सौर ऊर्जा से 200 मेगावाट बिजली उत्पादन की यूनिट की स्थापना करने जा रहा है। इसके लिए जिले के 2 क्षेत्रों में स्थान का चयन किया गया है। सरकारी जमीन पर लगने वाले यूनिट का काम उप चुनाव के बाद आरंभ होगा। इससे बिना कार्बन उत्सर्जन के बिजली उत्पादन होने से पर्यावरण के संरक्षण में सहायक होगा।

अवाड़ा पावर ग्रुप को मुंबई में भी 560 मेगावाट का सौर ऊर्जा की यूनिट स्थापित करने का अनुबंध हासिल हुआ है। यह जानकारी कंपनी के डायरेक्टर जय शुक्ला ने दी। प्रयागराज जनपद के मेजा निवासी जय शुक्ला ने बताया कि सौर ऊर्जा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कंपनी वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। लोगों को इसका लाभ मिले, इसके लिए मीरजापुर जिले में संयंत्र बैठाने का प्रस्ताव दिया गया था। इसकी स्वीकृति मिल गई है। जबकि दूसरे की स्वीकृति जल्द ही चुनाव के बाद मिलने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि मुंबई में स्थापित हो रहे संयंत्र से प्रतिवर्ष 951 मिलियन यूनिट बिजली उत्पन्न होने की उम्मीद है। जिससे वर्ष में 8,85,563 टन कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी। यह परियोजना 7 लाख घरों के लिए हरित ऊर्जा वाली बिजली दे सकती है। मीरजापुर क्षेत्र में विकास होगा।

कंपनी के चेयरमैन विनीत मित्तल ने बताया कि महाराष्ट्र अवाड़ा की कर्मभूमि है, इस राज्य के साथ हमारा पुराना नाता है। विंध्य क्षेत्र में भी वैकल्पिक ऊर्जा की अपार संभावना है। इसके लिए मीरजापुर जिले का चयन किया गया है। इससे क्षेत्र का विकास होगा।

## संक्षेप

### मिट्टी खनन कर रही जेसीबी और ट्रैक्टर सीज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव में अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन की सूचना पर एसडीएम लालगंज भरत लाल सरोज ने गुरुवार की रात गांव के तालाब के पास मिट्टी का खनन कर रही जेसीबी मशीन व एक ट्रैक्टर को पकड़कर थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की है। एसडीएम के इस कार्रवाई से अवैध रूप से मिट्टी खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम भरत लाल सरोज ने बताया कि अवैध रूप से मिट्टी खनन की शिकायत मिलने पर पुलिस को भेजकर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर को मौके से पकड़वाकर थाना परिसर में खड़ा करवाकर सीज की कार्रवाई की गई है।

### मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी पर जागरूकता अभियान


मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी में शामिल ग्रामीण

**अहरौरा।** विकासखंड राजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत सरिया में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी स्लोगन के साथ आजीविका मिशन समूह की महिलाओं के साथ बैठक किया गया। जिसमें कूड़ा निस्तारण केंद्र में समूह की महिलाओं को क्या-क्या गतिविधियां होंगी और उसमें से निकलने वाला खाद, किस तरीके से बनाया जाएगा। कैसे निस्तारण करके वर्मी कंपोस्ट, कंपोस्ट खाद, प्लास्टिक का निस्तारण, प्रत्येक घर से स्वच्छता शुल्क प्रतिमाह 30 रूपये एवमं ग्राम पंचायत में दुकानदारों से प्रति माह 60 रूपये लिया जाएगा। वही ग्राम प्रधान निरंजन यादव के द्वारा बताया गया कि स्वच्छता शुल्क लिया जाएगा। वह ग्राम पंचायत की आय को बढ़ाने के लिए एवं लोगों को रोजगार देने के लिए साफ सफाई पर शुल्क व्यय किया जाएगा। इस मौके पर सुभाष पटेल जेई, विशाल बी सी समूह सखी भगवानी देवी और अन्य समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे


पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** थाना चुनार पर 12 अप्रैल को वादी कल्लू पुत्र रामखेलावन निवासी गहिरा थाना मड़िहान द्वारा नामजद के विरूद्ध पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर चुनार थाने में डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को उप निरीक्षक इन्दुभूषण मिश्र व उप निरीक्षक मृत्युंजय सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से नामजद दो आरोपी अनिल बाबू पुत्र चौथीराम व चौथीराम पुत्र बुद्दू निवासीगण कूबां खुर्द थाना चुनार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

### होमगार्ड की मौत पर जताया शोक

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव निवासी 63 वर्षीय रिटायर्ड होमगार्ड रामअचल की अचानक मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। होमगार्ड राम अचल घर के अन्य सदस्यों के साथ शुक्रवार सुबह दस बजे के करीब ट्रैक्टर स्टार्ट कराने के लिए ट्रैक्टर में धक्का लगा रहे थे कि उसी दौरान अचानक जमीन पर गिर पड़े जबतक परिजन कुछ समझ पाते कि उनकी मौत हो गई। दवा इलाज कराने का भी समय नहीं मिल सका। परिजनों ने हार्ट अटैक से मौत की संभावना जताई है। होमगार्ड की असमायिक मौत पर ग्राम प्रधान महुगढ़ विविध भारतीय पांडेय, बृजेन्द्र पांडेय कंपनी कमांडर राम निहोर, होमगार्ड अमरनाथ, रामसागर, हिंच्छलाल, बहादुर मौर्य, हरिओम तिवारी आदि ने शोक जताया है।

### युवक ने गला रेतकर किया आत्महत्या का प्रयास

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में पिता पुत्र के बीच हुए आपसी विवाद में पुत्र ने गला रेतकर हत्या का प्रयास किया। इस दौरान उसके गले में गंभीर चोट पहुंची जहां उसे राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार घोरावल थाना क्षेत्र के पिता पुत्र राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में आए थे जहां दारु मुर्गा की जमकर पार्टी हुई। इस दौरान शराब के नशे में पिता पुत्र का आपसी विवाद हो गया और पुत्र ने किसी औजार से अपने गले को काटने का प्रयास करने लगा। मौके पर मौजूद रिस्तेदारों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामले को शांत कराया और आनन फानन में युवक को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डाक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है जिसके संबंध में जांच की जा रही है।

### डेथ सर्टिफिकेट के लिए परिजनों ने लगाया दो साल तक चक्कर

**मीरजापुर।** सेवा के नाम पर मातहत बाबू साहब को कितना भ्रमित रखते हैं, इसका जीता जागता प्रमाण स्थानीय नगर पालिका परिषद में देखने को मिला। जन्म मृत्यु के पंजीकरण का एक मामला अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिवप्रताप शुक्ल के पास पहुंचा। इस पर उन्होंने लंबित फाइलों की जानकारी मांगी। उन्हें फाइलों की संख्या 300 बताया गया। लेकिन हकीकत में लंबित फाइलों की संख्या 550 से अधिक निकली। इतना ही नहीं करीब दो साल से बेटे के डेथ सार्टिफिकेट के लिए भटक रही रमईपट्टी मोहल्ला निवासिनी सन्ध्या को एक घंटे में प्रमाण पत्र दिलवाया। इसी के साथ सेवा के नाम पर खेल खेलने में लगे पालिका की पोल खुल गई। हुआ यह कि रमईपट्टी मोहल्ला निवासी अवधेश कुमार त्रिपाठी का पुत्र 16 वर्षीय आदित्य त्रिपाठी सड़क हादसे का शिकार 16 फरवरी 2021 में हो गयी थी। उसकी मृत्यु हो गई। अगले दिन शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को मिला। गम में डूबे परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। परिवार ने नगर पालिका परिषद में नियमानुसार आवेदन किया। जिस पर बाबू ने पेंच फंसाया कि जब पोस्टमार्टम अगले दिन हुआ है तो तारीख डालना चाहिए था। परिवार के लोगों ने बताया कि मृत्यु उसी दिन हो गई थी। लिहाजा बात न बनने पर फाइल लटका दी गई। मामला एक वरिष्ठ पत्रकार के माध्यम से परिषद के प्रभारी शिव प्रताप शुक्ल तक पहुंचा। उनके प्रश्नों और मिले उत्तर से गेम का पर्त दर पर्त खुलता गया। लिहाजा उन्होंने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए एक घंटे में सार्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया। दो वर्षों से अपने बेटे अमितेश के साथ नगर पालिका परिषद का चक्कर काट रही महिला को 2 साल बाद डेथ सार्टिफिकेट मिला।

### संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध किसान की मौत

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के कुड़ी गांव निवासी 70 वर्षीय किसान की अबूझहाल में मौत हो गयी। पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। राजगढ़ क्षेत्र के कुड़ी गांव निवासी 70 वर्षीय किसान संकटा प्रसाद गुरुवार को साइकिल पर सब्जी लेकर ददरा सब्जी मंडी में बेचने के लिए जा रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई, जिससे वही साइकिल खड़ा कर रास्ते में जमीन पर सो गए। वहां से गुजर रहे राहगीर रास्ते में पड़े अचेत अवस्था में किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार की देर रात किसान की मौत हो गई। परिजन किसान का शव लेकर कुड़ी गांव अपने घर वापस आ गए और पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### जल्द ही होगा बकाये का भुगतान : राष्ट्रीय महासचिव

**मीरजापुर।** जनपद में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के राष्ट्रीय महासचिव देवी शंकर शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को एक बैठक की गई। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्रीय महासचिव के द्वारा लोगों को पदभार ग्रहण कराया गया। पदभार के क्रम में दूधनाथ प्रजापति को मंडल अध्यक्ष, राजेश तिवारी को मंडल उपाध्यक्ष, संतोष मिश्रा को जिला मीडिया प्रभारी समेत अन्य लोगों को उनके कार्य के अनुरूप पदभार ग्रहण कराया गया। श्री शुक्ला ने संगठन के मजबूती व विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया। कहा कि ठगी पीड़ितों के लिए संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है पीड़ितों का जल्द ही भुगतान होगा।

### सोनकर फाउंडेशन ने मनाई अंबेडकर जयंती

**मीरजापुर।** बाबा भीमराव अंबेडकर के 132वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोनकर फाउंडेशन के तत्वावधान में अनगढ़ रोड स्थित एक लान में बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा साहब की जीवन वृतांत और कृतियों के बारे में जन समुदाय को जागरूक किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष अनिल सोनकर सोनकर के द्वारा बाबा साहब के बारे में उनके आदर्शों को जन समुदाय के बीच में रखते हुए समाज को संगठित करने व शिक्षित करने के बारे में कहा गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर जटाधारी सोनकर, हंसराज सोनकर, रोहित सोनकर, धर्मेंद्र सोनकर, बबली सोनकर, दीपक सोनकर, महेंद्र कुमार सोनकर, नीरज सोनकर, गोपाल सोनकर, पप्पू सोनकर व अन्य सोनकर फाउंडेशन के लोग मौके पर मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट पर रहेगा शुभमन गिल का दबदबा : मैथ्यू हेडन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि बड़े स्कोर बनाने की अपनी काबिलियत के कारण शुभमन गिल का अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट में दबदबा रहेगा। 23 वर्षीय गिल अभी तक टेस्ट मैचों में दो, वनडे में चार और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगा चुके हैं। उनकी 49 गेंदों पर खेली गई 67 रन की शानदार पारी से गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। हेडन उन कई लोगों में शामिल हैं जो गिल के खेल पर नियंत्रण बनाए रखने के कौशल से प्रभावित हैं। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, गुजरात टाइटंस को पंजाब किंग्स के अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी ऐसे बल्लेबाज की जरूरत थी जो जिम्मेदारी संभालकर आखिर तक टिका रहे और शुभमन गिल ने यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई।



# हार का सिलसिला तोड़ने के लिए एक-दूसरे का सामना करेंगे दिल्ली कैपिटल और आरसीबी

### डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम के लिए अभी तक कुछ भी अच्छा नहीं रहा है और टीम प्रबंधन भी उचित संतुलन बनाने के लिए जूझ रहा है

**बेंगलुरू।** लगातार चार मैच गंवाने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पिछले दो मैचों में पराजय से पस्त रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच में अगर सकारात्मक परिणाम हासिल करना है तो उसके खिलाड़ियों को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की वर्तमान सत्र में शुरूआत बेहद खराब रही और पहले चारों मैच गंवाने के कारण अभी तक उसका खाता नहीं खुला है।



डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम के लिए अभी तक कुछ भी अच्छा नहीं रहा है और टीम प्रबंधन भी उचित संतुलन बनाने के लिए जूझ रहा है। वॉर्नर और उपकप्तान अक्षर पटेल ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित खेल नहीं दिखा पाए हैं। वॉर्नर भी अच्छे स्ट्राइक रेट से रन नहीं बना पाए हैं लेकिन अक्षर ने अभी तक अच्छी बल्लेबाजी की है। वॉर्नर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं लेकिन उनका 14.83 का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है। वह तेजी से रन नहीं बना पा रहे हैं और दूसरी तरफ से लगातार विकेट गिरने के कारण उनकी परेशानियां बढ़ रही हैं।

पृथ्वी साव की अच्छे तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने कमजोरियां खुलकर सामने आई हैं जिससे उन्हें जल्द से जल्द पार पाना होगा। सरफराज खान की जगह टीम में जगह बनाने वाले मनीष पांडे भी योगदान नहीं दे पा रहे हैं जबकि मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में पदार्पण करने वाले यश धुल केवल चार गेंद का सामना करके पवेलियन लौट गए थे। दिल्ली के पास भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी है जो उसके लिए चिंता का विषय है। दिल्ली हालांकि इस मैच में रोवमैन पावेल की जगह फिल साल्ट को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है जिन्हें अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। उनकी मौजूदगी में वॉर्नर को पारी संवारने का मौका मिल सकता है। दिल्ली के तेज गेंदबाजों एनरिक नोर्किया और मुस्तफिजुर रहमान ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माने जाने वाली चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर उन्हें रन रोकने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। स्पिनर अक्षर और कुलदीप यादव को भी मैच विजेता प्रदर्शन करने की जरूरत है। जहां तक आरसीबी का सवाल है तो वह जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा। सत्र की शुरूआत जीत से करने के बाद आरसीबी अगले दोनों मैच हार गया था। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी जैसे खिलाड़ी बल्ले से योगदान दे रहे हैं और वे शनिवार को भी बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। ग्लेन मैक्सवेल का फॉर्म में लौटना भी आरसीबी के लिए अच्छा संकेत है। मोहम्मद सिराज ने नई गेंद से अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदू हसारंगा टीम से जुड़ गए हैं और उन्हें गेंदबाजी विभाग मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावना है।

***टीम इस प्रकार हैं:***

दिल्ली कैपिटल्सः डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, सरफराज खान, अमन हकीम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, एनरिक नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी और यश धुल।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोरः फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, सुयश प्रभुदेसाई, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, डेविड विली, वेन पार्नेल, हिमांशु शर्मा, मनोज भांडगे, राजन कुमार, अविनाश सिंह, सोनू यादव और माइकल ब्रेसवेल। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा।

## हार्दिक पांड्या पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना



**मोहाली।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिये 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल का लक्ष्य मैच को तीन घंटे 20 मिनट में समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण मैच चार घंटे से अधिक समय तक खिंच रहे हैं। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, यह टीम का आईपीएल आचार संहिता के तहत धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध है इसलिए उसके कप्तान हार्दिक पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुमार्ना किया गया है। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इस मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया था। यह उसकी इस सत्र की तीसरी जीत है जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स चार मैचों में चार अंक लेकर छठे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस ने शुभमान गिल की अर्धशतकीय पारी के दम पर एक बड़ा मुकाबला अपने नाम कर लिया है। पंजाब किंग्स के 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने 19.5 ओवर में चार विकेट खोकर 154 रन बना लिए। राहुल तेवतिया ने चौके के साथ गुजरात को तीसरी जीत दिलाई।

# ब्रैंडन मैकुलम पर लटकी तलवार! इस विज्ञापन को लेकर इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड कर सकता है कार्रवाई

### ईसीबी ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी

**लंदन।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं। एक विज्ञापन को लेकर इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम साइप्रस से पंजीकृत ऑनलाइन स्ट्टेबाजी कंपनी के विज्ञापनों में दिखाई दिए हैं। इसे लेकर ईसीबी काफी नाराज है और उसने जांच के आदेश दे दिए हैं। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी संहिता खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों को मैचों में सट्टेबाजी में भाग लेने या प्रोत्साहित करने से प्रतिबंधित करती है। अगर ब्रैंडन मैकुलम दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कोच पद से हटना भी पड़ सकता है या ईसीबी ने चेतावनी देकर छोड़ सकता है।



***सट्टेबाजी को लेकर हमारे पास कई नियमः ईसीबी***

ईसीबी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हम वर्तमान में इस मामले की खोज कर रहे हैं। हम ब्रैंडन के साथ साइप्रस की सट्टेबाजी कंपनी के साथ संबंधों की चर्चा कर रहे हैं। सट्टेबाजी को लेकर हमारे पास कई नियम हैं। हम हमेशा यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि इनका पालन किया जाए।₹

***पिछले साल इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच बने थे मैकुलम***

कंपनी के साथ मैकुलम का जुड़ाव पिछले साल शुरू हुआ था। उसके बाद वह इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच बने थे। उन्हें सट्टेबाजी कंपनी के हालिया यूट्यूब विज्ञापनों में इस साल के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान देखा गया है। मैकुलम के एजेंट साइमन ऑटेरी ने एक अखबार से कहा, ₹हम इस बारे में ईसीबी से बात कर रहे हैं। मैं किसी भी चीज पर टिप्पणी नहीं करूंगा।'' मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने अपने 11 टेस्ट मैचों में से नौ में जीत हासिल की है।

## धोनी-जडेजा को छक्का लगाने से रोकने वाले संदीप शर्मा की 10 महीने की बेटी ने भी देखा मैच, रिएक्शन वायरल



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के पेसर संदीप शर्मा चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आखिरी ओवर फेंककर हीरो बन गए। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा को आखिरी ओवर में 21 रन नहीं बनाने दिया था और राजस्थान को जीत दिलाई थी। धोनी ने पहले गेंद पर बीट होने के बाद अगली दो गेंदों पर छक्का लगाया था। आखिरी तीन गेंदों पर चेन्नई को जीत के लिए सात रन बनाने थे, लेकिन संदीप ने तीनों गेंदें यॉर्कर फेंकीं और धोनी-जडेजा को सिर्फ तीन रन बनाने दिया। संदीप की गेंदबाजी की कई लोग तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें संदीप की बेटी भी पिता की उपलब्धि पर बेहद खुश नजर आ रही हैं। दरअसल, राजस्थान के मैच जीतने के बाद संदीप की पत्नी ताशा शर्मा ने एक वीडियो पोस्ट किया। जिसमें एक 10 महीने की बच्ची आखिरी ओवर में संदीप को चीयर करती हुई दिखी। यह बच्ची संदीप और ताशा की बेटी है। दोनों की बेबी गर्ल ताशा की गोदी में बैठकर मुस्कुराती हुई नजर आई। इसके कैप्शन में ताशा ने लिखा- जब उसने अपने पिता को टीवी पर देखा। डैडीज गर्ल।

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2023 के 17वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को तीन रन से हराया था। इस जीत के साथ राजस्थान की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई थी। मैच में चेन्नई को जीत के लिए आखिरी गेंद पर 5 रनों की जरूरत थी और स्ट्राइक धोनी के पास थी, लेकिन वह आखिरी गेंद पर बाउंड्री लगाने में विफल रहे और चेन्नई मुकाबला हार गई।

चेन्नई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 21 रन चाहिए थे और क्रीज पर धोनी खड़े थे। ऐसे में संदीप शर्मा का दबाव में आना स्वभाविक था और वह दवाब में दिखे भी। संदीप ने ओवर की पहली दो गेंद वाइड फेंकी, इसके बाद ओवर की पहली लीगल डिलवरी पर उन्होंने कोई रन नहीं दिया, लेकिन अगली दो गेंदों पर धोनी ने दो छक्के लगाए। चेन्नई को आखिरी के तीन गेंदों पर जीत के लिए 7 रन चाहिए थे और सबको लगने लगा था कि चेन्नई अब जीत जाएगी, तब संदीप ने जबरदस्त वापसी की। आखिर की तीनों गेंदें संदीप ने यॉर्कर डाली। धोनी ने चौथी गेंद पर सिंगल लिया। ऐसे में जडेजा को स्ट्राइक मिली। संदीप के यॉर्कर पर जडेजा ने ओवर की पांचवी गेंद पर सिंगल लिया मैच की आखिरी गेंद धोनी को खेलनी थी और धोनी से फैंस छक्के की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन संदीप ने ब्लॉकहोल में गेंद फेंकी और धोनी सिर्फ एक रन ले सके। राजस्थान की यह जीत 15 सालों में चेन्नई के होम ग्राउंड पर पहली जीत है, हैरानी की बात तो यह है कि संदीप शर्मा को इस साल मिनी ऑक्शन में किसी ने नहीं खरीदा था। राजस्थान रॉयल्स ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के चोटिल होने पर रिप्लेसमेंट के तौर पर संदीप शर्मा को अपनी टीम में शामिल किया था।

# केसरिया दुपट्टा और चुलबुली अदाएं...पंजाब किंग्स की हार के बाद प्रीति जिंटा ने लूटी महफिल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को (13 अप्रैल) पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच खेला गया। मोहाली क्रिकेट स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वहीं पंजाब किंग्स की मालकिन पर प्रीति जिंटा अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए ग्राउंड में मौजूद में थी।हालांकि पंजाब किंग्स गुजरात से हार गई लेकिन प्रीति जिंटा ने कुछ ऐसा किया जिसने फैंस का दिल जीत लिया।





आपको बता दें कि चुलबली और चंचल अदाओं वाली प्रीति ने इस रेड सूट और केसरिया दुपट्टा में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने इस दौरान एक स्पेशल काम कर फैंस का दिल लूट लिया। मैच खत्म होने के प्रीति जिंटा ने पंजाब को सपोर्ट करने पहुंचे फैंस को निराश नहीं किया और पंजाब किंग्स की जर्सी फैंस को दी। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें प्रीति जिंटा को फैंस की तरफ जर्सी के पैकेट फेंकते हुए देखा जा रहा है।

प्रीति जिंटा आईपीएल की शुरूआत से ही पंजाब किंग्स से जुड़ी हुई हैं। टीम का प्रदर्शन चाहे जैसा रहा हो लेकिन प्रीति पंजाब किंग्स की हौसला अफजाई के लिए हमेशा मौजूद रहती हैं और खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास देती हैं।

आपको बता दें कि प्रीति को सिर्फ पंजाब ही नहीं बल्कि देश के अन्य शहरों में भी पंजाब किंग्स के मैचों में टीम के समर्थन के लिए उपस्थित देखा जाता है। लेकिन पंजाब किंग्स एक बार भी आईपीएल का नहीं जीत पाई।

बॉलीवुड स्टार अरबाज खान और सोनू सूद पंजाब किंग्स का मैच देखने मोहाली के ढउअ स्टेडियम पहुंचे। अरबाज अपनी गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ दिखे। प्रीति जिंटा भी स्टेडियम में अरबाज और उनकी गर्लफ्रेंड के साथ मौजूद रहीं।

वहीं प्रीति जिंटा ने फैंस के साथ सेल्फी ली और सोनू सूद ने भी प्रीति जिंटा के साथ मैच देखा।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सेविला एफसी से 2-2 से ड्रॉ खेला, मार्सेल सेबिजर ने दागे दो गोल

**मैनचेस्टर।** मार्सेल सेबिजर के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड यूरोपा लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम आगे बढ़ा रहा था लेकिन अंतिम क्षणों की चूक के कारण उसे सेविला से क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सेबिजर ने 14वें और 21वें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था लेकिन टाइरेल मलासिया ने 84वें मिनट में आत्मघाती गोल कर दिया। इसके बाद हैरी मैग्वायर ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में बराबरी का गोल दागा। क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह स्पेन में खेला जाएगा। इस बीच मैट्स वीफर के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से फेयेनोर्ड ने यूरोपा लीग के पहले चरण के क्वार्टर फाइनल मैच में रोमा को 1-0 से हराया। युवेंटस ने क्वार्टर फाइनल चरण के पहले मैच में डिफेंडर फेडेरिको गट्टी के 73वें मिनट में किए गए गोल से स्पोर्टिंग लिस्बन को 1-0 से पराजित किया।



## राहुल तेवतिया ने बढ़ाया यश दयाल का हौसला, कहा- टीम में कोई भी आपको बुरा महसूस नहीं कराएगा



**मोहाली।** पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए अंतिम एकादश से बाहर किए गए तेज गेंदबाज यश दयाल को अपनी टीम गुजरात टाइटन्स से काफी समर्थन मिला है और उनके साथी राहुल तेवतिया ने कहा कि आईपीएल फ्रेंचाइजी ने कोई सहानुभूति नहीं दी है। कोलकाता नाइट राइडर्स को अंतिम ओवर में जीत के लिए 29 रन की दरकार थी और रिंकू सिंह ने दयाल पर लगातार पांच छक्के जड़कर अपनी टीम को गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स पर सनसनीखेज जीत दिलाई। हालांकि गुजरात टाइटन्स ने शानदार वापसी करते हुए गुरुवार को पंजाब किंग्स पर छह विकेट से जीत दर्ज की जिसमें तेवतिया ने चौका जड़कर विजयी रन बनाया। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेस में बात की कि किस तरह से टीम ने यश दयाल का समर्थन किया जिन्होंने पिछले सत्र में टीम की खिताबी जीत में योगदान दिया था। तेवतिया ने दयाल के इस प्रदर्शन के बाद उनसे कहा, यह सबसे खराब है, आप इससे नीचे नहीं जा सकते। तेवतिया ने कहा, वह हमारे मुख्य गेंदबाजों में से एक था। हम पिछले सत्र चैम्पियन बने थे और उसने इसमें काफी बड़ी भूमिका अदा की थी। उसने पिछले साल नयी गेंद से और अंतिम ओवरों में भी काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, उसने हमारे लिए जो कुछ किया है, इस तथ्य को एक मैच बदल नहीं सकता। मुझे नहीं लगता कि टीम में किसी ने उसे सहानुभूति दी हो। उन्होंने कहा, मैंने उसे कहा, कि एक मैच खराब गया है। अगर आप नीचे जाना चाहते हो तो आप जमीन पर गिर सकते हो, वर्ना गुजरात टाइटन्स में कोई भी आपको इसके बारे में बुरा महसूस नहीं करायेगा। अभ्यास करते रहो और उस दिन जो नहीं कर पाये, उसे करो और अपने मौके का इंतजार करो।

# भाजपा आई तो रामनवमी की रैलियों पर हमला नहीं होगा

## बंगाल में शाह बोले- बीजेपी दीदी के हिटलर जैसे शासन को चलने नहीं देगी



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दो दिन के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान शाह ने बीरभूम में जनसंपर्क समावेश रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा 2024 में राज्य में 35 से ज्यादा सीट जीतकर सत्ता में आई, तो कोई भी रामनवमी की रैलियों पर हमला करने की हिम्मत नहीं करेगा। भारतीय जनता पार्टी ममता दीदी के हिटलर जैसे शासन को नहीं चलने देगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को त्रिशूल भेंट किया।

***दीदी-भतीजा के जुर्म को हटाने का एक ही रास्ता है भाजपा***

शाह ने कहा कि दीदी और भतीजा के जुर्म को हटाने का एक ही रास्ता है वो है भाजपा। बंगाल को आतंक से मुक्त करने का एकमात्र तरीका भाजपा है। बंगाल में घुसपैठ रोकने का एक ही तरीका है भाजपा। 2024 में हमें 35 सीटें दें, 2025 (पश्चिम बंगाल चुनाव) की कोई जरूरत नहीं होगी। 2025 से पहले ममता की सरकार गिर जाएगी।

***शाह बोले- ममता भतीजे को सीएम बनाने का सपना न देखें***

शाह ने कहा कि ममता दीदी आप सपना देख रही होंगी कि आपके बाद आपका भतीजा मुख्यमंत्री बनेगा। यहां से बीरभूम में मैं कहता हूं कि अगला सीएम बीजेपी का ही होने वाला है। ट्रेलर को 2024 के चुनाव में दिखाना है। पाकिस्तान को मजबूत जवाब ममता दीदी दे सकती हैं क्या, कश्मीर से आतंकवाद ममता दीदी बंद कर सकती हैं क्या, नहीं यह केवल मोदी जी ही कर सकते हैं। केवल भाजपा ही भ्रष्ट टीएमसी से लड़ सकती है और उसे हरा सकती है।

उन्होंने कहा कि दीदी के शासन में बंगाल बम धमाकों का सेंटर बन चुका है। अभी-अभी एनआइए ने बीरभूम में 80 हजार से ज्यादा डेटोनेटर और 27 हजार किलो अमोनियम नाइट्रेट जब्त किया है। अगर ठख्अ ने न पकड़ा होता तो कितने लोगों की जान बम धमाकों में जाती, कोई नहीं गिन सकता था।

***आज बंगाली नव वर्ष पर दक्षिणेश्वर मंदिर जाएंगे शाह***

अमित शाह शुक्रवार शाम राज्य के पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे और राज्य की स्थिति का जायजा लेंगे। 15 अप्रैल यानी आज वे बंगाली नव वर्ष के दिन कोलकाता में दक्षिणेश्वर काली मंदिर जाएंगे और पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद वे दिल्ली लौट आएंगे।

### कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सवाडी शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस चीफ डीके शिवकुमार ने उनका पार्टी में स्वागत किया और यह दावा किया कि आने वाले दिनों में कई भाजपा नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। लक्ष्मण सवाडी ने बुधवार को टिकट ना मिलने के चलते विधायक पद और बीजेपी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उधर, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से शरद पवार की मुलाकात के एक दिन बाद एनसीपी ने कर्नाटक की कई सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। पार्टी ने कहा कि वह 40-45 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। वे ऐसी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे जहां इखढ, कांग्रेस और जेडीएस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। जेडीएस पार्टी ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में पार्टी ने 49 उम्मीदवारों के नाम जारी किए हैं। पहली लिस्ट में पार्टी ने 93 उम्मीदवारों के नाम जारी किए थे। पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी ने कहा कि बीजेपी अपने सिद्धांतों का पालन नहीं कर रही है, केवल सत्ता की राजनीति कर रही है।

## तीन साल बाद रिया चक्रवर्ती ने किया कमबैक, बोलीं- 'कठिन रहा समय...



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने एमटीवी रोडीज 19 की शूटिंग शुरू कर दी है। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के तीन साल बाद उनकी एक्स गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती 'एमटीवी रोडीज 19' के साथ पर्दे पर दोबारा वापसी कर रही हैं। उन्होंने शो की शूटिंग शुरू कर दी है। रिया ने सेट का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह वैनिटी वैन में मेकअप करती नजर आ रही हैं।

वीडियो में उनसे सवाल किया जाता है- रिया आप सेट पर आकर कैसा महसूस कर रही हैं? इस पर उन्होंने कहा- मैंने तीन साल से कोई शूट नहीं किया है। ये वैनिटी वैन मुझे बिल्कुल नया सा महसूस हो रहा है। हेयर स्टाइल और मेकअप किया जा रहा है। अजीब बात है 3 साल पहले जब मैंने शूटिंग की थी, तो भी यही वैनिटी वैन और यही सेट था। तीन साल बाद मैं फिर यहां वापस आ गई हूं। इस दुनिया के अजीब तरीके हैं। बेहद खुश और उत्साहित हूं, मेरा स्वागत है। वीडियो शेयर करते हुए रिया ने कैप्शन में लिखा, यह एक लंबे समय का इंतजार था। सेट पर वापस आना, काम पर वापस आने में बेहद खुशी हुई है, जिसे मैं बयां नहीं कर सकती। दिल से सभी को शुक्रिया, शो में जाने के लिए बेहद एक्साइटेड हूं।

### खास खबर

#### गहलोत सरकार 1.06 करोड़ परिवारों को देगी फ्री फूड पैकेट

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 1.06 करोड़ परिवारों को महंगाई से राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना की कार्ययोजना का अनुमोदन किया है। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़े परिवारों को निःशुल्क फूड पैकेट वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक पैकेट में चना दाल, चीनी, नमक एक-एक किलो, खाद्य तेल एक लीटर, मिर्ची पाउडर, धनिया पाउडर 100-100 ग्राम और हल्दी पाउडर 50 ग्राम सामग्री होगी। लाभार्थियों को लगभग 370 रुपए प्रति पैकेट (सभी व्ययों सहित) की लागत से फूड पैकेट आपूर्ति करने पर लगभग 392 करोड़ रुपए मासिक व्यय होगा। इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन 24 अप्रैल से आयोजित होने वाले महंगाई राहत कैंपों में होगा। इस योजना में कॉनफैड, सहकारिता विभाग की ओर से सामग्री खरीदकर फूड पैकेट तैयार करके उचित मूल्यों की दुकानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इनका वितरण एफपीएस शॉप्स (खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग) द्वारा किया जाएगा।

#### कर्नाटकः 61 करोड़ नकदी, शराब और मादक पदार्थ समेत 89 करोड़ के सामान जब्त

बेंगलुरु। चुनावी राज्य कर्नाटक में 29 मार्च को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से कानून लागू करने वाली विभिन्न एजेंसियों ने करीब 150 करोड़ रुपये की जब्ती की है। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने बताया कि 149.58 करोड़ रुपये की कुल जब्ती में 61 करोड़ रुपये की नकदी, 33 करोड़ रुपये की शराब, 24 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं, मुफ्त उपहार (18 करोड़ रुपये) और मादक पदार्थ (13 करोड़ रुपये) शामिल हैं। बरामदगी के संबंध में 1,262 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। दस मई को होने वाले विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले लगभग 58 करोड़ रुपये की बरामदगी हुई थी।

## योगी की फैन हुई कंगना

### अतीक के बेटे असद के एनकाउंटर पर कंगना ने की सीएम योगी तारीफ, ट्वीट हुआ वायरल



**लखनऊ।** उमेश पाल हत्याकांड को लेकर माफिया अतीक अहमद के बेटे असद के एनकाउंटर पर बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत ने ट्वीट कर सीएम योगी की तरीफ की है। कंगना का यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायल हो रहा है। कंगना ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए योगी को अपना भाई बताया है। कंगना रनौत ने सीएम योगी की तारीफ करते हुए ट्वीट किया। उन्होंने मुख्यमंत्री का एक वीडियो भी शेयर किया। मेरे भैया योगी आदित्यनाथ जैसा कोई नहीं। साथ ही खुशी और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। कंगना रनौत ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें योगी आदित्यनाथ विधानसभा में उमेश पाल के आरोपियों को मिट्टी में मिलाने की बात कहते हैं। कंगना ने कहा है कि उनके भाई जैसा इस दुनिया में कोई नहीं है। जाहिर है कि कंगना कई मौकों पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम की तारीफ कर चुकी हैं। योगी जब पिछले साल दोबारा सीएम बने थे तो कंगना ने उन्हें पर्सनली मिल कर बधाई दी थी। बता दें कि गुरुवार को हुए इस एनकाउंटर को लेकर पूरे देश में यूपी पुलिस और असद का एनकाउंटर ट्रेंड कर रहा है। असद वो शख्स था जिसने दो निर्दोष लोगों की जान ले ली थी। कल यानी 13 अप्रैल को यूपी पुलिस ने उसे झांसी से मार गिराया। उसके एनकाउंटर की खबर के बाद से ही हर जगह इसकी चर्चा होने लगी। कुछ लोग इसे यूपी सरकार की कामयाबी बता रहे हैं। इसी बीच कंगना ने भी योगी आदित्यनाथ की तारीफ कर दी है।

### केरल को वंदे भारत एक्सप्रेस मिलेगी, भाजपा ने जश्न मनाना शुरू किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल को जल्द ही केंद्र से एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलेगी। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक घोषणा अभी होना बाकी है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केरल नेतृत्व ने शुक्रवार को पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में राज्य में आने पर बड़ी घोषणा करेंगे। उन्होंने इसे केंद्र और प्रधानमंत्री की ओर से राज्य के लोगों के लिए विशु काईनीट्टम के रूप में वर्णित किया। परंपरा के अनुसार, परिवार के बुजुर्ग इस वर्ष 15 अप्रैल, शनिवार को फसल उत्सव विशु के दिन घर के सदस्यों को काईनीट्टम के रूप में उपहार, विशेष रूप से धन देंगे। चेन्नई से आज सुबह पलक्कड़ में इस ट्रेन के डिब्बों के पहुंचने के बाद स्थानीय लोगों में उत्सुकता पैदा हो गई और भाजपा कार्यकर्ता इनका स्वागत करने के लिए स्टेशन पर उमड़ पड़े। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा ट्रेन के रेलवे अधिकारियों को माला पहनाई गई और उनके बीच मिठाइयां बांटी गईं। एक उत्साहित बुजुर्ग व्यक्ति ने पलक्कड़ रेलवे स्टेशन पर संवाददाताओं से कहा, मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि वंदे भारत जैसी एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बे मेरे राज्य में आ रहे हैं।

## नीतीश का पीएम के नारे से स्वागत

### मुख्यमंत्री की गाड़ी नगाड़े के सामने रुकी, पुष्पवर्षा, दफ्तर पहुंचे तो लगे नारे- देश का पीएम कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो!

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली में विपक्षी एकता के लिए दलों को जोड़ने के प्रयास में कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी से मिलकर क्या लौटे, उनकी पार्टी जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने उन्हें अगला पीएम ही मान लिया। वह बार-बार कह रहे कि वह इस पद के दावेदार नहीं, लेकिन शुक्रवार को जब वह जदयू दफ्तर पहुंचे तो इसी नारेबाजी के साथ फूलों की बारिश से स्वागत किया गया- देश का पीएम कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो! इस नारेबाजी से जदयू नेताओं ने उत्साह भले दिखाया हो, लेकिन विपक्षी एकता की मुख्यमंत्री की मुहिम के लिए यह गलत संदेश दे गया।

सीएम नीतीश कुमार का काफिला जैसे ही वीर चंद्र पटेल रोड पहुंचा, वैसे ही ढोल नगाड़े बजने लगे। जदयू कार्यलाय के गेट के सामने जदयू के सैकड़ों समर्थक पुष्प वर्षा करने लगे। इसी बीच समर्थक नारेबाजी करने लगे। वह कह रहे थे, देश का पीएम कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो₹। समर्थक जोश और उत्साह के साथ नीतीश कुमार के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे।



सीएम नीतीश के काफिले पर पुष्प वर्षा करते समर्थक। - फोटो : अमर उजाला

***सभी कह रहे- बैठकर तय करेंगे नेता***

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार शाम करीब 52 घंटे की दिल्ली यात्रा से लौटने के बाद खुद कहा था कि शुरूआती बातचीत अच्छी हुई है, आगे की बातचीत सभी दलों के नेता एकजुट होकर करेंगे। दिल्ली में मुख्यमंत्री जिन नेताओं से मिले, उन सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष के किसी एक नाम पर अपनी मुहर नहीं लगाई। मुहर तो दूर की बात, इसपर चर्चा से भी इनकार किया। सांसदी जाने से पहले कांग्रेस राहुल गांधी के अलावा किसी नाम पर तैयार नहीं थी, अब वह बातचीत के लिए आगे भी आई है और नीतीश इसलिए दिल्ली गए भी। वामदलों के बीच भी नाम को लेकर कोई चर्चा नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार या किसी और नाम पर राजी होंगी, इसका कोई अनुमान भी नहीं लगा पा रहा है।

***एकजुटता के पीछे वर्चस्व की लड़ाई भी जगजाहिर***

भाजपा के खिलाफ एकजुट हो रहे दलों में नेतृत्व को लेकर अंदर ही अंदर वर्चस्व की लड़ाई है। उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से बार-बार बाहर बताकर विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रयास तेज किया है। लेकिन, अब दिल्ली से उनके लौटते ही जदयू नेताओं ने जो रुख अपनाया है, उसे अगर कांग्रेस, तृणमूल या वामपंथी दलों ने गंभीरता से ले लिया तो सारी मेहनत पर पानी भी फिर सकता है।

## प्लीज मोदी जी

### हमारे लिए अच्छा स्कूल बनवा दो, कठुआ से बच्ची की अपील



**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला कठुआ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में एक नन्हीं बच्ची प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने स्कूल की दशा के बारे में बता रही है। इतना ही वह बड़े ही मनमोहक अंदाज में पीएम मोदी से स्कूल को अपग्रेड करने की मांग भी कर रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है और जमकर शेयर किया जा रहा है।

वीडियो में बच्ची अपना नाम सीरत नाज बता रही है और खुद को सरकारी लोहाई-मल्हार हाई स्कूल के छात्रा बताया है। वह कहती है कि 'प्लीज मोदी जी, एक अच्छी सी स्कूल बनवा दो ना।' इसके बाद सीरत खुद को फ्रेम से बाहर कर अपने स्कूल परिसर का हाल बताते हुए नजर आ रही है। सीरत शिकायती लहजे में कहती है, ₹मोदी-जी, मुझे ना आप से एक बात कहनी है।₹ सीरत फिर फोन के कैमरे को दो बंद दरवाजों के ठीक सामने एक खुली ठोस सतह की ओर घुमाती है, जिसे वह प्रिंसिपल के कार्यालय और स्टाफ रूम बता रही है और कहती है- देखो हमारा फर्श कितना गंदा हो चुका है। हमें यहां नीचे बैठते हैं।'

फिर पीएम मोदी को स्कूल की इमारत के आभासी दौरा दिखाती हुई छात्रा आगे कहती है, ₹चलो में आप को बड़ी सी बिल्डिंग दिखती हूं आपने स्कूल की।₹ जैसे ही वह कुछ कदम और चलती है और लेंस को दाईं ओर झुकाती है, एक अधूरी इमारत दिखाई देती है। ये देखो, पिछले 5 सालों से, देखो कितनी गंदी बिल्डिंग है यहां पे। चलो में आप को अंदर से दिखाती हूं।

## आप सरकार पर भड़के चरणजीत चन्नी

### पूर्व सीएम बोले-मेरी जान को खतरा छुट्टी के दिन विजिलेंस ने क्यों बुलाया



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी शुक्रवार को विजिलेंस ब्यूरो पहुंचे। गुरुवार देर शाम उन्हें व्हाट्सएप पर विजिलेंस की तरफ से आय से अधिक संपत्ति मामले में शुक्रवार को पेश होने के लिए कहा गया था। विजिलेंस के सामने पेश होने से पहले चन्नी आप सरकार पर फिर बरसे।

शुक्रवार को चन्नी कांग्रेस नेताओं के साथ मीडिया से रुबरु हुए। इस दौरान चन्नी ने कहा कि कितनी हैरानी वाली बात है कि वैसाखी के छुट्टी वाले दिन पंजाब सरकार ने अपने दफ्तर खोल कर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि वह पहले दिन से कह चुके हैं कि वह सरकार के अत्याचारों का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आज उन्हें विजिलेंस ने बुलाया है। इस दौरान उन्हें बैठाया जाएगा। गिरफ्तारी भी की जा सकती है। यहां तक उन्हें जान से भी मारा जा सकता है, लेकिन वह डरने वाले नहीं हैं।

चन्नी ने कहा कि उन्हें अपने गुरु साहिबान से पूरी प्रेरणा मिली हुई है। ऐसे में अकेले ही विजिलेंस के सामने पेश होने जाएंगे। इससे पहले विजिलेंस की तरफ से उन्हें 12 अप्रैल को तलब किया गया था। उन्होंने व्यस्त होने के चलते 20 तारीख का समय विजिलेंस से लिया था। लेकिन अब जिस तरह से उन्हें बुलाया गया है, इसके लिए वे भगवंत मान सरकार का धन्यवाद करते हैं।

चन्नी ने कहा कि उनके खिलाफ जो जांच चल रही है वह सारी राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि मेरा पुश्तैनी घर अभी अटैच है, हाईकोर्ट से मैंने स्टे ले रखी है। ऐसे में मैं करोड़ों की संपत्ति कैसे बना सकता हूं। उन्होंने कहा कि वह डरने वाले नहीं हैं।

दूसरी तरफ पार्टी के सीनियर नेताओं ने कहा कि वह चन्नी के साथ हैं। चन्नी को भेजे गए समन से बात साफ हो गई है कि सरकार जालंधर लोकसभा चुनाव से डरी हुई है सरकार अपनी हार को देखकर इस तरह के हथकंडे अपना रही है।

***कांग्रेस ने कहा डरेंगे नहीं***

पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी को जब पहले दिन सरकार ने नोटिस भेजा था, उस दिन से ही कांग्रेस इसके विरोध में आ गई थी। कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से एक पोस्ट की थी जिसमें उन्होंने लिखा था कि हम डरेंगे नहीं हराएंगे।

## उपचुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका

### दो बार विधायक का चुनाव लड़ चुके मोहिंदर भगत ने थामी झाड़ू



**चंडीगढ़।** जालंधर लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले सियासी उठापटक जारी है। जालंधर वेस्ट से भाजपा के बड़े नेता और दो बार विधायक का चुनाव लड़ चुके पूर्व मंत्री भगत चुन्नीलाल के पुत्र मोहिंदर भगत ने शुक्रवार दोपहर चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर ली। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उन्हें आप की सदस्यता दिलाई।

जालंधर वेस्ट की राजनीति में भाजपा के सक्रिय नेता में सबसे आगे भगत परिवार ही था लेकिन उनके आप में जाते ही भाजपा को बड़ा झटका लगा है। इससे पहले वेस्ट हल्के से कांग्रेस के पूर्व विधायक सुशील रिंकू, डिप्टी मेयर हरसिमरनजीत सिंह बंटी, कांग्रेस और भाजपा के कई पार्षद, कई बड़े अकाली नेता आप में शामिल हो चुके हैं। वहीं बेटे के आप में जाने पर भगत चुन्नीलाल ने कहा कि बेटे ने गलत किया, वह भाजपा के साथ हैं और भगत बिरादरी भाजपा को वोट देगी। मोहिंदर भगत के आप में शामिल होने की खबर मिली तो भाजपा की जिला इकाई ने भगत चुन्नीलाल से मिलकर नाराजगी जताई।

## पुलिस मुठभेड़ में चार गो-तस्कर धराए

### कामयाबी

#### अवैध तमंचा, कारतूस, बोलेरो सहित गोकशी के उपकरण बरामद




गंभीरपुर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**आजमगढ़।** थाना गंभीरपुर पुलिस ने मुठभेड़ में गोकशी करने वाले 4 अभियुक्तों को धर दबोचा। उनके कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस, प्रतिबंधित पशु काटने के उपकरण व एक अदद बोलेरो गाड़ी सहित भारी मात्रा मे प्रतिबंधित मांस बरामद किया। गंभीरपुर पुलिस अपराधियों की तलाश में थी। इसी दौरान ग्राम मगरांवा कब्रिस्तान के पास पहुंचकर देखा कि कुछ लोग गोकशी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस जब उन्हें पकडने के लिए आगे बढ़ी तो पुलिस को देखकर एक व्यक्ति ने अचानक फायर कर दिया जिससे पुलिस वाले बाल बाल बचे। पुलिस ने कब्रिस्तान के आगे सिवान में भाग रहे 4 व्यक्तियो ताबिस पुत्र सालिम, इश्तेयाक पुत्र तैयब, अबु फैज पुत्र मो.युसुफ, अरमान पुत्र अल्ताफ अद निवासीगण मगरांवा इस्लामपुरा थाना गम्भीरपुर को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक कुन्तल 35 किलो प्रतिबंधित मांस, एक अदद कट्टा 315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा गाय काटने के उपकरण बरामद हुआ।

पुलिस ने गिरफ्तार सभी को संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

### हिमाचल प्रदेशः कुलदेव नारायण मंदिर जलकर राख, करोड़ों का नुकसान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला किन्नौर की रूपी पंचायत के नालिंग-2 गांव में बने मन्दिर में अचानक आग लग गई। इसमें कुलदेव नारायण की अधिकतर मूर्तियां रथ सहित पूरी तरह जल गईं। वहीं आग लगने से मन्दिर को करोड़ों का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुवार रात लगभग 10 बजे रूपी पंचायत के नालिंग-2 गांव में बने कुलदेव नारायण के मन्दिर में अचानक आग लग गई। जैसे ही गांव वालों को इसकी जानकारी मिली तो सभी ग्रामीण अपने स्तर पर आग बुझने में लग गए, लेकिन आग ने तब तक मन्दिर को पूरी तरह से जला दिया था। पंचायत के प्रधान रामेश्वर नेगी ने बताया कि आग लगने की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी, लेकिन आज सुबह नौ बजे तक कोई रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंची।



**बिहू नृत्य दुनिया का सबसे बड़ा नृत्य प्रदर्शन कार्यक्रम है, इसमें 10 हजार से ज्यादा कलाकारों ने एक साथ प्रस्तुति दी।**

# सोने की कीमत ने बनाया रिकॉर्ड रॉकेट बना गोल्ड का भाव

## सोना 480 रुपये उछलकर 61,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 480 रुपये उछलकर 61,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में सोना 61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 410 रुपये की तेजी के साथ 77,580 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक कमोडिटीज, सौमिल गांधी ने कहा, ₹दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत 480 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़कर 61,780 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई।₹ विदेशी बाजार में सोना और चांदी तेजी के साथ क्रमशः 2,041 डॉलर प्रति औंस और 25.88 डॉलर प्रति औंस पर चल रहे थे। एशियाई कारोबारी घंटों में शुक्रवार को सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। कॉमेक्स पर सोने की कीमतें 13 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गईं, क्योंकि डॉलर इंडेक्स और यील्ड में गिरावट से तेजी का रुख बढ़ा।

***62000 के पास पहुंचा सोना***

चेन्नई में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 56,690 रुपये है। इतनी ही मात्रा में 24 कैरेट सोना 61,840 रुपये में खरीदा और बेचा जा रहा है। गुरुग्राम और नोएडा में 10 ग्राम 22 कैरेट सोना 56,240 रुपये में बिक रहा है। 24 कैरेट सोना कीमत 61,340 रुपये है। अहमदाबाद, पटना और बेंगलुरु में 10 ग्राम 22 कैरेट सोना 56,140 रुपये के भाव पर खरीदा जा रहा है। 24 कैरेट सोने का रेट इन शहरों में 61,240 रुपये है। भुवनेश्वर, पुणे और हैदराबाद में दस ग्राम 22 कैरेट सोना 56,090 रुपये में बिक रहा है। 24 कैरेट शुद्धता का इतना ही सोना 61,190 रुपये में बेचा जा रहा है।

**दिल्ली में 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 61,950 रुपये है।**
**जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 61,950 रुपये में**
**पटना में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 61,850 रुपये**
**कोलकाता में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 61,800**
**मुंबई में 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 61,800 पर बिक रहा**
**बेंगलुरु में 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 61,850 रुपये का**
**हैदराबाद में 24 कैरेट 10 ग्राम सोना 61,800 रुपये का**
**चंडीगढ़ में सोने की कीमत 61,950 रुपये**
**लखनऊ में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का रेट 61,950 रुपये**

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 5 जून 2023 को परिपक्व होने वाला सोना वायदा 1.03 प्रतिशत उछलकर 61,255 रुपये से उपर कारोबार कर रहा था। 5 मई 2023 को परिपक्व होने वाली चांदी की वायदा कीमत 1.45 प्रतिशत बढ़कर 77,010 रुपये पर पहुंच गई।

## जी20 देशों ने भारत के अनेक प्रस्तावों का किया मजबूत समर्थन : सीतारमण



**वॉशिंगटन।** जी20 समूह के सदस्य देशों ने भारत के अनेक प्रस्तावों का समर्थन किया है और इनको लेकर सक्रिय वातार्लाप हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी20 देशों के अपने अनेक समकक्षों के साथ सिलसिलेवार मुलाकात के बाद यह कहा। भारत को पिछले साल दिसंबर में जी20 की अध्यक्षता मिली थी और सितंबर की शुरूआत में उसके नई दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की योजना है। जी20 विश्व की 20 प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक महत्वपूर्ण मंच है। सीतारमण ने बृहस्पतिवार को वॉशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की सालाना वसंत बैठकों से इतर जी20 देशों के अपने समकक्षों के साथ मुलाकात की। उन्होंने कहा, हमें यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि भारत के ज्यादातर प्रस्तावों को अच्छा समर्थन मिला है और उन्हें लेकर सक्रिय जुड़ाव हो रहा है। उन्होंने बताया कि जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की दूसरी बैठक में चर्चा तीन सत्रों में हुई। इसमें सदस्य देशों की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन बैठकों में 13 आमंत्रित देशों, कई अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय संगठनों के करीब 350 प्रतिनिधि शामिल हुए। सीतारमण ने कहा कि जी20 बैठकों से छह निष्कर्ष निकले। इनमें ग्लोबल सॉवरेन डेट राउंडटेबल की मेजबानी के साथ ऋण पुनर्गठन और ऋण कमजोरियों पर सफल चर्चा शामिल है। बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार का मुद्दा भी अहम है जो एक भारतीय पहल है, उसे बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावा जलवायु वित्त और जलवायु एवं जलवायु संबंधी मामलों का सतत वित्तपोषण और वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक साझेदारी भी छह निष्कर्ष में शामिल है जिसमें डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बहुत अधिक समर्थन मिला।

## निवेश और कीमतों में संभावित तेजी से बढ़ी मांग के कारण चांदी महंगी

**चेन्नई।** निवेश और कीमतें और बढ़ने की आशंका में मांग आने से चांदी की कीमतों में इस समय तेजी है जिसके आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने आईएएनएस को बताया, पिछले तीन सप्ताह में चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया है। उच्च निवेश और भविष्य में दाम बढ़ने की आशंका में मांग निकलने से कीमतों में वृद्धि देखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि एमसीएक्स इंडिया पर मई का वायदा भाव 77,010 रुपये प्रति किलोग्राम था। मद्रास ज्वैलर्स एंड डायमंड मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और चल्लानी ज्वेलरी मार्ट के पार्टनर जयंतीलाल चल्लानी ने आईएएनएस को बताया, चांदी सोने की तुलना में बेहतर रिटर्न दे रही है और इसलिए निवेशक इस धातु पर अपना पैसा लगा रहे हैं। हालांकि चांदी का 70 प्रतिशत उपयोग औद्योगिक उत्पादन में किया जाता है, फिर भी रिटर्न अच्छा है। चल्लानी ने कहा कि चांदी की कीमत गुरुवार को 77 रुपये प्रति ग्राम और शुक्रवार को 79 रुपये प्रति ग्राम थी।

## इतालवी उद्यमियों को भारत में निवेश के अवसरों की ओर किया आकर्षित: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इटली की अपनी यात्रा में वहां के उद्यमियों को भारत के साथ कारोबार के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि देश इस समय निवेश के लिए विश्व के सबसे विश्वसनीय बाजारों में से एक है और यहां अनेकानेक अवसरों की भरमार है। श्री गोयल के पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्रालय का भी प्रभार है।

गोयल ने रोम में गुरुवार को कंपनियों के मुख्य कार्यकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक खुली अर्थव्यवस्था है और वैश्विक स्तर पर उसके संपर्क हैं। भारत यूरोपीय संघ के बीच मुक्त समझौते की वार्ता चल रही है। गोयल ने भारत-इटली की भागीदारी के लक्ष्य ऊंचे होने चाहिए क्योंकि हाल में इसको रणनीतिक स्तर की भागीदारी का रूप दिए जाने से इसके लिए अब नयी नयी संभावनाएं बनी हैं। वाणिज्य मंत्री ने वहां बताया कि किस तरह भारत का वैश्विक बाजारों के साथ कारोबार फैल रहा है और पिछले दो साल में देश के कुल निर्यात में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस समय भारत में इटली की करीब 700 कंपनियां काम कर रही है भारत में कारोबार जमाने का यह सबसे अच्छा समय है।

मंत्री ने कहा कि भारत कारोबार के लिए मजबूत भविष्योन्मुखी नीतियां प्रस्तुत करेगा जिसमें आवश्यकतानुसार पिछली तिथि से प्रभावी सुधार किए जा सकते हैं। इस कार्यक्रम में इटली के उप-प्रधानमंत्री और व्यापार मंत्री एंटोनियो तजानी ने भी भाग लिया और कहा कि दोनों देशों के बीच भविष्य की एक अच्छी राह बनाने और उस पर सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

रोम में सीईओ बिजनेस इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और कॉन्फिंडस्ट्रिया के सहयोग से रोम, इटली में भारत के दूतावास द्वारा किया गया था। इस सत्र में भारतीय और इतालवी कंपनियों के 70 से अधिक सीईओ ने भाग लिया।

## भारत, जापान और फ्रांस ने श्रीलंका की ऋण पुनर्गठन वार्ता शुरू करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत, जापान और फ्रांस ने शुक्रवार को श्रीलंका के लिए ऋण पुनर्गठन वार्ता प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की।अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ)- विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) की वाशिंगटन में मीटिंग्स के दौरान श्रीलंकाई ऋण मुद्दों पर एक उच्च-स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेते हुए भारत, जापान और फ्रांस द्वीप राष्ट्र के समन्वित ऋण पुनर्गठन का नेतृत्व करने के लिए सहमत हुए। इसका उद्देश्य श्रीलंका के साथ लेनदारों के बीच ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया के संबंध में बहुपक्षीय सहयोग का प्रदर्शन करना था। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने श्रीलंका के मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने में उसका समर्थन करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऋण पुनर्गठन चचाओं में सभी लेनदारों के साथ व्यवहार में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित करने के लिए लेनदारों के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है।

## बिहार : हीट वेव से लीची उत्पादन पर असर पड़ने के आसार



**मुजफ्फरपुर।** बिहार का मुजफ्फरपुर लीची के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन इस साल लीची के किसान पैदावार को लेकर आशंकित है। अप्रैल महीने में ही राज्य के कई जिलों में हीट वेव के कारण लीची, खासकर चाइना लीची के उत्पादन के कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है।मुजफ्फरपुर के लीची के किसान भोला नाथ झा का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण इतनी जल्दी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो लीची के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि शाही प्रजाति के लीची में तो 20 प्रतिशत कमी होने की संभावना है लेकिन चाइना लीची के उपादन 70 से 80 फीसदी तक कम होने का अनुमान है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अभी और ज्यादा बहुत कुछ नहीं बोला जा सकता है। उनका कहना है कि इस बार व्यापारियों की मांग के अनुसार दूसरे प्रदेश व महानगरों में लीची नहीं भेज पाएंगे। भारत सरकार के कृषि और सहकारिता विभाग के वर्ष 2020-2021 के आंकड़े के अनुसार भारत में 97.91 हजार हेक्टेयर में लीची की खेती हो रही है जिससे कुल 720.12 हजार मैट्रिक टन उत्पादन प्राप्त होता है। आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में लीची की खेती 36.67 हजार हेक्टेयर में होती है जिससे 308.06 हजार मैट्रिक टन लीची का फल प्राप्त होता है। बिहार में लीची की उत्पादकता 8.40 टन प्रति हेक्टेयर है जबकि राष्ट्रीय उत्पादकता 7.35 टन प्रति हेक्टेयर है। इधर, अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक एवं डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के सह निदेशक अनुसन्धान डॉ एस के सिंह का मानना है कि लीची के लिए अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए।

## हुंडई मोटर ने भारत में नई एसयूवी एक्सटर की घोषणा की

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया ने शुक्रवार को अपनी आगामी एसयूवी-हुंडई एक्सटर के नाम की घोषणा की, जो ग्राहकों को स्मार्ट मोबिलिटी अनुभव प्रदान करेगी।कंपनी के मुताबिक, यह नई एसयूवी एचएमआई की एसयूवी की मजबूत लाइनअप का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा होगी जिसमें पहले से ही वेन्यू, वेन्यू एन लाइन, क्रेटा, अलकाजर, कोना इलेक्ट्रिक, टक्सन और आईओनिक 5 शामिल हैं। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के सीओओ तरुण गर्ग ने एक बयान में कहा, हमें अपनी नई एसयूवी- हुंडई एक्सटर के नाम की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो युवा खरीदारों को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है, जो उन्हें स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन के साथ सशक्त बनाकर उनकी घूमने की इच्छा को पूरा करती है। उन्होंने कहा, एसयूवी बॉडी स्टाइल के साथ हुंडई एक्सटर हमारी लाइन अप में 8वां मॉडल है और हमें विश्वास है कि हमारे परिवार का यह नया सदस्य एसयूवी की बिक्री में हमारी वृद्धि को और बढ़ावा देगा।

## टाटा स्टील ने कंपनी के नकली उत्पादों के खिलाफ मारे छापे




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पुलिस की मदद से टाटा स्टील के अधिकारियों ने कंपनी के नकली उत्पादों को लेकर कोलकाता स्थित एक निर्माण इकाई पर छापे मारे हैं। शुक्रवार को मीडिया के एक बयान के अनुसार, टाटा स्टील के अधिकारियों ने पुलिस के सहयोग से, टाटा ब्रांड नाम का उल्लंघन करके कथित तौर पर नकली टाटा उत्पादों को बनाने और बेचने वाली कोलकाता स्थित एक निर्माण इकाई पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाने के लिए कि वे वास्तविक टाटा उत्पाद खरीद रहे हैं, उत्पादों को समान पैकेजिंग में पंजीकृत टाटा ट्रेडमार्क के तहत बेचा जा रहा था। अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर टाटा स्टील ने पुलिस के साथ 10 अप्रैल को यूनिट पर छापा मारकर भारी संख्या में बक्से, पैकेजिंग सामग्री, मूल्य लेबल और अन्य सामग्री जब्त की। बयान में कहा गया है कि टाटा स्टील के उत्पादों की गुणवत्ता को उपभोक्ताओं के मन में जबरदस्त विश्वास है तथा नकली उत्पादों पर इसके ब्रांड नाम के अनधिकृत उपयोग से उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील पूर्व अनुमति के बिना अपने ट्रेडमार्क और लोगो के दुरुपयोग की कड़ी निंदा करती है।

ब्रांड प्रतिष्ठा और विश्वास की रक्षा के लिए टाटा स्टील ब्रांड सुरक्षा दल जालसाजों सहित ऐसी संस्थाओं की निगरानी और उन पर कार्रवाई कर रहा है। बयान में कहा गया है कि कंपनी उपभोक्ताओं से उत्पाद की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए केवल अधिकृत डीलरों और वितरकों से टाटा स्टील के उत्पाद खरीदने का आग्रह करती है।

## दुनिया भर में सभी प्रकार के खाद्य तेलों में सोयाबीन ऑयल सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला तेल बना



**कानपुर।** अगर आपके मनपसंद भोजन को ज्यादा आँच पर पकाना, यानी तलने, भूनने, सेंकने की जरूरत होती है तो सबसे बढ़िया होगा कि आप सोयाबीन ऑयल का प्रयोग करें। इसमें भी बेहतर विकल्प यह हो सकता है कि अल्ट्रा-लाइट सोयाबीन ऑयल का चुनाव करें, जिसका स्मोक प्वाइंट यानी गर्म होने का अपेक्षित तापमान कई दूसरे तेलों की तुलना में ज्यादा है। लोग इसे इसलिए भी पसंद करते हैं क्योंकि इसका रंग अनरिफाइंड (अशोधित) तेलों की तुलना में काफी हलका होता है। इसकी कीमत भी ज्यादा नहीं है और इस प्रकार भारतीय मध्य और निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए यह तेल किफायती है।दुनिया भर में सभी प्रकार के खाद्य तेलों में सोयाबीन ऑयल सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला तेल है।ऐसे समय में जब खाद्य की कीमतें और विश्व की खाद्य आपूर्ति पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में चिंता बढ़ रही है, सोया-आधारित उत्पाद आशा की किरण साबित हो रहे हैं। सोयाबीन से निकाला गया सोयाबीन ऑयल स्वादहीन होता है और रसोई में तरह-तरह के प्रयोग के लिए यह प्रचलित कुकिंग ऑयल है। यह एक बहुउपयोगी सामग्री है जिसका उपयोग अलग-अलग तरह की रेसिपीज में किया जाता है और यह घरेलू रसोइयों और खाद्य सेवा के प्रोफेशनल्स का खर्च कम करने में मदद करता है। एक जैसे प्रतीत होने वाले प्रोडक्ट्स के बाजार में, इमामी हेल्दी एंड टेस्टी अल्ट्रालाइट सोयाबीन ऑयल एक ऐसा तेल है जिसने तेल को सचमुच अल्ट्रालाइट बनाकर भारत में पहली बार एक सार्थक अंतर पेश किया है। हेल्दी एंड टेस्टी अल्ट्रालाइट बनाने के लिए एमएसआरटी (मल्टीस्टेज रिफाइनिंग टेक्नोलॉजी) यानी बहुस्तरीय शोधन प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है जो इस तेल को दूसरे ब्रान्डों की तुलना में रंग में काफी हलका बनाती है। यह खाद्य पदार्थों में कम सोखा जाता है और बहुत कम चिपचिपा होता है। दिलचस्प है कि बाकी सोयाबीन तेलों की तुलना में काफी बढ़िया क्वालिटी का होने के बावजूद एचऐंडटी अल्ट्रालाइट की कीमत सामान्य है और यह काफी किफायती दाम में एक ज्यादा बेहतर उत्पाद मुहैया करता है। यहाँ यह जानना जरूरी है कि सेहतमंद कुकिंग ऑयल के लिए केवल हलका होना ही काफी नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को असली पकवान का आनंद लेने के लिए यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उनके सोयाबीन ऑयल में सही शोधन तकनीक (रिफाइनिंग टेक्नोलॉजी) का प्रयोग किया गया है। अशोधित सोयाबीन ऑयल को अनेक चरणों की शोधन प्रक्रिया -गाद निष्कासन,शोधन,विरंजन (ब्लीचिंग) और गंधरहित करना - से गुजारा जाता है ताकि लोगों को खाद्य गुणवत्ता वाला परिष्कृत सोयाबीन ऑयल मिल सके। ध्यान देने की महत्वपूर्ण बात यह है कि सोयाबीन ऑयल में स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद पॉलीअन सैचुरेटेड फैटी एसिड्स पाए जाते हैं। ***एजेंसी***

## चीन का चिप आयात 23 प्रतिशत घटा भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण में तेजी आई



**बीजिंग।** अमेरिका और भारत के स्थानीय सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देने के बाद चीन का चिप आयात 2023 की पहली तिमाही में 23 प्रतिशत गिर गया है। मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।जनरल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ कस्टम्स के आंकड़ों के मुताबिक, चीन ने इस साल जनवरी से मार्च के बीच 108.2 अरब इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) का आयात किया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 22.9 फीसदी कम है। आंकड़ों के मुताबिक, चिप आयात का कुल मूल्य पिछले साल के 107.1 अरब डॉलर से 26.7 फीसदी घटकर 78.5 अरब डॉलर रह गया। सीमा शुल्क डेटा का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया, 2023 के पहले तीन महीनों में चीन का आईसी निर्यात साल-दर-साल 13.5 फीसदी गिरकर 60.9 अरब यूनिट हो गया, जबकि एक साल पहले इसमें 4.6 फीसदी की गिरावट आई थी। निर्यात का कुल मूल्य 17.6 फीसदी गिरा। यह महत्वपूर्ण गिरावट दशार्ती है कि कैसे भू-राजनीतिक तनाव और चीन पर बढ़ते अमेरिकी प्रतिबंधों ने देश और बाकी दुनिया के बीच सेमीकंडक्टर कारोबार को बाधित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में पिछले साल चिप्स और विज्ञान अधिनियम को लागू किया था, जो अमेरिका को देश में अधिक चिप निर्माण को आकर्षित करने के लिए सक्षम बनाता है। इस बीच, भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्च रिंग के क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए 76,000 करोड़ रुपये (10 अरब डॉलर) को मंजूरी दी। भारत और अमेरिका ने पिछले महीने भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद के ढांचे के तहत अर्धचालक आपूर्ति श्रृंखला और नवाचार साझेदारी स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### संक्षेप

## निसान मोटर इंडिया ने की देशभर में ग्राहकों के लिए मुफ्त एसी जांच कैंप लगाने की घोषणा

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने अपनी ग्राहक-केंद्रित नीति जारी रखते हुए अपने ग्राहकों के लिए मुफ्त एसी जांच कैंप लगाने की घोषणा की है। ये कैंप निसान की देशभर में अधिकृत वर्कशॉप्स पर 15 अप्रैल से 15 जून, 2023 के दौरान लगाए जाएंगे। निसान और डाट्सुन के ग्राहक इस दौरान अपने वाहनों की जांच के लिए निसॉन कनेक्ट ऐप या निसान मोटर इंडिया की वेबसाइट पर सर्विस एपाइंटमेंट बुक कर सकते हैं। निसान की इस पहल के चलते, ग्राहकों को मिलेगा कारों की ओनरशिप का शानदार अनुभव और साथ ही, निसान ब्रैंड के प्रति उनके मन में भरोसा भी बढ़ेगा। ये सर्विस कैंप निसान की 122 वर्कशॉप के देशव्यापी नेटवर्क में लगाए जाएंगे जहां निसान और डाट्सुन ब्रैंड के वाहनों के लिए सेवाएं दी जाती हैं। निसान के प्रशिक्षित सर्विस प्रोफेशनल्स वाहनों के लिए एसी चेक-अप कैंप का संचालन करेंगे और निसान के असली स्पेयर पार्ट्स का इस्तेमाल करते हुए क्वालिटी सेवाएं सुनिश्चित करेंगे। इस कैंप में, 20-प्वाइंट चेक-अप की व्यवस्था की गई है जिसमें फ्री एसी जांच, कार की बाहरी जांच, आंतरिक जांच, अंडरबॉडी जांच और रोड टैस्ट शामिल हैं। इसके अलावा, सभी वाहनों के लिए मुफ्त टॉप वॉश की भी सुविधा है। साथ ही, ग्राहकों को लेबर पर 20%और वैल्यू ऐडेड सेवाओं (मूल्यवर्धित सेवाओं) पर 10%छूट का लाभ भी मिलेगा। इसके अलावा, इन कैंपों में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्री-पेड मेंटीनेंस पैकेज के जरिए ग्राहकों को मिलेगा अभूतपूर्व लाभ। इस पैकेज से ग्राहकों के मेंटीनेंस खर्च में 20%तक बचत हो सकती है और साथ ही, झंझट रहित अनुभव भी मिलता है। यह मेंटीनेंस पैकेज देशभर में निसान की किसी भी अधिकृत वर्कशॉप पर ग्राहकों को कैशलेस मेंटीनेंस समेत अन्य कई बेहतरीन लाभ जैसे 5 साल तक कवेरेज, बिना कीमतों में बढ़ोतरी के मेंटीनेंस सर्विसेज आदि दिलाने के मकसद से तैयार किया गया है। इसका एक और फायदा यह है कि कार का स्वामित्व बदलने पर पैकेज भी ट्रांसफर किया जा सकता है। यह पैकेज निसान द्वारा ग्राहकों के लिए कारों के कुल स्वामित्व खर्चों में कमी लाने तथा ब्रैंड निसान के साथ उन्हें आसान सेवा का अनुभव दिलाने के मकसद से पेश किया गया है।

## नए मूल्य निर्धारण मानदंड से घटेगी गैस उत्पादकों की आय: एस&पी

**नई दिल्ली।** देश की नयी गैस मूल्य निर्धारण व्यवस्था से ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड जैसी गैस कंपनियों की आय घटेगी। एसएंडपी रेटिंग्स ने शुक्रवार को यह बात कही। हालांकि, नये मानदंड कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमतों को प्रभावित नहीं करेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड जैसी कंपनियां इस तरह के क्षेत्रों का संचालन करती हैं। सरकार ने छह अप्रैल, 2023 को नये दिशानिर्देशों की घोषणा की थी। इसके तहत सरकार घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस की कीमतें मासिक आधार पर तय करेगी। यह दर पिछले महीने में भारतीय क्रूड बास्केट (भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की औसत कीमत) का 10 प्रतिशत होगी। सरकार ने गैस कीमत के लिए चार अमेरिकी डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (यूनिट) की निचली सीमा और 6.5 डॉलर प्रति यूनिट की ऊपरी सीमा भी तय की। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की साख विश्लेषक श्रुति जटाकिया ने कहा, "हमें उम्मीद है कि नये गैस मूल्य निर्धारण मानदंडों से कीमतों में अधिक तेजी से संशोधन होंगे।" इससे पहले कीमतों की छह महीने में एक बार समीक्षा की जाती थी। एसएंडपी ने एक बयान में कहा, " निचली मूल्य सीमा का मतलब है कि ओएनजीसी अपने गैस उत्पादन पर कम से कम चार डॉलर प्रति यूनिट का मूल्य हासिल कर सकेगी, भले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक गैस की कीमतें ऐतिहासिक रूप से कम हो जाएं।" इसी तरह कीमतों की ऊपरी सीमा ओएनजीसी के लिए आय में वृद्धि सीमित करेगी। खासतौर से मौजूदा बढ़ी हुई कीमतों के बीच ऐसा देखने को मिलेगा।

## मक्खन, अन्य डेयरी उत्पादों का आयात नहीं किया जाएगा, घरेलू अप्रयुक्त क्षेत्र की मदद लेंगे: रुपाला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री परशोत्तम रुपाला ने शुक्रवार को यह स्पष्ट किया कि देश में मक्खन जैसे डेयरी उत्पादों का आयात नहीं किया जाएगा बल्कि सरकार आपूर्ति बढ़ाने के लिए बड़े एवं अप्रयुक्त घरेलू क्षेत्र की मदद लेगी। रुपाला ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, इसमें कोई सचाई (डेयरी उत्पादों की किल्लत) नहीं है। आयात नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में दूध की कमी नहीं है और सरकार इस ओर नजर बनाए हुए है। डेयरी मंत्री ने कहा, मांग बढ़ गई है। हमारे यहां अप्रयुक्त क्षेत्र बहुत बड़ा है जिसका लाभ उठाने का प्रयास किया जाएगा। हम उचित प्रबंध करेंगे, चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने किसानों और उपभोक्ताओं को बेफिक्र रहने को कहा। डेयरी उत्पादों के खुदरा मूल्य में वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि दामों को लेकर भी चिंता नहीं की जानी चाहिए और किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं।

## 'ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार' का 23 अप्रैल से जयपुर में होगा आयोजन

जयपुर। विदेश से भारत आने वाले पर्यटकों के लिए अग्रणी कारोबार नेटवर्किंग मंच 'ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार' (जीआईटीबी) का 12वां संस्करण 23 से 25 अप्रैल तक जयपुर में आयोजित होगा। यह आयोजन कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल के अंतराल के बाद हो रहा है। जीआईटीबी का आयोजन केंद्र सरकार और राजस्थान के पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से उद्योग मंडल फिक्की कर रहा है। राजस्थान के पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि महामारी के झटके का सामना करने के बावजूद राजस्थान सरकार ने पर्यटन और आतिथ्य को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिससे राज्य में इस क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिया है और विपणन एवं अधोसंरचना हेतु पर्यटन विकास कोष हेतु 1500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के इन कदमों से निवेशक आकर्षित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मार्ट इस विशाल बाजार में 300 बूथ स्थापित करने वाले 290 भारतीय प्रदर्शकों का गवाह बनेगा। इस दौरान कारोबारों की करीब 11,000 बैठकें होंगी। एक बयान के मुताबिक, जीआईटीबी के आयोजन के बाद टूर ऑपरेटरों को जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर और सवाई माधोपुर सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों के दौरे पर ले जाया जाएगा। बयान के अनुसार, ₹इस आयोजन में विभिन्न देशों से आने वाले टूर ऑपरेटरों के लिए पर्यटन के नए अवसर एवं आकर्षण होंगे।

## कच्चे तेल की मांग रिकॉर्ड स्तर की ओर

**लंदन।** विकासशील देशों में चीन की अर्थव्यवस्था में उछाल से इस साल कच्चे तेल की वैश्विक मांग 10.19 करोड़ बैरल प्रति दिन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है।द गार्जियन में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने 2023 के लिए दैनिक औसत मांग पिछले साल की तुलना में 20 लाख बैरल प्रति दिन अधिक रहने का अनुमान जारी किया है। आईईए की रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद शुक्रवार सुबह एक बैरल तेल की कीमत 85.62 डॉलर से बढ़कर 86.10 डॉलर हो गई।

ब्रितानी अखबार ने बताया कि एजेंसी ने चेतावनी दी है कि दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों द्वारा अपने उत्पादन में कटौती के हालिया फैसलों से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे विकसित देशों में मुद्रास्फीति को कम करने और आर्थिक विकास को फिर से स्थापित करने के प्रयासों को झटका लगा सकता है। आईईए ने कहा, यह आर्थिक सुधार और विकास के लिए बुरा संकेत है। बुनियादी जरूरतों के लिए बढ़ी हुई कीमतों से जूझ रहे उपभोक्ताओं को अब अपने बजट को और भी कम करना होगा। गार्जियन की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस चिंता के बावजूद कि चीन में आर्थिक उछाल के कारण कच्चे तेल की मांग बढ़ सकती है, सऊदी अरब के नेतृत्व में ओपेक और रूस के नेतृत्व वाले अन्य संबद्ध तेल उत्पादक देशों ने इस साल उत्पादन में कुल 20 लाख बैरल प्रति दिन कटौती की घोषणा की है। इससे इस महीने की शुरूआत में तेल बाजार में कीमतों में सात डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी हुई थी।

# समानता के अधिकार को लेकर प्रतिबद्ध थे डॉ. अम्बेडकर: कुलपति

**जनसंदेश न्यूज**



**कार्यक्रम**

### देश को आगे ले जाने में बाबा साहेब का विशेष योगदान : प्रो. पार्थडीकर

### अंबेडकर जयंती पर पीयू में हुए विविध आयोजन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन कुलपति सभागार में शुक्रवार को किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने बाबा साहब के जीवनशैली को अपने जेहन में उतारने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब समाज में समानता को लेकर काफी प्रतिबद्ध थे। उनका मानना था कि समानता का अधिकार धर्म और जाति से ऊपर होना चाहिए। साथ में आज के ही दिन जन्मे आर्यभट्ट जैसे महान गणितज्ञ को भी याद करते हुए उनके तमाम समीकरण एवं शून्य के आविष्कार की विशेषताओं को भी छात्रों को बताया।

बतौर मुख्य वक्ता समन्वयक इनक्यूबेशन सेंटर प्रोफेसर अविनाश पार्थडीकर ने महिलाओं शिक्षकों, लेबर वर्ग के लिए जो कार्य बाबा साहेब ने किए विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनके कार्य को भुलाया नहीं जा सकता है। दुनिया के महान अर्थशास्त्री में से एक थे जिन्होंने भारत को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया। विशिष्ट अतिथि वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारत को वित्तीय विपदा से उबारने का जो कार्य किया है वह सराहनीय है। परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह ने अंबेडकर के कार्यशैली और आचरण की विशेषता बताते हुए कहाकि वह रोज दिन में एक किताब जरूर पढ़ते थे, जिससे शिक्षकों और छात्रों को सीखने की जरूरत है। कार्यक्रम की शुरूआत में बाल कलाकार राजवंश पटेल ने उनके जीवन शैली को अपने कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रथम स्थान रविंद्र प्रजापति एवं द्वितीय स्थान पर हर्ष साहू एवं तृतीय स्थान पर रिंसू सिंह एवं वैभव चौरसिया रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विनय वर्मा ने तथा संचालन प्रो. मानस पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रजनीश भास्कर ने किया। इस अवसर पर प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. गिरधर मिश्रा, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. अनु त्यागी, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. रामांशु सिंह, जया शुक्ला, डॉ. करुणा निराला, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, सुमित भारद्वाज, अंकित कुमार, उत्कर्ष वर्मा, सुशील मिश्रा, उग्रसेन यादव, विवेक पांडे, उत्कर्ष त्रिपाठी, प्रशांत यादव आदि उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर के दो आरोपितों की दो बाइक जब्त

**जौनपुर।** बक्शा थाना अंतर्गत दक्षिण पश्चिम (रन्नो) निवासी गैंगस्टर एक्ट के तहत निरुद्ध दो आरोपितों पप्पू उर्फ अनवर और मोहम्मद सलीम की एक-एक बाइक प्रशासन ने शुक्रवार को जब्त कर ली। आपराधिक गतिविधियों से अर्जित धन से खरीदी गई बाइकों को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने गत 6 अप्रैल को जब्त करने का आदेश दिया था। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने आदेश के अनुपालन के क्रम में मय फोर्स पहुंचकर पप्पू उर्फ अनवर की हीरो पैशन-प्रो व मोहम्मद सलीम की सुपर स्प्लेंडर बाइक आवश्यक लिखापढ़ी कर जब्त कर ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त की गई बाइकों की अनुमानित कीमत एक लाख 60 हजार रुपये है।

## संक्षेप

### युवक की नदी में डूबने से मौत



मृतक बादल की फाइल फोटो

**सिकरारा।** थाना क्षेत्र के अजोसी गांव के एक युवक की सई नदी में डूबने से मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। उक्त गांव के रमाशंकर गौतम का 18 वर्षीय पुत्र बादल गौतम शुक्रवार की दोपहर गांव के साथियों के साथ रुकुनपुर के समीप सई नदी में नहाने गया था। नहाते समय बादल गहरे पानी में डूब गया। डूबने की सूचना परिजनों के साथ पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुँचकर स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से तलाश शुरू कराई। काफी मशक्कत के बाद लाख मिलने पर पुलिस के वाहन से आनन फानन में पीएचसी भेजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर रोते बिलखते परिजन पीएचसी पहुँचे। पुलिस शव का पंचनामा कराकर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई।

### पत्रकार सुरेश यादव के पिता का निधन

**चंदवक।** क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी पत्रकार सुरेश यादव के पिता राजनरायन यादव (95) का शुक्रवार दस बजे निधन हो गया। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। पुलिस विभाग में निरीक्षक पद से 1989 में अवकाश ग्रहण करने के पश्चात परिवार संग घर पर ही रहते थे। निधन का समाचार मिलते ही शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। लोग उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार रामजनम पटेल की अध्यक्षता में बैठक कर निधन पर दुःख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लाल साहब सिंह, जय प्रकाश पाण्डेय, विनय सिंह, त्रिलोकी गुप्ता, संजय, संजय यादव, राजू यादव, आनन्द कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार अधेड़ घायल

**गौराबादशाहपुर।** केराकत मार्ग पर बहोरा क पूरा गांव के पास शुक्रवार की दोपहर लगभग 2 बजे हुई एक घटना में केराकत से जौनपुर की तरफ जा रहा स्कूटी सवार अधेड़ किसी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को अचेत अवस्था में एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। समाचार संप्रेषण तक घायल का नाम पता नहीं मिल पाया था।

### घर का ताला तोड़कर चोरी

**चंदवक।** क्षेत्र के जरासी गांव में बीती रात घर के दरवाजे का ताला तोड़कर बॉक्स में रखे नकदी व गहने चोर चुरा ले गए। सुबह जानकारी होने पर भुक्तभोगी ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस छानबीन कर रही है। उक्त गांव निवासी राजेश कुमार का परिवार घर के बाहर सोया था। रात में चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे व कमरे में रखे बॉक्स को चुरा ले गए। उसमें पांच हजार नकद व मोबाइल, मांगटीका, फुलनथिया, झुमका पैजनी रखी थी जिसकी कीमत 75 हजार बताई जा रही है। जून में शादी थी। अलसुबह उनकी पत्नी शौच के लिए खेत में गई तो वहां बॉक्स देख चौंक गयी। सूचना 112 पुलिस को दी गई पुलिस छानबीन कर रही है।

### गेहूं के बोरे के नीचे दबने से किशोर की मौत

**मछलीशहर।** कोल्ड स्टोर के पास गेहूं के बोरे के नीचे दबने से एक किशोर की मौत हो गई है। सराय यूसुफ गांव निवासी हरिराम के घर मराई करने के बाद बोरे में भरा गेहूं छल्ली लगाकर रखा था। उसी छल्ली से सटकर रखी चारपाई पर रवि 20 वर्ष पुत्र हरिराम लेटकर मोबाइल देख रहा था। अचानक गेहूं भरा बोरा उसके सीने के ऊपर गिर गया जिसके नीचे वह दब गया। थोड़ी दूर पर बैठे परिजन उसे बोरे के नीचे से निकालकर सीएचसी में डाक्टर के पास लेकर गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते हुए परिजन उसे लेकर घर पहुंचे। सूचना पाकर लेखपाल ब पुलिस मौके पर पहुंची परंतु परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए और किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया।

## जिला बदर अपराधी को पुलिस ने दबोचा



**सिकरारा।** पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्थानीय थाने की पुलिस ने जिला बदर अपराधी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि नवम्बर 2022 को जिला बदर घोषित आरोपी आजाद निषाद पुत्र भूसी निषाद निवासी उगापुर, जिला बदर के आदेशों का उल्लंघन कर चोरी छिपे घर आकर रह रहा है। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक संजय कुमार व मय फोर्स मौके पर पहुँचकर आरोपी आजाद को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई में जुट गए।

### नदी में मिली अधेड़ की लाश

**जफराबाद।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव के पास गोमती नदी में गुरुवार की रात को एक 50 वर्षीय अधेड़ की लाश मिली। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लाश को बाहर निकलवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की लाश लगभग आठ दस दिन पहले की लग रही है। मृतक लुंगी तथा गंजी पहने हुए था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, फूंका मड़हा

**दहशत**

### पांच रिहायशी मड़हा व सामान जलकर राख, पांच दलित महिलाएं घायल

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रसैना गांव में गुरूवार की रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष के लोगों ने दलित वर्ग के लोगों के 5 रिहायशी मड़हों में आग लगा दी। आग से दलित वर्ग का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना में 4 दलित महिलाओं को चोटें आई है जिसमें दो को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

उक्त गांव के करिया सोनकर का गांव के यादव वर्ग से जमीनी विवाद चल रहा था। गुरुवार दिन के लगभग 10 बजे यादव वर्ग के लोग अपनी गाय भैंस को लेकर विवादित जमीन पर खूंटा डालकर बांधने का प्रयास करने लगे। इस मामले की सूचना सोनकर पक्ष द्वारा स्थानीय थाने पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जबरदस्ती बांधे गए पशुओं को वहां से हटाकर विवादित जमीन खाली करा दिया गया। दोनों तरफ से तनाव होने के कारण गुरुवार रात्रि लगभग 3 बजे सोनकर वर्ग के मड़हे में आग लग गई। इस वर्ग का कथन है कि मड़हे में आग जान बूझकर लगाई गई है। विरोध करने पर आग लगाने वाले यह लोगों ने हमला करके करिया सोनकर की पत्नी मेढ़ा देवी, फूला देवी पत्नी रमेश सोनकर, तारा देवी 70 वर्ष पत्नी आलियार सोनकर को लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जबकि दूसरे पक्ष से दुकान देवी पत्नी कामता प्रसाद यादव भी घायल हो गई हैं। सभी घायलों का पुलिस द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण एवं उपचार जिला चिकित्सालय में कराया गया है। इस घटना में सोनकर पक्ष की 2 महिलाओं को जबकि यादव पक्ष से एक महिला को भर्ती कर लिया गया है। मौके पर



मारपीट में घायल महिलाएं



क्षेत्राधिकारी नगर व थाना प्रभारी लाइन बाजार सहयोगी जवानों के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले की छानबीन कर रहे हैं।

### मारपीट में तीन घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अरंद गांव में जमीनी विवाद के चलते हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के अरंद गांव में शुक्रवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों चलें लाठी डंडे में उक्त गांव निवासी 40 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र वंशराज 24, अमित कुमार पुत्र रमाशंकर 36, मुकेश कुमार पुत्र पलकधारी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उक्त घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# चार घरों से नकदी सहित लाखों के आभूषण चोरी

**जनसंदेश न्यूज**



चोरी के बाद छत पर बिखरा सामान

**बदलापुर।** विकास खंड के सिंगरामऊ थाना अंतर्गत आने वाले इनामीपुर गांव में बीती रात चोरों ने चार अलग-अलग घरों से नकदी रूपए सहित लाखों रुपए के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक इनामीपुर निवासी अमरनाथ सिंह का आरोप है कि वह घर के बरामदे में सो रहे थे और उनकी बहू आंगन में सो रही थी। बीती रात्रि करीब डेढ़ बजे घर से सटे पेड़ के सहारे छत पर चढ़कर घर में घुसे अज्ञात चोरों ने आंगन में सो रही महिला रोली सिंह को कुछ सुंघा कर उन्हें पकड़ लिया और रूम में रक्खे अटैची तथा आलमारी से नकदी सहित लाखों रुपए के गहने चोरी करते हुए अटैची सहित उसमें रखे कपड़ों को छत पर तितर वितर कर फरार हो गए। इसी क्रम में उक्त गांव निवासी रामजी मिश्रा कुछ सामान लिए फिर देवतादीन मिश्रा के घर चोरी करने में असफल रहे तथा कमलेश शर्मा के घर में रखे पैंट की पर्स से 8 सौ रूपए पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है।

वहीं रात्रि में ही सूचना मिलते मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित को सिंगरामऊ थाने बुलाया। पुलिस ने पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर मौका मुआयना करते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। फिलहाल पीड़ित का आरोप है कि पुलिस मामले की लीपापोती में जुटी हुई है।

इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच करवाकर कार्रवाई की जा रही है।


## गांजा के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत भादी गांव के समीप से मुखबिर की सूचना पर अवैध गांजा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान भेज दिया। आजमगढ़ जनपद के अहिरौला थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी केशव प्रसाद पुत्र अच्छेलाल को शुक्रवार की सुबह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय के निर्देश पर एसआई वरुणेन्द्र राय ने हमराहियों के साथ भादी गांव के समीप से गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से एक किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।



# अशोक सिंह की दूसरी पुण्यतिथि आज

**जनसंदेश न्यूज**



अशोक सिंह

**जौनपुर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व तिलकधारी महाविद्यालय के प्रबन्धक अशोक सिंह की प्रथम पुण्यतिथि शुक्रवार को महरुपुर में मनाई जाएगी। इस अवसर पर हवन पूजन के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

स्मृतिशेष में बताते हुए उनके पुत्र इं. शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रमुख पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा हर वर्ग का ध्यान रखा। भारतीय जनता पार्टी ने जो जिम्मेदारियां उन्हें सौंपी उसका उन्होंने पूरी निष्ठा से पालन किया। भाजपा के जिलाध्यक्ष होते हुए उनका हर पार्टी के नेताओं से अच्छा तालमेल रहा।

संबंध को उन्होंने हमेशा प्राथमिकता दी। समाजसेवा व देशभक्ति उनके अंदर कूट-कूट कर भरी थी। हर किसी के सुख-दुख में हमेशा उन्होंने साथ दिया। आगे उन्होंने कहा कि पिताजी ने तिलकधारी पीजी कॉलेज को एक नई दिशा दी। कभी अनुशासन से समझौता नहीं किया। कॉलेज को कड़े अनुशासन के साथ हमेशा वो लेकर चले।

कोविड काल में जब लोग घर से नहीं निकलते थे ऐसी स्थिति में उन्होंने जरूरतमंदो के यहां जाकर घरेलू आवश्यकता का सामान उपलब्ध कराया और समय-समय पर लोगों का कुशल क्षेम भी पूछा। राष्ट्रहित के लिए वे हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलने तो तैयार रहते थे।

## तीनों ऋणों से मुक्ति दिलाती है भगवान की कथा : डा. ओझा



**जौनपुर।** भगवान की कथा तीनों ऋणों से मुक्ति दिलाती है। उक्त उद्गार मानस हंस डा. आरपी ओझा ने तिलकधारी महाविद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्व. अशोक कुमार सिंह की पुण्यतिथि में ग्राम महरूपुर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित मानस कथा में व्यास पीठ से व्यक्त किया।

उन्होंने कहाकि देव ऋण गुरू ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाने के लिये अलग अलग विधान है जो अत्यंत दुष्कर है परंतु भगवान की कथा का श्रवण करने वाला इन तीनों ऋणों से सहज ही मुक्त हो जाता है। मानस हंस ने संत तुलसीदास की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहाकि बैठी है छंदों की रानी मानस की अंगनाई में। सारे भाव भरे हैं तुलसी की चौपाई में।। विद्वान वक्ता ने स्व. अशोक कुमार के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि मानस के प्रेमी थे। सामान्य बातचीत के दौरान वे मानस की चौपाइयों का उद्धरण दिया करते थे। इसके पूर्व अयोध्या से पधारे कथा व्यास रजनीकांत ने हनुमत चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान राम ने महावीर हनुमान के माध्यम से पक्षिराज गरूड़, सुदर्शन चक्रम आदि के घमंड को चूर कराया। उन्होंने राम कहने से तर जायेंगे। पार भव से उतर जायेगा।। जैसी भक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति से श्रद्धालुओंको भाव विभोर कर दिया। उक्त अवसर पर पूर्व सांसद डा. केपी सिंह, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसेवा आयोग उ.प्र. के सदस्य डा. आरएन त्रिपाठी, डा. धर्मराज सिंह, राजबहादुर सिंह, प्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, वंशलोचन सिंह, डा. ओमप्रकाश सिंह रघुवंशी, बिंद प्रताप सिंह एडवोकेट आदि उपस्थित रहे। आगन्तुकों के प्रति आभार टीडी कालेज के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने ज्ञापित किया।

# अम्बेडकर जयंती पर निकला भव्य जुलूस, सैकड़ों लोग हुए शामिल

**जनसंदेश न्यूज**

**खेतासराय।** बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जुलूस निकाला गया जिसमें आकर्षक झांकियां भी शामिल रही। इस दौरान भारी संख्या में स्त्री पुरुष शामिल रहे तो वहीं खुशी का इजहार करते हुए लोगों ने पटाखे भी छोड़े।



अम्बेडकर जयंती पर निकला जुलूस

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की जयंती

**चंदवक।** बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती चंदवक, रसड़ा, हिसामपुर, रामदेवपुर मढ़ी, कोइलारी सहित अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाई गईं। इस दौरान गांजे बाजे के साथ विभिन्न गांवों में रैली निकाली गई। चंदवक में अंबेडकर मूर्ति के पास डॉ. भीम राव अंबेडकर समिति द्वारा सभा आयोजित कर संविधान निर्माण व समाज उत्थान व विशेषकर दलित समाज के उत्थान के लिए डॉ. अंबेडकर द्वारा किए गए योगदान पर प्रकाश डाला गया। सभा को जय प्रकाश राम, रामदरश, डॉ. अमरसेन, चंद्रिका यादव, महेंद्र प्रजापति, राम प्रसाद सोनकर, घनश्याम सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर जीत बहादुर, अशोक, दिनेश कुमार, दिलीप, संजय गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

इस क्रम में नगर पंचायत खेतासराय में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर से संबंधित झांकियां व भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें लोग नाचते गाते बैंड बाजे पर थिरकते हुए व बाबा साहब के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

### याद किए गए डॉ. भीमराव अम्बेडकर

**सुइथाकला।** संविधान निर्माता के रूप में अपना अहम योगदान देने वाले भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयन्ती शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम के साथ लोगों ने जन्मदिन मनाकर उन्हें याद किया। इस अवसर पर तमाम जगहों पर झांकियां सजाकर उनको श्रद्धा सुमन अर्पण करते लोग देखे गए। शुक्रवार को क्षेत्र के लालापुर, सवायन, सारी जहांगीर पट्टी, सरायमोहिउद्दीनपुर, भटौली व जहरुद्दीनपुर आदि गांवों समेत तमाम शैक्षणिक संस्थानों में भी झांकी सजाकर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयन्ती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाकर लोगों ने उन्हें याद किया। ब्लाक मुख्यालय के पास हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के बाद लोगों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम किया गया। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान इलाकाई थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह अन्य पुलिस कर्मियों संग सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद दिखे।




अम्बेडकर जयंती मनाते लोग

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# कांग्रेसियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद

**जौनपुर।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर कचहरी रोड पर अंबेडकर तिराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं संविधान रचयिता को याद किया।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। अंबेडकर जयंती को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी जाना जाता है। बाबा साहब ने प्रजातंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य के तीनों अंगों न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं विधायिका को स्वतंत्र और पृथक बनाया तथा समान नागरिक अधिकार के अनुरूप एक व्यक्ति, एक मत और एक मूल्य के तत्व को प्रस्थापित किया। विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों की सहभागिता संविधान द्वारा सुनिश्चित की तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की विधायिकता जैसे ग्राम पंचायत, जिला पंचायत, पंचायत राज इत्यादि में सहभागिता का मार्ग प्रशस्त किया। आज हमें उनकी सीख को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सोनकर, राकेश उपाध्याय, अनिल दुबे आजाद, राकेश सिंह, अनिल सोनकर, गौरव मौर्या, बब्बी खान, नेसार इलाही, शशांक राय अंकित, श्रेयांश चौहान, शिवकुमार गुप्ता, इकबाल आदि लोग उपस्थित रहे।



अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष मौजूद कांग्रेसजन

**जयंती**

### बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके संविधान बचाने की ली शपथ

# पं. हरि प्रसाद की बांसुरी ने श्रोताओं को किया सम्मोहित

## दर्शक दीर्धा में श्रोताओं के बीच बजती रहीं तालियां

**पांचवीं निशा**

**राजेन्द्र गंगानी ने कथक नृत्य करके छोड़ी अपनी छाप**

**वेंकटेश कुमार का हुआ गायन**


बांसुरी वादन करते पं. हरि प्रसाद चौरसिया

**वाराणसी।** संकटमोचन मंदिर का मुक्त प्रांगण, मुक्ता काशी मंच, मुक्त श्रोतागण, मुक्त रूप से कला साधकों की हाजिरी, शायद ही विश्व का कोई सांगीतिक मंच ऐसा हो जहां हाजिरी लगाने वाले कला साधक, संगीत रसिक जनों का एक ही वक्तव्य होता है धन्य हो गये हम लोग। सही मायने में यह एक अद्भुत है, जब रात्रिव्यापी संगीत समारोह को कलाकार से लेकर श्रोता सुनते नहीं बल्कि जीते हैं। शुक्रवार को संकटमोचन संगीत समारोह की पांचवीं निशा की शुरूआती क्षणों को देख कर ऐसा लगा कि यह समारोह नहीं बल्कि एक महायज्ञ है। जहां कलासाधकों के स्वर मंत्रों के हर अध्याय में वाह-आह की आहूति दी जाती है। पांचवीं निशा में दिग्गज कलाकारों की उपस्थिति ने सभी को रससिक्त कर दिया। पांचवीं निशा की शुरूआत प्रख्यात कलाकार मुंबई से आये पं. हरि प्रसाद चौरसिया के बांसुरी वादन से हुआ। उन्होंने बांसुरी वादन की शुरूआत शास्त्रीय संगीत में राग मारू विहाग से किया। इसके बाद बांसुरी पर कई धुनों को प्रस्तुत कर सभी को सम्मोहित कर दिया। उनके सात बांसुरी पर विवेक सोनार (मुंबई) व सुश्री वैष्णवी (बांसुरी) अरविंद कुमार आजाद (तबला-पुणे) पर जोरदार संगत कर कार्यक्रम में और भी चार चांद लगा दिया। पं. हरि प्रसाद चौरसिया के बांसुरी वादन पर श्रोता तालियां बजाते रहे। श्रोताओं ने उनका स्वागत हर-हर-महादेव के भारी उद्घोष से किया। तत्पश्चात दिल्ली से आये पं. राजेन्द्र गंगानी का कथक नृत्य हुआ। उन्होंने पारम्परिक कथक नृत्य की कई विधाओं को प्रस्तुत कर वहां मौजूद दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उनके साथ संजू सहाय (तबला-लंदन) फतेह सिंह गंगानी (पखावज-दिल्ली) शमीउल्लाह खान (गायन- दिल्ली) ध्रुवनाथ मिश्र (सितार- वाराणसी), अतुल शंकर (बांसुरी-वाराणसी) ने जोरदार संगत कर खूब वाहवाही लूटी। तत्पश्चात धारवाड़ से आये पं. वेंकटेश कुमार का गायन हुआ। उन्होंने गायकी पेश कर सभी को भावविभोर कर दिया। उनके साथ केशव जोशी (तबला-धारवाड़) व मोहित साहनी (संवादिनी-वाराणसी) पर संगत कर रहे थे। कलाकारों का स्वागत संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने किया।

### जी-20 के प्रतिनिधियों को भेंट करेंगे गमछा व रुद्राक्ष

वाराणसी। काशी फाउण्डेशन की ओर से जी-20 के मद्देनजर जन जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत तीर्थ पुरोहितों, नाविकों के अलावा सीनियर सिटीजन व मंदिरों के महंतों के यहां जाकर उनको इस कार्यक्रम में विश्व के कोने-कोने से आने वाले अतिथियों को स्वच्छता अतिथि देवो भव के साथ स्वागत करने का अनुरोध किया जा रहा है। संस्था के संयोजक अभिषेक शर्मा ने बताया कि अतिथियों का स्वागत बनारसी गमछा और रूद्राक्ष की माला भेंट कर किया जायेगा। कहा कि काशी में जी-20 का एक ऐसा सम्मेलन होने जा रहा है जो काशी के पर्यटन के क्षेत्र में एक आर्थिक क्रांति के मार्ग को प्रशस्त करेगा। वह काशीवासी जो अतिथि देवो भव के लिए जो हमेशा जागरुक करने का कार्य कर रहे हैं ऐसे लोगों को जागरुक कर इससे जोड़ा जा रहा है।

# हनुमत दरबार में बही गायन-वादन और नृत्य की त्रिवेणी


पं. अजय पोहनकर (गायन)


रोनू मजुमदार (बांसुरी)


चक्रपाणि सिंह (गिटार)


शाकिर खान (सितार)

जनसंदेश न्यूज

**संगीत सरिता**

**शाकिर खान का सितार, रोनू की बांसुरी,अजय पोहनकर के गायन पर सभी रहे फिदा**

**संकट मोचन शताब्दी वर्ष संगीत समारोह की चौथी निशा**

**वाराणसी।** सप्त दिवसीय संगीत समारोह की चौथी निशा में न्यूयार्क से पधारे ठाकुर चक्रपाणि सिंह का कच्छपी वीणा वादन ने सभी को भावविभोर किया। उन्होंने राग किरवानी में आलाप, जोड़, झाला के पश्चात तीन ताल में विलम्बित व द्रुत गतकारी अपने वादन को विराम दिया। उनके साथ पं. समर साहा (तबला) पर संगत किया। गायन के क्रम में मुंबई से आये पं. अजय पोहनकर ने गायन से श्रोताओं को रससिक्त किया। उन्होंने राग दरबारी कन्हाड़ा में सर्वप्रथम एक ताल व तीन ताल में बंदिशें के पश्चात भजन, ठुमरी से विराम दिया। उनके साथ यशवंत वैष्णव (तबला) व पारोमिता मुखर्जी (संवादिनी) ने संगत की। तत्पश्चात उस्ताद शाहिद परवेज के शिष्य पुत्र शाकिर खां ने सितार वादन से श्रोताओं को आनंदित किया। उन्होंने राग मालकौंस में तीन ताल में गतकारी कर विराम दिया। तत्पश्चात प्रख्यात बांसुरी वादक पं. रोनू मजुमदार ने ऐसी बांसुरी की तान छेड़ी कि श्रोता सुध-बुध खो गये। उनके साथ तबला वादक पं. संजू सहाय ने लाजवाब संगत किया। उन्होंने राग बिहाग में आलापचारी के पश्चात पहले धमार फिर तीन ताल में गतकारी कर वादन के प्रथम अध्याय को विराम दिया। फरमाश पर कजरी और अंत में एक भजन से अपने वादन को पूर्ण विराम दिया। पं. रोनू मजुमदार के साथ उनके शिष्य पुत्र ऋषिकेश मजुमदार ने बांसुरी पर साध देकर उज्वल भविष्य की आस जगायी। सातवीं प्रस्तुति में पं. जसराज के शिष्य पं. नीरज पारिख ने अपने पत्नी के साथ गायन प्रस्तुत किया। चौथी निशा की अंतिम प्रस्तुति में कोलकाता के शुद्धशील चटर्जी ने संतूर वादन किया । इन्होंने राग विलासखानी तोड़ी में आलापचारी के पश्चात तीन ताल में गतकारी किया।

### संकटमोचन संगीत समारोह में आज

संकटमोचन संगीत समारोह की छठीं निशा में 15 अप्रैल शनिवार को कई कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। इसमें रूपवाणी संस्था की ओर से व्योमेश शुक्ल निर्देशित राम की शक्ति पूजा नृत्य नाटिका होगी। इसके बाद प्रख्यात कलाकार डा. एन.राजम व संगीता शंकर का वायलिन वादन होगा। तत्पश्चात श्रीमती मालिनी अवस्थी का गायन, उस्ताद शाहिद परवेज खान का सितार वादन, पं. संतूर व्यास का संतूर वादन, कलापिनी कोमकली का गायन व डा. यल्ला वेंकटेश्वर राव हैदराबाद का मृदंगम सोलो होगा।

# हड़ताली 17 सेवानिवृत्त विद्युत कार्मिकों की पेंशन पर रोक

**मचा हड़कंप**

**उच्च न्यायालय के निर्देश पर यूपीपीसीएल के एमडी ने उठाया कदम**

**सभी पेंशनर किसी न किसी विद्युत संगठनों के हैं पदाधिकारी**

**वाराणसी।** पिछले माह विद्युत कर्मियों के हड़ताल से छिन्न-भिन्न हुई विद्युत व्यवस्था से आम जनता को हुए कष्ट को संज्ञान में लेते हुए उच्च न्यायालय प्रयागराज ने इसमें शामिल सेवानिवृत्त कार्मिकों के एक माह का पेंशन रोकने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय के निर्देश पर यूपीपीसीएल के एमडी पंकज कुमार ने इस बाबत पत्र जारी कर दिया है। इससे पेंशनरों में हड़कंप मच गया है। उच्च न्यायालय के निर्देश पर जिन 17 सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन धनराशि को रोके जाने का निर्णय लिया गया है। उसमें शैलेंद्र दुबे, गिरीश पांडे, सदरूद्दीन राणा, राजेंद्र घिल्डियाल, सुहैल आबिद, महेंद्र राय, पीके दीक्षित, छोटेलाल दीक्षित, राम चरण सिंह, पवन श्रीवास्तव, माया शंकर तिवारी, विश्वंभर सिंह, राम सहारे वर्मा, शंभू रतन दीक्षित, पीएस बाजपेई, रफीक अहमद व आरके सिंह शामिल है। ये सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी किसी न किसी संगठन के प्रमुख पदाधिकारी हैं। उच्च न्यायालय का निर्देश मिलते ही उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने कोषागार विभाग के निदेशक पत्र भेज कर 17 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पेंशन रोकने का अनुरोध किया है।

### हड़ताल में शामिल पेंशनरों की पेंशन रोकने से रोष

**वाराणसी।** विद्युत मजदूर संगठन ने आरोप लगाया है कि पिछले दिनों आयोजित 72 घंटे की हड़ताल में शामिल सेवानिवृत्त 17 कर्मचारियों का पेंशन रोक दिया गया है। इससे पेंशनरों में काफी रोष है। संगठन के पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय का कहना है कि ऊर्जा प्रबंधन का पेंशन रोकने का निर्देश उनकी तानाशाही और हिटलरशाही मानसिकता तथा उच्च न्यायालय के निर्देश की आड़ में पेंशनरों के उत्पीड़न को दर्शाता है। उन्होंने उच्च न्यायालय का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है कि विद्युत कर्मियों ने मांगों को पूरा करवाने के लिए धरना-प्रदर्शन का सहारा लिए थे। इसमें किसी भी तरीके से उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन नहीं करना था। ऐसे में उच्च न्यायालय से अपील की जाती है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए पेंशनरों और कार्यरत कर्मचारियों का किये जा रहे उत्पीड़न व शोषण को रोकने की कृपा करें।

# कर्मचारियों की चरित्र पंजिका समय से उपलब्ध न कराने पर आयुक्त खफा

**राज्य कर विभाग**

**समयावधि में मुख्यालय न भेजना जोनल कार्यालयों की लापरवाही का द्योतक : अपर आयुक्त**

**वाराणसी।** राज्य कर विभाग के आयुक्त इस बात से बेहद खफा है कि जोनल कार्यालयों से कर्मचारियों की चरित्र पंजिकाएं समय से मुख्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी। आयुक्त के निर्देश पर मुख्यालय पर तैनात अपर आयुक्त (प्रशासन) ओपी वर्मा ने समस्त जोन कार्यालयों के संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) को भेजे गये पत्र में कहा है कि समयावधि में चरित्र पंजिकाएं मुख्यालय न भेजन जोनल कार्यालयों की लापरवाही को दर्शाता है। अपर आयुक्त (प्रशासन) ओपी वर्मा ने बीते दिनों समस्त संयुक्त आयुक्त को भेजे गये पत्र के माध्यम से कहा है कि कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति के लिए 30 जून 2017 तक नियुक्त समस्त कर्मचारियों की मूल चरित्र पंजिकाएं मांगी गयी थी, लेकिन समय पर मुख्यालय पर उपलब्ध नहीं करायी गयी। यह इस बात को दर्शाता है कि मुख्यालय के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। यह स्थिति कदापि उचित नहीं कही जा सकती है। चयन वर्ष 2022-23 की उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति के लिए चयन की कार्यवाही चयन समिति के माध्यम से करायी जानी है। अपर आयुक्त (प्रशासन) ओपी वर्मा ने समस्त संयुक्त आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे इसे गंभीरता से लेते हुए राज्य कर एवं पूर्व मनोरंजन कर विभाग में एक जुलाई 2017 तक नियुक्त समस्त कनिष्ठ सहायकों के संबंधित में मांगी गयी सूचनाओं के साथ चरित्र पंजिका 20 अप्रैल तक मुख्यालय भेजना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित कर लें कि संबंधित कर्मचारियों की चरित्र पंजिकाओं में चस्पा वार्षिक प्रविष्टियां मूल रूप से स्वीकर्ता अधिकारी से सत्यापित हो। यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्यवाही की गयी हो तो उसकी प्रतियां सक्षम अधिकारी के स्तर से प्रतिहस्ताक्षरित/स्वीकृत हो। इसमें बरती गयी लापरवाही के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# गर्म मौसम में गरमाया कूल-कूल का बाजार

**मार्केट वॉच**

**फ्रिज, कूलर, एसी आदि उपकरणों की बिक्री में आया उछाल**

**सभी उपकरणों की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा**



**वाराणसी।** मौसम में अभी से तपिश का भरपूर एहसास होने लगा है। जबकि अभी गर्मी की चरमसीमा बाकी है। बावजूद इसके तपिश भरे इस मौसम में शीतलता प्रदान करने वाले उपकरण बाजार का माहौल गरमा गया है। इसके चलते फ्रिज, कूलर, एसी समेत अन्य उपकरणों की बिक्री में तेज उछाल है। कुछ प्रतिष्ठान संचालक तो ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए लकी कूपन एवं एक्सचेंज ऑफर भी दे रहे हैं।कूल-कूल बाजार में रेफ्रीजरेटर, ब्रांडेड एवं अनब्रांडेड कूलर, एयर कंडीनशर, वॉटर कूलर एवं डी-फ्रिजर की डिमांड बढ़ गयी है। बात फ्रिज की करें तो अभी भी सिंगल डोर वाले फ्रिज उपभोक्ताओं की पसंद में शुमार है। लेकिन युवा पीढ़ी डबल डोर वाले फ्रिज की तरफ अधिक आकर्षित है। कारोबारियों का कहना है कि पैक फूड के बढ़ते प्रचलन के कारण डबल डोर वाले फ्रिज की बिक्री तेजी से बढ़ी है। एसी की बात होती है तो विंडो की जगह स्प्लिट ने तेजी से घुसपैठ बनायी है। वजह, विंडो एसी हटाकर चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए लोगों में स्प्लिट एसी की चाहत बढ़ी है।

लोग अब सुरक्षा की दृष्टि से भी स्प्लिट को पसंद करने लगे हैं। इसके अलावा कूलिंग अच्छी होने और कीमत में मामूली अंतर होने के कारण भी लोगों का रुझान अब स्प्लिट एसी की तरफ तेजी से बढ़ा है। कूलर के लिए लोग अनब्रांडेड की जगह फाइवर वाले ब्रांडेड की डिमांड कर रहे हैं। दिखने में सुंदर और टिकाऊपन के चलते ऐसे कूलरों की बिक्री में खासा इजाफा हुआ है। आइसक्रीम एवं शीतल पेय पदार्थ का सीजन होने से डी-फ्रिजर की डिमांड भी अच्छी निकल रही है। स्कूल, कालेज समेत अन्य प्रकार के प्रतिष्ठान संचालकों के बीच वॉटर कूलर की मांग बढ़ी है। विक्रेताओं का कहना है कि तीखी धूप होने से बिक्री में काफी इजाफा हुआ है।

# पारा 41 डिग्री पहुंचा लू के थपेड़े शुरू

**मौसम**

**लोग घरों में सिमटने लगे, छाया सन्नाटा**

वाराणसी। पिछले कुछ दिन से तापमान ने बनारस में अपना रुख तेजी से बदला है। अप्रैल के पहले हफ्ते में जहां लग रहा था कि शायद अभी हीट वेव कुछ नरमी दिखाएगी। लेकिन पिछले सात दिन में ही रुख बदल गया है और शुक्रवार को तो टेंपरेचर ने 41 डिग्री सेल्सियस का स्पर्श कर लिया। जो लोग मकान के निचले हिस्से में रहने के चलते तापमान को महसूस करने से बच जा रहे थे, अब हीट की चपेट में आ गए हैं। अब सुबह ही आसमान की रंगत बदलने लगी है। मार्निंग वॉक करने वाले अब आठ बजे से पहले ही घरों में लौट जा रहे हैं। अब वाकर्स उस तादाद में देर तक सड़कों पर नजर नहीं आ रहे हैं। पछुआ हवा ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। पूरे भारत में तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वैसे जानकारों का कहना है कि एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अफगानिस्तान के रास्ते आ रहा है जिसके चलते पाकिस्तान, कश्मीर और पंजाब के इलाकों में बारिश और बर्फ गिरने के आसार हैं।






रामतारक आंध्रा आश्रम के प्रांगण में बना राम नाम बैंक रूपी गुबंद

# पूर्वजों के तर्पण के साथ ही बैंक में जमा करेंगे राम-नाम

**आन्ध्रा आश्रम में वर्ष 1959 में बने बैंक में जमा कर देते हैं रामनाम**

**गुबंद रूपी इस राम नाम बैंक पर राम दरबार की रहती है सीधी नजर**

**पुष्कर कुम्भ**

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

*गंगा के तट पर बसी भगवान भूतभावन की प्रिय नगरी काशी सिर्फ आध्यात्म और मोक्ष के लिए ही नहीं बल्कि त्रैलोक्य से भी न्यारी होने के लिए जानी जाती है। इस नगरी की गलियों में जीवन बसता है, गलियों में आश्रमों की लंबी श्रृखंला है। हर आश्रम के बनने के पीछे उसका एक रहस्य है। ऐसा ही एक आश्रम हैं केंदार खंड में आने वाले मानसरोवर क्षेत्र की गलियों में, नाम है रामतारक आंध्रा आश्रम, जहां दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अन्य क्षेत्रों के कई भक्त ना सिर्फ काशी वास के लिए यहां आते हैं बल्कि इस स्थान पर बने एक गुबंद रुपी राम नाम में अपने पुण्यों के लिए हस्त लिखित रामनाम जमा करते हैं।*

रामतारक आंध्रा आश्रम के प्रांगण में बना गुबंद सिर्फ ईंट व सीमेंट की कोई दीवार नहीं है बल्कि एक बैंक है, इस गुबंद के की नींव में भगवान राम मां जानकी व लक्ष्मण की जी प्रतिमा है। गुबंद का मुंह ऊपरी भाग में खोल दिया गया है जहां से कुछ वस्तुओं को उस गुबंद के अंदर डाली जा सके। इसी स्थान से कागज हस्त लिखित राम नाम को भक्तों की ओर से जमा किया जाता है। लगभग 60 से भी अधिक समय से इस बैंक में लोगों की ओर से राम नाम को जमा किया जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि मनुष्य के विषम परिस्थितियों में उनके द्वारा इस बैंक में जमा राम नाम उन्हें विषम परिस्थितियों से उबारता है। दक्षिण भारत से आने वाले भक्त या तो वह स्थान से या तो वह काशी वास के दौरान जितना भी लिख पाये राम नाम लिख इस बैंक में जमा कर पुण्य कमाते हैं।


आंध्रा आश्रम के ट्रस्टी वीवी सुंदर शास्त्री

### पुष्कर कुंभ में आने वाले जमा करेंगे रामनाम

22 अप्रैल से तीन मई तक चलने वाले पुष्कर योग में आंध्र प्रदेश व तेलंगाना से आने वाले भक्त अपने साथ हस्त लिखित रामनाम जरुर लायेंगे, और इस बैंक में जमा करेंगे। इसके पूर्व वर्ष 2011 में गंगा तट पर पुष्कर कुंभ लगने के चलते 12 दिनों तक सात से आठ लाख लोग अपने पूर्वजों के तर्पण के लिए काशी में आये थे जो आंध्रा आश्रम सहित अन्य स्थानों पर रहकर काशी वास करते थे लेकिन अपने साथ लाये राम नाम को इसी बैंक में जमा करते थे। 12 साल बाद एक बार फिर लोगों के आने का क्रम शुरू हो रहा है इस बार करीब दस से 12 लाख लोगों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। इतना ही हस्तलिखित राम नाम जमा करने का अनुमान भी राम तारक आंध्रा आश्रम की ओर से लगाया जा रहा है।

### राम दरबार की रहती है बैंक पर नजर

रामतारक आंध्रा आश्रम के प्रांगण में जिस स्थान पर इस रामनाम बैंक के गुबंद को बनाया गया है उसके ठीक सामने आश्रम का एक भव्य रामदबार का मंदिर है, रामदरबार में स्थापित भगवान राम,जानकी, लक्ष्मण को इस तरह से स्थापित किया है कि उनकी नजर मंदिर के बाहर बने रामनाम बैंक पर हमेशा रहती है। इस बैंक में राम नाम को जमा करने वाले भक्त को भगवान राम के दर्शन व इनकी इजाजत लेनी पड़ती है।

### साठ साल में अभी तक नहीं भरा

भगवान राम के प्रति समर्पित इस रामनाम बैंक में 1959 से राम के नाम को जमा किया जा रहा है। लेकिन आज तक इस बैंक को भरा नहीं जा सका लोगों की मानें तो यह आस्था ही है कि भगवान राम के नाम को कौन भर सकता है। 12 साल पूर्व लगे पुष्कर कुंभ में लाखों लोगों ने इस बैंक में राम नाम को जमा किया था एक बार फिर 12 साल बाद उससे अधिक राम नाम को जमा करने वाले आयेंगे।

### पुष्कर नक्षत्र में राम नाम जमा करने का महत्व

राम तारक आंध्रा आश्रम के ट्रस्टी वीवी सुन्दर शास्त्री बताते हैं कि पुष्कर कुंभ में अपने पितरों के तर्पण व दान पुण्य के लिए आने वाले आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के लोग राम नाम भी अपने साथ ले आयेंगे, उन्हें भी इस बैंक में जमा करेंगे, वीवी सुन्दर शास्त्री बताते हैं कि वैसे तो वर्ष पर्यंत काशी में दक्षिण भारत से श्रद्धालुओं के आने का क्रम रहता है, और वर्ष भर राम नाम को इस बैंक में जमा किया जाता है लेकिन पुष्कर कुंभ के दौरान इस बैंक में राम नाम जमा करने का विशेष फल है।